राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 14 फ़रवरी 2026
वर्ष 07, अंक 134, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के स्टूडेंट चैप्टर का उद्घाटन किया गया...03

भागते चीनी जहाज को जापान ने दबोचा, भारी एक्शन हो गया!....12

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

# मणिपुर हिंसा पीड़ितों को मिलेगा न्याय? सुप्रीम कोर्ट ने दिए सीबीआई को सख्त निर्देश

**● सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा पर सीबीआई से दो सप्ताह में जांच रिपोर्ट मांगी है, साथ ही मुख्य न्यायाधीश को निगरानी का निर्देश दिया है. अदालत ने निर्देश दिया है कि पीड़ितों के परिजनों को आरोप पत्र की प्रतियां दी जाएं।**

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर हिंसा मामले को लेकर सीबीआई से दो सप्ताह से भीतर जांच की स्थिति रिपोर्ट मांगी है. साथ ही साथ सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि मणिपुर के मुख्य न्यायाधीश मामले की निगरानी करेंगे और जरूरत पड़ने पर हम मामले की सुनवाई के लिए मणिपुर हाईकोर्ट में एक विशेष पीठ गठित करने का निर्देश देंगे. सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि हिंसा पीड़ितों के परिजनों को आरोप पत्र की प्रतियां उपलब्ध कराई जाए. वहीं, सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के समक्ष मौजूद कुछ संगठन लोगों को हिंसा जारी रखने के लिए उकसा रहे हैं।

तुषार मेहता ने आगे कहा कि अब स्थिति शांतिपूर्ण है. लोग स्वतंत्र रूप से यात्रा कर रहे हैं. सीमा संबंधी मुद्दे भी हैं. बेहतर होगा कि इस मुद्दे की सुनवाई स्थानीय स्तर पर हो. इसमें संवेदनशीलता का मुद्दा शामिल है।

**अब तक कई रिपोर्ट पेश कर चुकी है समिति**

हिंसा को लेकर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मित्तल, बॉम्बे उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति शालिनी पी. जोशी और दिल्ली उच्च न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आशा मेनन की अदालत द्वारा नियुक्त समिति ने अब तक पीड़ितों के पुनर्वास के उपायों पर कई रिपोर्टें प्रस्तुत की हैं।

मणिपुर में 3 मई, 2023 को जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 200 से अधिक लोग मारे गए थे, सैकड़ों घायल हुए हैं और हजारों विस्थापित हुए हैं. यह हिंसा तब शुरू हुई थी जब पहाड़ी जिलों में बहुसंख्यक मैतेई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी)



का दर्जा देने की मांग के विरोध में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' का आयोजन किया गया था।

**सीबीआई पर जानकारी नहीं देने का आरोप**

शुरुआत में, हाल ही में दिवंगत हुई एक महिला पीड़िता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने कहा कि उनकी जगह उनकी मां को पेश किया जाए और आरोप लगाया कि सीबीआई ने उन्हें यह भी सूचित नहीं किया कि उनके बलात्कार मामले में आरोपपत्र दाखिल किया गया है।

**वकील ने लगाया लापरवाही का आरोप**

ग्रोवर ने कहा कि कुकी महिला की पिछले महीने एक बीमारी से मौत हो गई, जिसका कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार के बाद हुए आघात से संबंध था. उन्होंने आगे कहा कि मैंने निचली अदालत की रिपोर्ट देखी है. उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य आरोपी पेश नहीं हो रहे हैं. सीबीआई भी मौजूद नहीं है, जिस लापरवाही से यह सब हो रहा है वह चौंकाने वाला है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पंचायत चुनाव टलने के आसार, जातिवार आरक्षण के साथ आयोग गठन है वजह




शासन ने हाईकोर्ट में दाखिल हलफनामा में भले ही समय से पंचायत चुनाव कराने का दावा किया है, लेकिन तमाम जटिल प्रक्रियाओं के चलते ऐसा होना संभव होता नहीं दिख रहा है। समय से चुनाव कराने में सबसे अधिक बाधा समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना है। गठन के बाद भी आयोग को सीटों की आरक्षण प्रक्रिया तय करने में एक से डेढ़ महीने तक का समय चाहिए। इसके अलावा कई और भी औपचारिकताएं पूरी करनी बड़ी चुनौती होगी। ऐसे में समय से चुनाव कराने को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति है।

प्रदेश में इसी साल अप्रैल-मई में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराए जाने का समय नियत है। लेकिन अभी तक समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन नहीं हो पाया है। इस वजह से आगे की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। दरअसल समय से पंचायत चुनाव कराने में सबसे बड़ी बाधा जातिवार सीटों का आरक्षण तय करना। जनगणना 2011 के अनुसार, राज्य में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का प्रतिशत क्रमशः 20.6982 और 0.5677 प्रतिशत है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में इन वर्गों के लिए इतनी ही प्रतिशत सीटें आरक्षित करनी होंगी। इसमें ओबीसी जातियों का प्रतिशत जनगणना में शामिल नहीं था। जबकि रैपिड सर्वे 2015 के अनुसार, राज्य की ग्रामीण आबादी में अन्य पिछड़ा वर्ग की हिस्सेदारी 53.33 प्रतिशत थी। 2021 के चुनाव में इसी सर्वे के आधार पर ओबीसी के लिए आरक्षण तय किया गया था। ऐसे में इस बार पंचायत चुनाव में ओबीसी के लिए आरक्षण का प्रतिशत 27 प्रतिशत रखना अनिवार्य है। इसलिए अबकी बार संख्या में हुए बदलाव को ध्यान में रखते हुए आरक्षण तय करने में समय लग सकता है।

## बांग्लादेश में बीएनपी सरकार, तारिक रहमान बनेंगे प्रधानमंत्री, मोदी ने बधाई दी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** बांग्लादेश में 12 फरवरी 2026 को हुए संसदीय चुनावों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने भारी बहुमत हासिल कर लिया है। यह देश के इतिहास में 2024 में छात्र-नेतृत्व वाले आंदोलन से शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद पहला बड़ा चुनाव है। अनौपचारिक नतीजों के अनुसार, बीएनपी और उसके सहयोगी गठबंधन ने 299 में से अधिकांश सीटों पर जीत दर्ज की है। जमात-ए-इस्लामी दूसरे नंबर की पार्टी बन गई है। बांग्लादेश चुनाव आयोग ने अभी आधिकारिक तौर पर नतीजा घोषित नहीं किया है। लेकिन पीएम मोदी ने तारिक रहमान और उनकी पार्टी बीएनपी को मुबारकबाद देने में देर नहीं लगाई।

बीएनपी के अध्यक्ष तारिक रहमान, जो दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के पुत्र हैं, अब देश के अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। तारिक रहमान 17 साल के निर्वासन के बाद हाल ही में बांग्लादेश लौटे थे। उन्होंने बोगुरा-6 और ढाका-17 दोनों सीटों से जीत हासिल की है। पीएम मोदी ने एक्स के जरिए बीएनपी और तारिक रहमान को बधाई दी।



मोदी ने कहा- बांग्लादेश के संसदीय चुनावों में बीएनपी को निर्णायक जीत दिलाने पर मैं तारिक रहमान को हार्दिक बधाई देता हूँ। यह जीत बांग्लादेश की जनता के आपके नेतृत्व पर विश्वास को दर्शाती है। भारत लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के प्रति अपना समर्थन जारी रखेगा। मैं आपके साथ मिलकर हमारे बहुआयामी संबंधों को मजबूत करने और हमारे साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हूँ।

चुनाव नतीजों की घोषणा के साथ ही बीएनपी नेताओं ने इसे 'ऐतिहासिक जीत' करार दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता रुहुल कबीर रिजवी ने 'व्यापक जीत' का दावा किया और समर्थकों से सड़कों पर जश्न मनाने के बजाय शुक्रवार की नमाज के बाद दिवंगत खालिदा जिया के लिए दुआएं मांगने की अपील की। तारिक रहमान ने भी अपनी मां की याद में उत्सव स्थगित करने और प्रार्थना करने का आग्रह किया। यह चुनाव शेख हसीना के युग के अंत का प्रतीक है। हसीना 2024 में छात्र आंदोलन के बाद भारत में रह रही हैं और उन्होंने इस चुनाव को 'फर्जी' करार दिया है। अवामी लीग को इस चुनाव से बाहर रखा गया था, जिससे बीएनपी को मजबूत स्थिति मिली। बीएनपी और उसका गठबंधन अब तक 160 सीटें जीत चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी गठबंधन को करीब 43 सीटें मिली हैं, जबकि अन्य स्वतंत्र और छोटे दलों को बाकी सीटें प्राप्त हुई।

## कार्यालय नगर पंचायत तरकुलवा, देवरिया

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर नगरवासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं एवं नगर पंचायत तरकुलवा अपने नगरवासियों को निम्नलिखित सदेंश देती है।

"न रहे गंदगी, न खुले में शौच, स्वच्छ होगा भारत, स्वस्थ होंगें सब लोग"

संचारी रोगो एवं डेंगू जल जनित एवं मच्छर जनित रोगो से बचाव हेतु नगर पंचायत तरकुलवा देवरिया के नागरिकों से अपील

**कार्य करे**

1- मच्छरो आदि से बचाय हेतु मच्छरदानी का प्रयोग करें।
2- पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े का प्रयोग करें।
3-कूड़ा करकट नियत स्थान पर रखे या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डालें।
4- ढके हुए / ताजे पानी का प्रयोग करें।
5- बुखार होने पर तत्काल डाक्टर से सम्पर्क करें जांच करायें।

**क्या न करें**

1- अपने घरों के अगल-बगल कूड़ा आदि न जमा होने दे।
2- नंगे शरीर न रहे न ही सोयें।
3- कूड़ा करकट इधर उधर न फेंके।
4- खुले बर्तन में रखे पानी का प्रयोग न करें।
5- बुखार को सामान्य न समझो मेडिकल स्टोर से लक्षण बताकर दवा न लें।

मेरा तरकुलवा

' मेरा नगर साफ हो, इसमें हम सबका हाथ हो' मिलकर स्वच्छ नगर स्वच्छ भारत बनाने में सयोग करें।

मेरी पहचान




1-नगर के समस्त दुकानदार भाईयों, ठेला फेरी विकता एवं सभी नगर पंचायत तरकुलवा में निवास कर रहे सम्मानित जनता से अनुरोध है कि नगर को स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत नगर कूड़े हेतु कूड़ादान एवं नगर पंचायत के कूड़ा गाड़ी का प्रयोग करें।
2- सभी प्रकार के प्लास्टिक, थर्माकोल के बैग, गिलास, प्लेट, थाली आदि प्रतिबन्धित कर दिये गये है इसका विकय व उपयोग वर्जित है।
3-में किसी भी दशा सड़क की पटरियों, नाला/नालियों तथा सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करें यह संज्ञेय अपराध है।
4- नगर पंचायत के डोर टू डोर कूड़ा संग्रह कार्यकम में पूरा सहयोग करें।
5- भारत सरकार के स्वच्छता अभियान अन्तर्गत स्वच्छ तरकुलवा, सुन्दर तरकुलवा बनाने में आप सभी का सहयोग प्राथनीय है।
6- जन्म मृत्यु पंजीयन नगर पंचायत से घटीत होने के 21 दिन के अन्दर दर्ज करायें।







श्री सूर्य प्रताप शाही
मा0 कृषि मंत्री जी
उत्तर प्रदेश सरकार

श्री शंशाक मणि त्रिपाठी
मा0सांसद देवरिया।

श्रीमती दिव्या मित्तल
जिलाधिकारी देवरिया

प्रेम नरायन सिंह
अपर जिलाधिकारीग (प्र0) देवरिया।

हिमांशु प्रताप सिंह
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत तरकुलवा

जनार्दन कुशवाहा
अध्यक्ष
नगर पंचायत तरकुलवा

**सम्मानित सदस्यगण**

चनवा देवी, वार्ड नं0-1; विजय बहादुर, वार्ड नं0-02; लीलावती देवी, वार्ड नं0-03; प्रदीप सिंह, वार्ड नं0-04; विनोद गुप्ता, वार्ड नं0-05; रफीक अंसारी, वार्ड नं0-06; गायत्री देवी, वार्ड नं0-07; वशिष्ठ दूवें वार्ड नं0-08; इबरार अहमद, वार्ड नं0-9; राधेश्याम तिवारी, वार्ड नं0-10; मनीषा देवी, वार्ड नं0-11; शाहजहा खातून, वार्ड नं0-12; सूरज कुमार गुप्ता, वार्ड नं0-13; महेन्द्र यादव, वार्ड नं0-14; विवेक कुशवाहा वार्ड नं0-15

## 'मोदी-पुरी शर्म करो...' संसद में विपक्षी सांसदों का प्रदर्शन, हरदीप पुरी के इस्तीफे की मांग, लोकसभा 9 मार्च तक स्थगित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ब्यूरो प्रयागराज।** संसद के बजट संत्र के पहले भाग में सदन में भारी हंगामा देखने को मिला। आज भी संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्षी सांसदों ने जमकर प्रदर्शन किया। लोकसभा में आज केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के इस्तीफे की मांग उठी।विपक्षी सांसदों ने एप्सटीन फाइल से जुड़े मामले में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने संसद भवन के मकर द्वार के निकट एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' के नारे लगाए। उन्होंने एक बड़ा बैनर भी ले रखा था जिस पर जेफ्री एप्सटीन और पुरी की तस्वीर थी। विपक्षी सांसदों के हंगामे के चलते पहले तो 12 बजे बजे और फिर लोकसभा की कार्यवाही 9 मार्च तक यानी संसद के बजट सेशन के दूसरे हिस्से के लिए स्थगित कर दी गई।

कांग्रेस ने प्रदर्शन का वीडियो शेयर कर लिखा- मोदी सरकार के मंत्री हरदीप पुरी का नाम Jeffrey Epstein से जुड़ा पाया गया है। मंत्री पुरी ने अमेरिका के बाल यौन अपराधी, मानव तस्कर Epstein से कई बार मुलाकात की, जो कि देश को शर्मसार करने वाली बात है। इसी मुद्दे पर आज विपक्षी सांसदों ने हरदीप पुरी के इस्तीफे की मांग उठाते हुए संसद भवन परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। इस शर्मनाक कृत्य के लिए हरदीप पुरी तत्काल इस्तीफा दें और नरेंद्र मोदी पूरे देश से माफी मांगें।

## सीजेआई ऑफिस को पिछले 10 सालों में मौजूदा जजों के खिलाफ 8,630 शिकायतें मिलीं: कानून मंत्रालय ने लोकसभा में बताया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** केंद्रीय कानून मंत्रालय ने शुक्रवार को संसद में बताया कि पिछले दस सालों में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) के ऑफिस को मौजूदा जजों के खिलाफ 8,360 शिकायतें मिली हैं।यह जानकारी द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) के सांसद (MP) मथेश्वरन वी.एस. के शुक्रवार को लोकसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में दी गई।

MP ने हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के जजों के खिलाफ मिली भ्रष्टाचार, यौन दुर्व्यवहार या दूसरी गंभीर गड़बड़ियों से जुड़ी शिकायतों की लिस्ट मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट से मिले डेटा के आधार पर, कानून और न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक लिखित जवाब दिया जिसमें कहा गया कि 2016-2025 के बीच 8,360 शिकायतें मिलीं।

मथेश्वरन ने यह भी पूछा कि क्या इन शिकायतों पर कोई कार्रवाई की गई। हालांकि, कानून मंत्रालय के जवाब में उस



पहलू पर ध्यान नहीं दिया गया। यह भी नहीं बताया गया कि शिकायतों पर की गई कार्रवाई का कोई रिकॉर्ड क्यों नहीं था।

एक और सवाल उठाया गया कि क्या केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के जजों के खिलाफ मिली भ्रष्टाचार, यौन दुर्व्यवहार या अन्य गंभीर अनियमितताओं से संबंधित शिकायतों का रिकॉर्ड या डेटाबेस बनाए रखने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले किसी सिस्टम के बारे में पता है।

जवाब में सिर्फ इतना कहा गया कि भारत के चीफ जस्टिस और हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस 'इन-हाउस प्रोसीजर' के अनुसार जजों के खिलाफ शिकायतें लेने के लिए सक्षम हैं। जवाब में कहा गया कि हायर ज्यूडिशियरी के सदस्यों के खिलाफ सेंट्रलाइज्ड पब्लिक ग्रीवांस रिड्रेस एंड मॉनिटरिंग सिस्टम (CPGRAMS) या किसी और तरीके से मिली शिकायतें CJI या संबंधित हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को भेजी जाती हैं। मंत्री ने मथेश्वरन के इस सवाल का भी जवाब नहीं दिया कि क्या सरकार हायर ज्यूडिशियरी के सदस्यों के खिलाफ शिकायतों की सिस्टमैटिक रिकॉर्डिंग, मॉनिटरिंग और अकाउंटेबिलिटी पक्का करने के लिए गाइडलाइन जारी करने या कदम उठाने का विचार कर रही है।

## नोएडा में अतिक्रमण पर गरजा प्रशासन का बुलडोजर, 18 सेक्टरों-प्रमुख मार्गों से हटे अवैध कब्जे

**नोएडा।** शहर को जाममुक्त और सार्वजनिक स्थलों को सुगम बनाने के उद्देश्य से नोएडा प्राधिकरण ने गुरुवार को व्यापक अतिक्रमण-उन्मूलन अभियान चलाया। 12 फरवरी 2026 को वर्क सर्किल-1 से 10 के अंतर्गत विभिन्न सेक्टरों और प्रमुख मार्गों पर कार्रवाई करते हुए अवैध वेंडर्स, ठेली-पटरी और अस्थायी कब्जों को हटाया गया। प्राधिकरण की टीम ने सेक्टर-44, 45, 62, 66, 67, 68, 70, 80, 81, 121, 135 और 150 समेत एमपी-3 मार्ग, एफएनजी मार्ग, फेस-2, नगला चरणदास टी-प्वाइंट, सेक्टर-87 स्थित कैंट रोड तथा सेक्टर-108 के वाणिज्यिक भूखंड क्षेत्र में अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान सड़कों के किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से लगाए गए वेंडर्स को हटाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके। अधिकारियों के अनुसार, विभिन्न स्रोतों, जनमानस, आरडब्ल्यूए, फोनर्वा और औद्योगिक संगठनों से लगातार अनधिकृत वेंडर्स और अतिक्रमण की शिकायतें मिल रही थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### रामपुर में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या का मामला



**अल्पसंख्यक अधिवक्ता कल्याण ट्रस्ट ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, उठाई कई मांग**

**सुल्तानपुर** - अल्पसंख्यक अधिवक्ता कल्याण ट्रस्ट ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन रामपुर में अधिवक्ता फारूक अहमद खान की गोली मारकर हत्या किए जाने के विरोध में था। ट्रस्ट ने हत्यारोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग की। रामपुर बार एसोसिएशन के सदस्य अधिवक्ता फारूक अहमद खान की हत्या 11 फरवरी 2026 को दोपहर लगभग 1 बजे जिला परिषद कार्यालय में गोली मारकर कर दी गई थी। इस घटना के बाद अधिवक्ता समाज में रोष व्याप्त है। अल्पसंख्यक अधिवक्ता कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक एम.एच. खान के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। ज्ञापन में दोषियों के खिलाफ तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई। ट्रस्ट की प्रमुख मांगों में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट (अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम) को तत्काल लागू करना, मृतक के परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करना, हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई करना और मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाना शामिल है। इसके अतिरिक्त, ट्रस्ट ने मृतक अधिवक्ता के परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने और परिवार को शस्त्र लाइसेंस जारी करने की भी मांग की। ट्रस्ट ने अधिवक्ताओं के खिलाफ हो रहे उत्पीड़न को रोकने का भी आग्रह किया।

### गैंसड़ी में विशेष टीकाकरण सत्रों का सीएमओ ने किया निरीक्षण



**बलरामपुर।** जनपद में संचालित विशेष टीकाकरण अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने सोमवार को विकास खंड गैंसड़ी में आयोजित टीकाकरण सत्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, टीकाकरण व्यवस्था तथा लाभार्थियों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। सीएमओ ने सर्वप्रथम पिपरा दुर्गानगर में अपराह्न 3:20 बजे आयोजित सत्र का निरीक्षण किया। यहां एएनएम रेखा गौतम, सीएचओ शिवानी सिंह एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हरजीत कौर की उपस्थिति में 05 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 01 गर्भवती माता की प्रसव पूर्व जांच तथा 02 किशोर-किशोरियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके पश्चात उन्होंने जीतपुर उपकेंद्र का निरीक्षण किया। यहां एएनएम अर्चना, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीलम एवं आशा किस्मता देवी द्वारा 03 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 02 गर्भवती माताओं की जांच तथा 02 किशोरियों की स्वास्थ्य जांच किया गया था। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने निर्देश दिया कि टीकाकरण से कोई भी पात्र बच्चा या गर्भवती महिला वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने का प्रभावी माध्यम है तथा गर्भवती महिलाओं की समय-समय पर जांच सुरक्षित मातृत्व के लिए आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को माइक्रोप्लान के अनुसार शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने और समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय स्वास्थ्य कर्मी एवं आंगनवाड़ी स्टाफ उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय महिला आयोग के आदेश के बावजूद थाना प्रभारी निरीक्षक घाटमपुर रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रहे

**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना घाटमपुर में राष्ट्रीय महिला आयोग के आदेश 11/08/2025 को आदेश जारी किया,तब से प्रार्थी रवि कुमार तिवारी निवासी इर्टरा थाना घाटमपुर कमिश्नरेट कानपुर के द्वारा रिपोर्ट दर्ज करने की कार्रवाई करने से इंकार कर रहे हैं,रवि तिवारी ने बताया कि मेरी पुत्री चित्रा उप नाम अन्जना के साथ साइबर माध्यम एवं सार्वजनिक रूप से अश्लील अभद्र एवं चरित्र हनन करने जैसी टिप्पणी की गई, जिससे उसे गंभीर मानसिक उत्पीड़न सहना पड़ रहा है,रवि कुमार तिवारी के पुत्र शशांक तिवारी के द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली में शिकायत दर्ज कराई गई थी, राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा संज्ञान लेते हुए संबंधित पुलिस प्रशासन को विधिक कार्रवाई कर प्राथमिकी दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया है,, अत्यंत दुख की बात है कि थाना स्तर पर हल्का इंचार्ज रामशिरोमणि यादव द्वारा अब-तक प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई जा रही है,,प्रार्थी जब थाने एफआईआर दर्ज करने के लिए जाते हैं, तों बदले में गाली गलौज एवं अभद्र व्यवहार किया जाता है और प्रमाण मांग कर भगा दिया जाता है, जबकि आवश्यक साक्ष्य पूर्व में प्रस्तुत किए जा चुके हैं,,इस प्रकार राष्ट्रीय महिला आयोग के आदेशों की घाटमपुर थाने में अवहेलना की जा रही है, जिससे प्रार्थी के परिवार को असुरक्षा एवं मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ रहा है।

## सरकारी जमीन पर दबंगों का कब्जा खलिहान और गड्ढे की जमीनपर भू माफियाका कब्जा तहसील प्रशासन कार्रवाई करने में नाकाम

**● खलिहान कीभूमि पर पूर्व लेखपाल तहसील प्रशासन के सहपर दबंग भू माफिया का अवैध निर्माण मकान तहसील प्रशासन खाली करने में नाकाम हैभू माफिय कार्रवाई ऊपर कार्रवाई ग्रामीणों की मांग**

**लेखपाल तहसील प्रशासन के सहपर दबंग भू माफिया का अवैध निर्माण कराया मकान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जिले केबैरहना राजस्व ग्राम में खलिहान की जमीन पर दबंगों का कब्जा कई बार शिकायत देने के बावजूद भी राजस्व निरीक्षक लेखपाल तथा तहसीलदार द्वारा कार्रवाई न करके भू माफिया कब्जेदार से मोटी रकम लेकर के कल्याण की भूमि पर मकान का निर्माण करवा दिया जो राजस्व अभिलेख मेंगाटा संख्या 43 गड्ढे के नाम से दर्ज है तथा आरजी गाटा संख्या 42 जो राजस्व अभिलेख में खलिहान के रूप में दर्ज है दबंग भू माफिया द्वारा गाटा संख्या 42 पर जबरदस्ती मकान निर्माण कर लिए जिसकी शिकायत गांव के ही दर्जनों लोग यूपी जिला अधिकारी कार्यालय तथा मुख्यमंत्री पोर्टल और डीएम कार्यालय पर कई बार शिकायती पत्र दिया लेकिन मामले को लेखपाल और राजस्व निरीक्षक तहसीलदार की मिली भगत से कोई ठोस कार्रवाई न होने से भू माफिया हरिश्चंद्र पांडे राज नारायण पांडेसर्कस किस्म के है हरिश्चंद्र पांडे पुत्र राम मनोरथ व राजनारायण पांडे पुत्र त्रिलोकी द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है अवैध कब्जा हटाने में तहसील प्रशासन रुचि नहीं ले रहा है जबकि ग्रामीणों द्वारा दर्जनोंप्रार्थना पत्र देने के बाद कोई ठोस कार्रवाई तहसील प्रशासन नहीं कर रहा है शिकायत को कूड़ेदान में डाल दिया जा रहा है या फिर कहीं ना कहीं सभा लिया निशान खड़ा होता है कि लेखपाल और तहसीलदार मिली भगत से मोटी रकम लेकर के दबंग भू माफिया हरिश्चंद्र को बचाना चाह रहे हैं तहसील प्रशासन करने के बदले में मोटी रकम लेकर के मामले को शांत कर दिया जाता है तहसीलदार के बीच भ्रष्टाचार से ग्रामीणों में काफी रोस है बुद्धि सागर पांडे पुत्र राम गणेश पांडे निवासी ग्राम बैरहना तहसील हरैया जिला बस्ती का निवासी है तथा शांति प्रिय कानूनी व्यवस्था को मानने वाला व्यक्ति है। आरजी घाटा संख्या 42 जो राजस्व कागजात में खलिहान के रूप में दर्ज है जिसे ग्राम निवासी हरिश्चंद्र पांडे पुत्र राम मनोरथ व राज नारायण पांडे पुत्र त्रिलोकी द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है जो खाली कराए जाने के संबंध में प्रार्थी द्वारा दिनांक 87 2020 को प्रार्थना पत्र दिया गया था जिसका शिकायत संख्या 400 185200 12628 है परंतु आज तक उपरोक्त गाटा संख्या 43 जो गड्ढा के रूप में दर्ज है तथा आरजी घाटा संख्या 42 जो खलिहान के रूप में दर्ज है तथा सार्वजनिक प्रयोजन की जमीन है जिस पर गांव के हरिश्चंद्र पांडे पुत्र राम मनोरथ व राज नारायणपांडे पुत्र त्रिलोकी द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है को खाली करवा कर पूर्व स्थिति में लाने का आदेश जिला अधिकारी बस्ती को दिया जाना आवश्यक एवं न्याय संगत है गाटा संख्या 43 जो राजस्व कागजात में गड्ढा के रूप में दर्ज है तथा आराजी गाटा संख्या 42 जो राजस्व कागजात में खलिहान के रूप में दर्ज है जिसे ग्राम निवासी हरिश्चंद्र पांडे पुत्र राम मनोरथ व राज नारायण पांडे पुत्र त्रिलोकी नाथ अवैध कब्जा कर लिया गया है जो खाली करवाने का आदेश जिला अधिकारी बस्ती को देने की कृपा करें जिससे प्रार्थी के साथ न्याय हो सके ग्रामीणों का कहना है अगर एक सप्ताह बाद बाद कल्याण के भूमि को खाली नहीं कराया गया तो विपक्षी प्रार्थी गण जिला अधिकारी महोदय को पत्र देकर के कार्रवाई की मांग की जाएगी

## पॉक्सो एक्ट दोषी को 10 साल कठोर कारावास

**सुल्तानपुर में अरुण निषाद को 10 हजार रुपये अर्थदंड भी**

**सुल्तानपुर**- पुलिस की प्रभावी पैरवी के बाद पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी को 10 साल के कठोर कारावास और 10,000 रुपये के अर्थदंड की सजा शुक्रवार को सुनाई गई है। यह फैसला 'ऑपरेशन कनविक्शन' अभियान के तहत आया है, जिसे पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाया जा रहा है। अपर सत्र न्यायाधीश-12, सुल्तानपुर ने अरुण निषाद पुत्र बनवारी निषाद, निवासी ग्राम गोरई, थाना दोस्तपुर, जनपद सुल्तानपुर को दोषी ठहराया। उसे पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत यह सजा सुनाई गई। पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर के कुशल निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में मॉनिटरिंग सेल ने इस मामले में प्रभावी पैरवी की। यह मामला 2 अक्टूबर 2017 को दोपहर 12:25 बजे दोस्तपुर थाने में दर्ज किया गया था। वादी मुकदमा की लिखित शिकायत के आधार पर रेप व 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायत में आरोपी अरुण निषाद पर वादिनी की नाबालिग बेटी के साथ बलात्कार का आरोप था। विवेचक उपनिरीक्षक अनिल कुमार सोनकर ने मामले की जांच की। जांच के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ आरोप पत्र संख्या ए-01 24 जनवरी 2018 को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था।

## पोखरे का सुन्दरीकरण कराने का भुगतान नही मिला, परिवार पर आर्थिक संकट, धरना देने पहुंचा पीड़ित

**●रूधौली के चेयरमैन धीरसेन निषाद पर गंभीर आरोप इनके ऊपर पहले भी आरोप लगा चुके हैं यह भ्रष्टाचार में डूबी है नगर पंचायत रुदली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर पंचायत रूधौली में पोखरे का सुन्दरीकरण कार्य कराने के मामले मे भुगतान न होने से नाराज नंदलाल वर्मा ने अपने दो बच्चों को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना दिया। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के ब्योतहरा गांव निवासी नंनदलाल ने जिलाधिकारी को दिये शिकायती पत्र मे कहा है कि गोनिल कंस्ट्रक्शन के प्रोपराइटर नीलम देवी के मौखिक आश्वासन पर उन्होने रू0 29.80 लाख लागत के पोखरे के सुन्दरीकरण का कार्य कराया। इसमें लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, किन्तु मात्र रू0 2 लाख का ही पेमेन्ट मिला। उसे भी बाबू व चेयरमैन ने ट्रेजरी में जमा करने के नाम पर वापस ले लिया जिसका साक्ष्य उपलब्ध है। बाकी पैसा गोनिल कंस्ट्रक्शन से मांगने पर तरह-तरह से मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। काफी दौड़धूप करने व अधिकारियों से शिकायत करने पर



विपक्षी (राकेश चौधरी, अजीत, धीरसेन, चेयरमैन, प्रेमप्रकाश पटेल द्वारा प्रार्थी को जान-माल की धमकी दी जा रही है जिसके साक्ष्य उपलब्ध हैं। नंदलाल का कहना है कि विपक्षी दबंग लोग हैं उनका परिवार हमेशा किसी अनिष्ट की आशंका से भयभीत है और बकाया पैसा न मिलने से भुखमरी की कगार पर आ गया है। नंदलाल ने कहा इससे पहले 20 अगस्त 2025 को जिला मुख्यालय पर अपने परिवार के साथ धरना दिया था जिस पर जिलाधिकारी ने समस्या के समाधान का आश्वासन देते हुए धरना खत्म कराया था। लेकिन 48 घंटे में ही विपक्षी को क्लीनचिट दे दिया गया। उन्होने डीएम को दिये पत्र में मांग किया है कि मामले का संज्ञान लेते हुए जांच करा कर 21 लाख का पेमेन्ट विपक्षी से कराया जाये। इसके साथ ही उसकी जान-माल की सुरक्षा हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने किया जाये। आरोपों के संदर्भ में चेयरमैन से बात करने की कोशिश नाकाम रही, उन्होने फोन नही उठाया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने मंडलायुक्त को सौंपा पत्र, जनहित में त्वरित कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में भाजपा बस्ती जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने बस्ती विकास प्राधिकरण द्वारा लगाए जा रहे अत्यधिक विकास शुल्क, प्राधिकरण में व्याप्त अनियमितताओं तथा बिजली विभाग और विजिलेंस विभाग की कार्यप्रणाली में सामने आ रही समस्याओं को लेकर मंडलायुक्त अखिलेश सिंह को पत्र सौंपकर ठोस एवं त्वरित कार्रवाई की मांग की। पत्र में जिलाध्यक्ष ने कहा कि विनियमित क्षेत्र बस्ती के विघटन के पश्चात गठित बस्ती विकास प्राधिकरण में नगर पालिका क्षेत्र सहित 217 ग्रामों को शामिल किया गया है, जहाँ अधिकांश आबादी गरीब, मध्यमवर्गीय एवं कृषक परिवारों की है। प्राधिकरण में शामिल होने के बाद भवन निर्माण, मरम्मत तथा जर्जर भवनों के पुनर्निर्माण जैसे आवश्यक कार्यों पर भी विकास शुल्क



लगाया जा रहा है, जिससे आमजन पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास के नाम पर जनता पर आर्थिक दबाव बनाना न्यायसंगत नहीं है। जनहित को सर्वोपरि रखते हुए विकास शुल्क की व्यापक समीक्षा कर इसे यथासंभव न्यूनतम किया जाए तथा गरीब एवं कृषक परिवारों को विशेष राहत प्रदान की जाए।

इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने बिजली विभाग की अनियमित आपूर्ति, जर्जर विद्युत लाइनों एवं विजिलेंस विभाग की कार्यप्रणाली में कथित अनियमितताओं से उत्पन्न हो रही जनसमस्याओं को भी गंभीरता से उठाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आम नागरिकों को अनावश्यक उत्पीड़न से बचाने और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु उच्चस्तरीय जांच एवं प्रभावी सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।मंडलायुक्त अखिलेश सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जनहित से जुड़े इन मुद्दों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे जिलाध्यक्ष के समर्थन में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नेहा वर्मा, ब्लॉक प्रमुख बस्ती सदर श्री राकेश श्रीवास्तव एवं ब्लॉक प्रमुख श्री अभिषेक कुमार ने भी पत्र देकर अपनी सहमति दर्ज कराई। पत्र सौंपते समय बलराम सिंह, अंकुर वर्मा, अमृत कुमार वर्मा एवं गौरव अग्रवाल उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने विश्वास जताया कि प्रशासन शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय लेकर क्षेत्र की जनता को राहत प्रदान करेगा।

## स्कूल की बाउंड्री वॉल गिरी, मजदूर घायल



**सुल्तानपुर में हादसा, गंभीर हालत में लखनऊ रेफर**

**सुल्तानपुर** - शुक्रवार को एक स्कूल की बाउंड्री वॉल गिरने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। यह घटना नगर के सिरवारा रोड पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज में हुई। कॉलेज की नाले से सटी बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य के दौरान यह हादसा हुआ। घायल मजदूर की पहचान धम्मौर थाना क्षेत्र के धम्मौर गांव निवासी हरिलाल पुत्र झुरहु के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया था। हादसे के बाद मौके पर काम रोक दिया गया। फिलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

## डीएम व एसपी ने प्रमुख शिवालयों का किया निरीक्षण

**●महाशिवरात्रि को लेकर प्रशासन सतर्क**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने संयुक्त रूप से तहसील तिलोई अंतर्गत तपेश्वर नाथ धाम तथा तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत श्री दण्डेश्वर नाथ धाम का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया तथा जनपदवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, आवागमन, पार्किंग तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहनता से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि पर संभावित भीड़ को देखते हुए पर्याप्त बैरिकेडिंग, साफ-



सफाई, पेयजल व्यवस्था, अस्थायी शौचालय एवं चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। पुलिस अधीक्षक ने मेला क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी, सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कन्नौजिया, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हरैया तहसील बना भ्रष्टाचार का गढ़, बिना बखरा कोई फाइल नहीं सरकती नहीं मिल पा रहा जनता को न्याय

**●तहसीलदार कक्ष में अधिवक्ताओं का धावा, जमकर हंगामे से दफ्तर थर्राया महीनों से कोर्ट न लगने पर भड़का गुस्सा, न्याय व्यवस्था पर उठे सवाल नहीं मिल पा रहा जनता को न्याय**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** योगीराज में बस्ती जिले के सबसे बड़ी तहसील हरैया के अधिकारियों की मनमर्जी, आने-जाने का नहीं तय समय, जिससे जनता बेहाल अधिवक्ता एवं जनता का सब्र जवाब दे गया बार अध्यक्ष उमाकांत तिवारी ने खोला मोर्चा, सीधे कक्ष में पहुंचकर किया सामना।तहसीलदार अभय राज से तीखी बहस, नोकझोंक में गरमाया पूरा माहौल अधिवक्ता एकता जिंदाबाद 'तहसीलदार मुर्दाबाद' के नारे से गूंजा परिसर मे माहौल से अफ् रा तफरी मच गई तहसील में अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा सरकारी जमीनों कौड़ियों के भाव में बेच रहे हैं शिकायत करने के बावजूद भी कोई कार्रवाई न होती देख जनता आज आ गई है इन अधिकारियों से यहां तक अधिकताओं का सब्र का बांध टूट चुका है कभी भी



अनहोनी की घटना घट सकती है बस्ती जिले की सबसे बड़ी तहसील हरैयामनमानी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप, अधिवक्ताओं ने खोली पोल।

न्यायालय की फाइलों में खेल, कोर्ट में देरी, व्यवस्था पर लगा बड़ा दाग। लेकिन तहसील द्वारा लेखपालों का मनोबल बढ़ाया जा रहा है लेखपाल जनता के से मोटी रकम सुनने का प्रयास कर रहे हैं अगर रकम देने में कोई हिलावली करता है तो उसके कार्य को अपात्र कर दिया जाता है तहसील की सरकारी भूमि को लेखपाल कानून को और नायब तहसीलदार तहसीलदार मिलकर कौड़ियों के भाव में बेच रहे हैं यहां तक खलिहान खाद गड्ढा और देवस्थान की जमीनों को लेखपाल द्वारा कौड़ियों के भाव में बेचा जा रहा है अधिवक्ता एवंजनता तहसीलदार के अड़ियल रवैया के कारण गुस्से में है कभी भी कोई आर पार की लड़ाई हो सकती है जनता दर्शन में बैठने की फुर्सत नहीं यह अधिकारियों जनता की सुनवाई कैसे होगी तहसील में जनता की सुनवाई ठप, अफसरशाही पर सवालों की बौछार। लंबे समय से शिकायत हो रही लेकिन सरकारी भूमि खाली करने में तहसीलदार अक्षम साबित हो रहे हैं इससे साफ प्रतीत होता है तहसीलदार मामले को स्वयं लंबित रखना चाहते हैं जबकि उनके यहां बाद चल रहा है

तीखी बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, प्रशासन में मची हलचल। तहसील में लेखपाल और कानून को और तहसीलदार नायब तहसीलदार लूट का अड्डा बन चुके हैं तहसील में बिना रुपया दिए कोई कार्य नहीं कर रहे हैं अधिकारी एवं कर्मचारी और जिले के सांसद विधायक प्रतिनिधि इस मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं कर रहे हैं और जनता के दिए हुए वोटो से विधायक सांसद बनते हैं आज जनता की सुनवाई न होने से निराश होकर तहसील से लौटना पड़ रहा है एस आईआर का बहाना अधिकारी और कर्मचारी लूट रहे हैं खजाना यह कहावत सिद्ध हो रही है सबसे बड़ी तहसील हरैया ऊपजिला अधिकारी जनता दर्शन में नहीं बैठ रहे हैं यही हाल तहसीलदार अभयराज का हैकोई अधिकारी बैठने को राजी नहीं है जनता अपनी समस्या को लेकर सुबह से 10:00 बजे से 1:00 बजे तक तहसील फरिसर में बैठी रहती है लेकिन कोई कर्मचारी मौके पर नहीं रहता है जिससे उनकी शिकायत दे सके और पूर्व में दी गई शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पा रही है।

## सड़क हादसे में माँ बेटे की मौत, दो अन्य घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर** - शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे हुए सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य लोग घायल हो गए। यह सड़क हादसा लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र में मदनपुर पनियार शुक्ला पेट्रोल पंप के पास हुआ। मृतक कार में सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक ट्रक आगे चल रहा था तभी पीछे से आ रही कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। फिलहाल, घायलों का इलाज जारी है। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में चालक समेत 4 लोग सवार थे। कार में सवार 3 लोग अपने ननिहाल बलिया जा रहे थे। वहीं, कार में सवार घायल महिला अमृता शाहजहांपुर से वाराणसी लौट रही थीं।



सुलतानपुर के लम्भुआ में चालक को झपकी आ गई। इस वजह से कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। साथ ही, घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लम्भुआ पहुंचाया।

प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल बेबी मसीह (45) पत्नी स्वर्गीय जगदीश मसीह और उनके पुत्र अर्पित कुमार (20) को जिला अस्पताल सुलतानपुर रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान दोनों ने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचकर परिजनों ने मृतकों की शिनाख्त की पुष्टि की। हादसे में संजू (27) पुत्री स्वर्गीय जगदीश मसीह को सामान्य चोटें आई हैं। मृतक बेबी मसीह, अर्पित कुमार और घायल संजू मूल रूप से अमहर दक्षिण पट्टी माधवपुर, थाना रसड़ा, जनपद बलिया के निवासी बताए गए हैं। कार में सवार एक अन्य घायल अमृता (40) पत्नी निर्मल जैनब जैनिया वाराणसी से ताल्लुक रखती हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात ट्रक की तलाश शुरू कर दी है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। लम्भुआ के उप निरीक्षक जय शंकर यादव ने बताया कि दुर्घटना में दो लोगों की मृत्यु हुई है और अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। भोर में चालक को झपकी आने से हादसा होना प्रतीत हो रहा है। पुलिस आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

## चोरी के बड़े गिरोह का पर्दाफाश, 6 गिरफ्तार

**●स्कूल-पंचायत भवनों से चुराया गया लाखों का सामान बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** कोतवाली देहात पुलिस ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, सोलर सिस्टम, कंप्यूटर सामग्री तथा वाहन बरामद किए हैं। गिरोह सरकारी विद्यालयों, पंचायत भवनों और निर्माणाधीन मकानों को निशाना बनाता था। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी नगर ज्योति श्री के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश तिवारी के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की।

**रात्रि गश्त के दौरान पकड़े गए आरोपी**

12 फरवरी की रात चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध क्विड कार (क्र0ष्ठ4576) को रोका। तलाशी में वाहन से एलसीडी व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान मिला। कार में सवार श्रवण



उर्फ कृष्ण मोहन पाण्डेय और नीरज शुक्ला को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कई चोरी की घटनाओं को अंजाम देना कबूल किया। उनकी निशानदेही पर गंगापुर बांकी के बाहर स्थित एक खंडहर मकान में दबिश देकर शेष चार अभियुक्त—सचिन पाण्डेय, बब्लू पाण्डेय, विवेक कुमार तिवारी और वीरू उर्फ दीप नारायण पाण्डेय—को गिरफ्तार किया गया।

**इन घटनाओं का हुआ खुलासा**

गिरोह ने बीते महीनों में, प्राथमिक विद्यालय अडार पाकड़, पंचायत भवन गंगापुर, प्राथमिक विद्यालय कलन्दरपुर, प्राथमिक विद्यालय वहदुरापुर, एक निर्माणाधीन मकान से एलसीडी, कंप्यूटर, यूपीएस, मोटर, सोलर पैनल, बैट्री, प्रिंटर, वाई-फाई उपकरण सहित अन्य सामग्री चोरी की थी। इन मामलों में अलग-अलग मुकदमे पहले से दर्ज थे।

**बरामद सामान**

पुलिस ने आरोपियों के पास से— 1 कार व 1 बिना नंबर की मोटरसाइकिल, 13 एलईडी/एलसीडी/मॉनिटर, 5 सीपीयू, कीबोर्ड-माउस सहित कंप्यूटर सेट, 2 प्रिंटर व अन्य एक्सेसरी, यूपीएस, इन्वर्टर, 6 बैटरियां, 5 सोलर पैनल, सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर, नेटवर्किंग उपकरण, मोटर पम्प, गैस सिलेंडर, स्पीकर आदि बरामद किए हैं।

**चोरी का तरीका भी था सुनियोजित**

पूछताछ में सामने आया कि गिरोह पहले सरकारी भवनों की रेकी करता था, जहां रात में कोई मौजूद नहीं रहता था। चोरी से पहले सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए जाते थे, डीवीआर निकालकर उसकी हार्ड डिस्क नष्ट कर दी जाती थी ताकि कोई साक्ष्य न बचे। चोरी का सामान सुनसान खंडहर में छिपाकर रखा जाता था और बाद में बेचने की योजना बनाई जाती थी।

**एक आरोपी का आपराधिक इतिहास भी मिला**

मुख्य आरोपी श्रवण उर्फ कृष्ण मोहन पाण्डेय पर पूर्व में चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट सहित कई मुकदमे दर्ज होने की जानकारी पुलिस को मिली है।

**पुलिस टीम को मिली सफलता**

कार्रवाई में कोतवाली देहात की संयुक्त टीम के कई उपनिरीक्षक, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि गिरोह से पूछताछ के आधार पर अन्य घटनाओं की भी जांच की जा रही है।

## गरीब व प्रतिभावान छात्रों के लिए सुनहरा मौका

**●आश्रम पद्धति विद्यालयों में प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 20 फरवरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जनपद के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 की रिक्तियों को भरने के लिए अभ्यर्थी 20 फरवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। जनपद के राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय, सेखुईकला, राजकीय आश्रम पद्धति




बालिका इंटर कॉलेज, विशुनपुर विश्राम तथा राजकीय आश्रम पद्धति बालक विद्यालय, बालापुर में विभिन्न कक्षाओं में सीटें रिक्त हैं। इन सीटों पर चयन के लिए 15 मार्च 2026 को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। समाज कल्याण विभाग का उद्देश्य ग्रामीण एवं वंचित वर्ग के निर्धन लेकिन मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराना है। प्रवेश प्रक्रिया में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के पात्र छात्र आरक्षण नियमों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं। इन विद्यालयों में छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ आवास, भोजन, पाठ्य-पुस्तकें, यूनिफॉर्म, खेल सामग्री एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं शासन द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्मार्ट क्लासरूम और कक्षा 11 के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष मार्गदर्शन भी दिया जाता है। आवेदन पत्र संबंधित विद्यालयों के कार्यालय या जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर अपने बच्चों को इस योजना का लाभ दिलाएं। अपने बच्चों को निःशुल्क आवासीय शिक्षा दिलाकर उज्ज्वल भविष्य देने का यह महत्वपूर्ण अवसर है।

# संक्षिप्त खबरें

## दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत के मामले में अज्ञात चालक पर मामला दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली रोड पर बाल्हेमऊ गांव के निकट सड़क हादसे में हुई एक बुजुर्ग की मौत के मामले में पुलिस ने बाइक के अज्ञात चालक के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज किया है।कालिकाबख्श का पुरवा मजरे ऐहार गांव निवासी धर्मेंद्र ने तहरीर दी। उन्होंने बताया कि उनके बाबा बद्री प्रसाद साहू (80) बृहस्पतिवार को साइकिल से घर लौट रहे थे। हनुमान मंदिर के पास तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## पति की मौत के बाद पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के शोभवापुर गांव के निकट आठ फरवरी को हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी। अब मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। सरेनी थाना क्षेत्र के रावतपुर कला गांव निवासिनी सुमन ने प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि आठ फरवरी को उनके पति तेज बहादुर अपने चचेरे भाई रामप्रसाद और सेमरपहा गांव निवासी रिश्तेदार धुन्नर के साथ बाइक से गांव लौट रहे थे। तभी शोभवापुर गांव के निकट सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टर ने परीक्षण के बाद तेज बहादुर को मृत घोषित कर दिया। अन्य दो घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही।

## बलिया में कांग्रेस की 'मनरेगा बचाओ पदयात्रा', बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल



**बलिया।** मनरेगा योजना में कथित कटौती और अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को बलिया में 'मनरेगा बचाओ पदयात्रा' निकाली। पदयात्रा का नेतृत्व कांग्रेस के जिला अध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने किया। पदयात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश पांडे, ओमप्रकाश तिवारी, पुनीत पाठक, विजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों और मजदूरों के लिए जीवनरेखा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण मनरेगा के बजट में कटौती की जा रही है और समय पर मजदूरी भुगतान नहीं हो पा रहा है, जिससे ग्रामीण परिवारों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा को मजबूत करने और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मनरेगा के बजट में वृद्धि तथा पारदर्शिता की मांग की। अंत में पार्टी नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि मनरेगा के तहत सभी पात्र लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए और लंबित भुगतान शीघ्र कराया जाए। पदयात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## लखनऊ में अग्निवीर जीडी बनने के लिए 794 युवाओं ने लगायी दौड़, हमीरपुर और उन्नाव के अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा

**लखनऊ।** सेना भर्ती कार्यालय लखनऊ की ओर से छावनी के एएमसी स्टेडियम में चल रही रैली के आठवें दिन शुक्रवार को हमीरपुर और उन्नाव जिले के अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। हमीरपुर जिले की हमीरपुर, राठ, सेरीला और मौदहा व उन्नाव जिले की सफीपुर, हसनगंज, उन्नाव, पुरवा, बीघापुर और बांगरमऊ तहसीलों के 1083 अभ्यर्थियों को अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) के लिए बुलावा पत्र भेजा गया था। रैली में 794 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। शनिवार को अग्निवीर जनरल ड्यूटी के लिए गोंडा जिले की गोंडा, तरबगंज, मनकापुर और कर्नलगंज व बांदा जिले के अंतर्गत बांदा, बबेरू, अतर्रा, नरैनी और पैलानी तहसीलों के अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे।

# ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में संकुल शिक्षकों की त्रैमासिक कार्यशाला सम्पन्न

## ● 1100 संकुल शिक्षकों को मिला निपुण विद्यालय लक्ष्य पर केंद्रित प्रशिक्षणः- शरद कपूर




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खैराबाद सीतापुर** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) खैराबाद में संकुल शिक्षकों की एक दिवसीय त्रैमासिक कार्यशाला का आयोजन 9 फरवरी से 13 फरवरी तक किया गया। पांच दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनपद के सभी ब्लॉकों के कुल 1100 संकुल शिक्षकों को एक-एक दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में एसआरजी करुणेश मिश्र, आलोक श्रीवास्तव, मदनेश मिश्र एवं अनुराग तिवारी द्वारा सारगर्भित प्रशिक्षण दिया गया। करुणेश मिश्र ने शिक्षकों से कहा कि विद्यालयों में बच्चों का सुव्यवस्थित आकलन कर उन्हें स्तरानुसार विभाजित करते हुए उपचारात्मक शिक्षण किया जाए, जिससे निर्धारित समय में शैक्षिक लक्ष्य प्राप्त किए जा सकें। आलोक श्रीवास्तव ने गणित शिक्षण में 4-ब्लॉक मॉडल, दक्षता आधारित शिक्षण, प्रिंट रिच सामग्री एवं बच्चों द्वारा निर्मित टीएलएम के प्रयोग पर जोर दिया। वहीं मदनेश मिश्र और अनुराग तिवारी ने पठन एवं लेखन क्षमता विकास को प्रभावी बनाने के उपाय बताए। कार्यशाला में शिक्षक डायरी नियमित भरने, गणित-विज्ञान किट के प्रयोग, तथा जिला स्तर पर जारी 31 बिंदु व 21 बिंदु की एसओपी के अनुपालन पर भी बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि इन बिंदुओं पर गंभीरता से कार्य कर विद्यालयों को निपुण एवं आदर्श बनाया जा सकता है।

# तालगांव में मनाया गया वार्षिकोत्सव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तालगांव सीतापुर** विकासखंड परसेंडी क्षेत्र के लाला भैरव प्रसाद राज श्री कान्वेंट स्कूल तालगांव में वार्षिकोत्सव 2026 उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय विविधता में एकता था कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10बजे विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश श्रीवास्तव के द्वारा दीप प्रज्वलित के साथ हुई छात्रों ने मनमोहक स्वागत नृत्य पेश किए, प्रधानाचार्य ने विद्यालय की वर्ष रिपोर्ट पेश की जिसमें विद्यालय के शैक्षणिक एवं खेल प्रतियोगिताओं को रेखांकित किया गया छात्रों ने विभिन्न लोक नृत्य,नाटक एवं गायन प्रस्तुत किए जिसने दर्शकों का मन मोह लिया विद्यालय प्रधानाचार्य राजेश श्रीवास्तव ने मेधावी छात्रों को अनेकों पुरस्कारों से पुरस्कृत किया और छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामने दी। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में शिक्षा के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियों पर जोर दिया साथ ही प्रबंधक ने बताया छात्रों को शिक्षा के साथ साथ खेल प्रतियोगिताओं पर भी ध्यान देना आवश्यक है जिससे छात्रों पर मानसिक तनाव न रहे इस मौके पर डॉक्टर मुजीबुर्रहमान प्रधान मिर्किलीपुर, अर्पित वर्मा सदस्य जिला पंचायत सदस्य पद प्रत्याशी, डॉक्टर सोनू शुक्ल जिला पंचायत प्रत्यासी, के पी सिंह पूर्व मंगल अध्यक्ष पचदेवरा, सहित क्षेत्र के अभिभावक एवं सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय मौजूद रहे।

## लखनऊ में आधी रात घर में लगी आग, रिटायर्ड सैन्यकर्मी की सतर्कता से टला बड़ा हादसा



**लखनऊ।** पीजीआई क्षेत्र की वृंदावन योजना सेक्टर-6 सी में गुरुवार देर रात शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई। आग ग्राउंड फ्लोर पर शुरू हुई और देखते ही देखते कमरे में रखा फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान जलने लगा। दूसरी मंजिल पर सो रहे परिवार की नींद धमाके जैसी आवाज से खुली। नीचे पहुंचने पर कमरा धुएं से भरा मिला। मकान स्वामी सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी आर पी सिंह ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत मुख्य बिजली सप्लाई बंद कर दी। शोर सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंचे और सभी ने मिलकर आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान सिंह की उंगलियां हल्की झुलस गईं। समय रहते प्रयास होने से बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड या पुलिस को नहीं दी गई है।

## तालगांव में द फैशन हाउस शोरूम का भव्य हुआ शुभारंभ



**तालगांव सीतापुर** परसेंडी क्षेत्र के तालगांव में द फैशन हाउस रेडिमेट शोरूम का भव्य शुभारंभ जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजेश शुक्ल व नि.वर्तमान विधायक भारतीय जनता पार्टी सुनील वर्मा ने फीता काटकर किया आए हुए अतिथि ने शोरूम के शुभारंभ के मौके पर क्षेत्रीय लोगों को बताया कि यह शोरूम क्षेत्र वासियों के लिए नया अनुभव प्रदान करेगा साथ ही क्षेत्र की जनता को रेडिमेड खरीदने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा उचित छूट पर कपड़े मिलेंगे। यह शोरूम प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 8 बजे तक खुलेगा शोरूम प्रोपराइटर प्रशांत गुप्ता ने बताया शोरूम के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को कम दामों में रेडिमेट की बिक्री की जाएगी जिससे क्षेत्र वासियों में खुशी बनी रहे आए हुए मुख्य अतिथियों को व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुरेश गुप्ता व डॉक्टर अमित गुप्ता ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सतीश गुप्ता ,राजेश गुप्ता, कृष्णपाल सिंह पचदेवरा, मुन्ना सायल पूर्व प्रधान तालगांव, ओम प्रकाश शुक्ल प्रधान राही, श्रवण प्रधान कैमहरा वजीरपुर,सगीर मिस्त्री, सूरज गुप्ता, रमेश गुप्ता, शिवप्रकाश सिंह पचदेवरा, डॉक्टर रामपाल वर्मा सहित क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के स्टूडेंट चैप्टर का उद्घाटन किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आज दिनांक 13/02/2026 को इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के तत्वावधान में श्री रामस्वरूप मेमोरियल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, लखनऊ में स्टूडेंट चैप्टर का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) भावेश कुमार चौहान एवं आईईआई, उत्तर प्रदेश संस्था के अध्यक्ष इं. विजय प्रताप सिंह के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर इं. पंकज अग्रवाल (कार्यकारी निदेशक) की गरिमामयी उपस्थिति रही। आईईआई, उत्तर प्रदेश संस्था के अध्यक्ष इं. सिंह ने स्टूडेंट चैप्टर की स्थापना के उद्देश्य एवं इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह मंच विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान, नेतृत्व क्षमता एवं पेशेवर दक्षता के विकास हेतु महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने संस्था की विभिन्न तकनीकी गतिविधियों–सेमिनार, कार्यशालाएं, संगोष्ठियां एवं प्रतियोगिताएं–के बारे में जानकारी दी तथा छात्रों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आईईआई, उत्तर प्रदेश संस्था के वरिष्ठ सदस्य इं. ए. के. सिंह, मुख्य अभियंता एवं विभागाध्यक्ष, सिंचाई विभाग, इं. जे. बी. सिंह इं. आशीष यादव उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन, इं. सी. के. मंगलम (अधीक्षण इंजीनियर, उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन) एवं इं. एन. के. निषाद, मानद सचिव, की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में प्रोफेसर (डॉ.) मनीष निगम (उप निदेशक एवं विभागाध्यक्ष), प्रोफेसर (डॉ.) पारुल गुप्ता (उप निदेशक), इं. पूजा अग्रवाल (अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक) सहायक प्राध्यापक इं. नेहा सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि स्टूडेंट चैप्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, उद्योग एवं अकादमिक जगत से जुड़ने तथा पेशेवर नेटवर्क विकसित करने का सशक्त अवसर प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभाग के रिसर्च स्कॉलर्स एवं छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने ग्राम चौपाल लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं

## ● डीएम ने कम्पोजिट विद्यालय बहादुर नगर में एमडीएम शेड और स्मार्ट क्लास का किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली:** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सरकार के मंसानुसार वि0ख0 अमावां की ग्राम पंचायत बहादुर नगर के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित ग्राम चौपाल में लोगों की समस्याएं सुनी। जिसमें उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के सामने बिजली, सड़क, पेंशन आदि संबंधित मामले आए। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याएं शीघ्र ही निस्तारित की जाएगी। जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामवासियों से केन्द्र व राज्य सरकार की मिल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी ली। जिसके संबंध में ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें उक्त योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिलाधिकारी ने वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन आदि योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित कराया जाये कि सभी पात्र लाभार्थियों को पेंशन का लाभ मिलें और कोई भी पात्र लाभार्थी लाभ परक योजनाओं से वंचित न रहे।

चौपाल में ग्रामीण विद्युतीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, स्वच्छ पेयजल कार्यक्रम, राशन वितरण प्रणाली, पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ0प्र0 स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन योजना-ग्रामीण, राज्य/केन्द्रीय वित्त योजना, मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित आदि योजनाओं पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की हेल्प डेस्क लगाकर लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया गया एवं स्वास्थ्य कैंप का भी आयोजन किया गया ।चौपाल में व्यापक रूप से विकसित भारत ग्रामीण गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका योजना के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इससे पूर्व जिलाधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय बहादुर नगर में बच्चों के लिए मनरेगा योजना अंतर्गत निर्मित मध्याह्न भोजन (मिड डे मील) शेड और एक अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह पहल बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल और सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इसी दौरान जिलाधिकारी ने आयोजित ग्राम चौपाल में विज्ञान क्विज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कक्षा-8 की छात्रा सुश्री शिवांशी को साइकिल एवं कक्षा-08 के उमेश, विशाल, आदर्श, कक्षा-07 के सुरजीत को किट का वितरण कर सम्मानित किया तथा हौसिला स्वयं सहायता समूह , छाया स्वयं सहायता समूह , ज्ञान स्वयं सहायता समूह एवं राग स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सामुदायिक निवेश निधि का 1.5 लाख धनराशि के डेमोचेक एवं ममता व शर्मिला को लखपति दीदी के रूप में आजीविका संवर्धन में उक्त कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र तथा मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत दयाराम, रामचरन, रामफेर एवं सविता को डीजल पम्प सेट का वितरण किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय के समस्त बच्चों को स्टेशनरी किट भी वितरित किया।

इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 सविता सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, खंड विकास अधिकारी अमावां संदीप सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी अमांवा ऋचा सिंह, ग्राम प्रधान अमावां नीलम सिंह सहित अन्य अधिकारीगण व क्षेत्रीय निवासीगण उपस्थित रहे।

# त्यौहार/पर्व आपसी सद्भाव, अमन चैन के साथ मनाया जाएः डीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली:** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में आगामी त्यौहार/पर्व को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों, धर्मगुरूओं, मौलवी/ मुअज्जिज/ व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों/संभ्रांत नागरिकों के साथ सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने आगामी दिनो में होने वाले महाशिवरात्रि, रमजान एवं होली के पर्व को जनपद में शांति एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मो के मतावलम्बियों को एक दूसरे का सम्मान करने के साथ ही भाई चारे की भावना के साथ पर्व मनाया जाना चाहिए। उपद्रव करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायें। उन्होंने जिला प्रशासन के समस्त अधिकारियों से त्योहारों के अवसर पर विशेष रूप से सतर्कता बरतने के निर्देश दिये और कहा कि शिवरात्रि, शिवमन्दिरों में जलाभिषेक, गंगा स्नान त्यौहार/पर्व में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत नगर मजिस्ट्रेट/समस्त उपजिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत थानावार पीस कमेटी की बैठक मौलवी/मुतवल्ली से समस्याओं/विवाद की जानकारी प्राप्त कर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से शीघ्र उसका समाधान करा लें। समस्त कार्यक्रम परम्परागत ढंग से ही सम्पन्न कराये जाये एवं कोई नवीन परम्परा को उत्पन्न न होने दिया जाये।

जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा स्नान घाट, शिवमन्दिरों पर जलाभिषेक/होलिका दहन, होली जुलूस हेतु जाने वाले आवागमन मार्गो का पूर्व निरीक्षण कर लिया जाये और मार्गो पर पड़ने वाली बाधाओं जैसे बिजली/टेलीफोन के तारों का लटकना, मार्गो पर गड्ढे होना, जलभराव होना आदि का पूर्व से निराकरण कर लिया जाये। फाल्ट ठीक करने के लिए कार्मिकों की रोस्टरवार तैनाती की जाय। जिससे विद्युत फाल्ट समय से ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा सके। सर्वजनिक मार्गो पर सड़को को अवरूद्ध कर कोई भी आयोजन नहीं किये जाये। निराश्रित, पशुओं के विचरण को नियंत्रित किया जाये। वाहनों से स्टंटबाजी करने, अवैध प्रेशर हार्न, हूटर आदि पर सख्त कार्यवाही की जाये। लोक निर्माण विभाग द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत आयोजन स्थलों की सड़क मार्गो की मरम्मत करा ली जाये।

पर्वो पर प्रयुक्त होने वाले स्थलों/मार्गो की अनिवार्यतः साफ-सफाई कराई जाए, पानी और बिजली की नियमित आपूर्ति की जाये। नगरीय क्षेत्र में संबंधित नगर पालिका/नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायत द्वारा सफाई का कार्य सम्पन्न कराया जाये। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ किसी प्रकार का अभद्र व्यवहार जबरन रंग लगाने आदि का कार्य न होने पाये। प्रत्येक कार्यक्रम स्थलों पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। त्योहारों के दृष्टिगत मिलावटी खोया, पनीर, दूध, दही, मिठाई, इत्यादि खाद्य पदार्थों की सघन चेकिंग कराई जाये। मिलावटी खाद्य पदार्थो की बिक्री कदापि न होने पाये। अधिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर एम्बुलेंस के साथ चिकित्सकों की तैनाती की जाये। लाउडस्पीकर का प्रयोग निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत किया जाये। अलविदा जुमा/ईद पर नमाज अदा किये जाने वाले मस्जिद/ईदगाह की सूची तैयार की जाए, प्रत्येक स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल को तैनात किया जाये। अलविदा जुम्मा की नमाज ईद की नमाज के समय कतिपय मस्जिद/ईदगाह पर काफी संख्या में नमाजियों के एकत्र होने से भीड़-भाड़ व आवागमन को सुचारू बनाये रखने हेतु प्रभारी क्षेत्राधिकारी यातायात आवश्यक रूट डायवर्जन एवं उन स्थानों पर पुलिस द्वारा पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी अवश्य लगाई जाये। पुलिस अधीक्षक ने जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों से कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्रों का पूरी तरह भ्रमण तथा निरीक्षण कर लें और कोई नई परंपरा की शुरुआत न की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार सहित समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, संबंधित विभागीय अधिकारी तथा शान्ति समिति के सदस्य एवं प्रमुख संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# दंगल में दिखा पहलवानों का दम, चौरी चौरा के गोविंद पहलवान ने लखनऊ के मानसिंह पहलवान को दिखाया आसमान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर,** भनवापुर क्षेत्र के सोहना चौराहे पर आयोजित तीन दिवसीय विराट कुश्ती दंगल के दूसरे दिन शुक्रवार को देश-विदेश से आए पुरुष एवं महिला पहलवानों ने अपने दमखम का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। रोमांचक मुकाबलों के बीच कई पहलवानों ने अपने प्रतिद्वंदियों को पटखनी देकर जीत दर्ज की। सोहना बाजार में आयोजित क्रांतिकारी हिंदू-मुस्लिम एकता विराट कुश्ती दंगल में पुरुष वर्ग के मुकाबले काफी रोचक रहे। जम्मू-कश्मीर के भूरा पहलवान ने राजस्थान के राजू पहलवान को शानदार दांव-पेंच के साथ पराजित किया। वहीं नेपाल के लकी थापा ने हरियाणा के सोनू को मात दी। सहारनपुर के शाहिल ने कानपुर के मनीष को चित कर जीत हासिल की। चौरीचौरा के गोविन्द ने लखनऊ के मानसिंह को हराया। अयोध्या के बाबा गौरी शंकर ने पंजाब के विक्की पहलवान को रोमांचक मुकाबले में पराजित कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

महिला वर्ग के मुकाबले भी बेहद आकर्षक रहे। गोण्डा की शिवांगी पहलवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इलाहाबाद की रोशनी तथा दिल्ली की लाडो को पटखनी देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनके शानदार खेल की दर्शकों ने जमकर सराहना की। दंगल के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय दर्शक मौजूद रहे और पहलवानों का उत्साहवर्धन करते रहे। इस अवसर पर आयोजक मनीष सिंह क्रांतिकारी, नसीम राइनी, कान्हा सिंह, कालू सहित दंगल समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## सरोजनीनगर में ग्राम समाज की छह करोड़ की जमीन से हटवाया अवैध कब्जा, चार हजार वर्गफुट जमीन से हटवाया गया अतिक्रमण



**सरोजनीनगर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम मिरानपुर पिनवट में शुक्रवार को ग्राम समाज की भूमि पर हुए अतिक्रमण को खाली कराया गया। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में नगर निगम व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने करीब चार हजार वर्गफुट क्षेत्र को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। मुक्त कराई गई भूमि की अनुमानित बाजार कीमत करीब छह करोड़ रुपये बताई गई है। नायब तहसीलदार नगर निगम तेजस्वी प्रकाश ने बताया कि टीम ने जेसीबी की सहायता से अस्थाई निर्माण को हटवाया। अधिकारियों ने बताया कि जमीन पर अवैध निर्माण की कोशिश की जा रही थी, जिसे हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने आपत्ति भी जताई, लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति के कारण विरोध बढ़ नहीं सका। राजस्व अभिलेखों के अनुसार यह भूमि ग्राम समाज के नाम दर्ज है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें त्योहार व पंचायत चुनावः- उप जिलाधिकारी महमूदाबाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां (सीतापुर)।** आगामी महाशिवरात्रि पर्व एवं रमजान त्योहार तथा पंचायत चुनावों के मद्देनजर सदरपुर थाना परिसर में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी महमूदाबाद की अध्यक्षता में एक पीस कमेटी की बैठक आहूत की गई जिसमें क्षेत्र के कई दर्जन हिन्दू, मुस्लिम धर्मावलंबियों के अलावा तमाम संभ्रांत लोग शामिल हुए। इस बैठक में पुलिस क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। बैठक में भविष्य में आने वाले पर्वों, त्योहारों और पंचायत चुनाव के बारे में चर्चा करते हुए उपजिलाधिकारी के0के0 सिंह ने कहा कि जल्द ही महाशिवरात्रि का पर्व आने वाला है और कुछ ही दिनों बाद मुस्लिम धर्मावलंबियों का रमजान त्योहार भी शुरू हो रहा है। इसके साथ ही पंचायत चुनाव का महापर्व भी प्रस्तावित हैं ऐसे में सभी जनसमुदाय से अपील है कि सभी पर्वों, त्योहारों और पंचायत चुनावों को बड़े ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें। कोई भी ऐसी हरकत न करें कि प्रशासन को हस्तक्षेप करना पड़े।

क्षेत्राधिकारी वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि त्योहार हमें आपसी सद्भाव बढ़ाने की शिक्षा देते हैं। खुशी के साथ त्योहार मनायें लेकिन कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे माहौल खराब हो। उन्होंने कहा मोबाइल के व्हाट्सएप अथवा सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की उत्तेजित टिप्पणियां न की जायें। इस बारे में कहीं भी कोई तनाव की स्थिति देखें तो पुलिस को अवगत करायें। क्षेत्र में शांति बनाए रखें। थानाध्यक्ष मुकेश वर्मा ने कहा कि आने वाले आगामी त्यौहारों को आपसी हेलमेल भाईचारे व खुशी के साथ मनायें। कोई भी नई परम्परा न शुरू करें। त्योहार हम सबको खुशी का संदेश देते हैं। कभी किसी के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग न करें। मोबाइल सेटों पर कोई भी व्यक्ति धर्म अथवा राजनीति को लेकर गलत कमेंट्स न करे। कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे किसी दूसरे को तकलीफ पहुंचे। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं होगी उन पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कई उपनिरीक्षकों के अतिरिक्त कई आरक्षी व क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधान, बीडीसी, अनेक हिन्दू मुस्लिम धर्मावलम्बी एवं संभ्रांत लोग उपस्थिति थे।

# श्रीभूमि टाउन में इस बार जनसंपर्क में समाजसेवी मुन्नी छेत्री की एक पहल देखी जा रही है, जो लोगों के दिल में जगह बनाने की कोशिश कर रही हैं





**श्रीभूमि संवाददाताः** असम में 26वीं विधान सभा चुनाव नजदीक आते ही पूरे राज्य में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। संभावित प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए कोशिश चल रहा है. इसी बीच उत्तर करीमगंज के राजनीतिक परिदृश्य में एक अलग ही तस्वीर देखने को मिल रही है। समाजसेवी मुन्नी छेत्री, जो एक सामान्य परिवार से राजनीति में आई हैं, गुवाहाटी और दिल्ली की दौड़-धूप से दूर रहकर सीधे आम जनता के बीच जनसंपर्क में जुटी हुई हैं। गांव-गांव में लोगों से संवाद स्थापित करने के बाद अब उन्होंने श्रीभूमि टाउन क्षेत्र में भी अपना जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। हर जगह अब सिर्फ एक ही चर्चा है कि हम केवल मुन्नी छेत्री जैसे नेता चाहते हैं। अगर मुन्नी छेत्री बीजेपी से टिकट पाती हैं तो वे भारी वोटों से जीत सुनिश्चित कर सकती हैं। उत्तर करीमगंज क्षेत्र में भी यही माहौल देखने को मिल रहा है। मुन्नी छेत्री क्षेत्र के विभिन्न गांवों, वार्डों और बाजारों में सक्रिय नजर आ रहे हैं। समर्थकों के साथ बैठकें, स्थानीय मुद्दों पर चर्चा और जनता से सीधा संवाद–इन सबके जरिए अपनी उपस्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रही है। लेकिन अब केवल देखने की बारी है कि पार्टी की उच्च कमान क्या निर्णय लेती है। राजनीतिक आदर्श को सहित लोगों के और समाज के जन को महत्व देते हुए समाज के हित में काम कर रही है। मुन्नी छेत्री जैसी नेता को राजनीतिक मैदान में कितना मौका मिलेगा? इस समय यही सवाल उत्तर करीमगंज समुदाय में घूम रहा है। फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यही है कि पार्टी संगठन स्थानीय जनता की भावनाओं और लोकप्रियता को कितना महत्व देता है। हालांकि इन सभी अटकलों के बीच मुन्नी छेत्री ने पार्टी नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए अपना जनसंपर्क अभियान लगातार जारी रखा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि टिकट वितरण से पहले का यह समय बेहद अहम होता है। ऐसे में प्रत्येक दावेदार संगठन के शीर्ष नेतृत्व को अपनी लोकप्रियता और कार्यक्षमता दिखाने में जुटा है। अब सबकी नजरें पार्टी हाईकमान के अंतिम निर्णय पर टिकी हैं, जो तय करेगा कि उत्तर करीमगंज से किसे चुनावी मैदान में उतारा जाए।

# बांग्लादेश में सत्ता का पुनर्संयोजन: भारत के लिए अवसर-संकेत

**[ बांग्लादेश की नवधारा और भारत की नीतिगत परीक्षा ]**
**[ बांग्लादेश में बदलाव की गूंज: जनता से जन्मा नया युग ]**

बांग्लादेश में हालिया चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनता की स्पष्ट और सशक्त अभिव्यक्ति बनकर सामने आया है। 12 फ़रवरी 2026 को हुए इस ऐतिहासिक मतदान में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने 299 क्षेत्रों वाले चुनाव में 209-212 सीटें जीतकर निर्णायक बहुमत हासिल किया। यह परिणाम वर्षों से चले आ रहे राजनीतिक असंतोष, प्रशासनिक कमज़ोरियों और लोकतांत्रिक अपेक्षाओं का स्वाभाविक नतीजा है। इस जनादेश ने बांग्लादेश की राजनीति को नई दिशा दी है और क्षेत्रीय संतुलन पर भी इसका प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। भारत के लिए यह परिवर्तन विशेष महत्व रखता है, क्योंकि पड़ोसी देश की स्थिरता, नीतियाँ और नेतृत्व सीधे उसकी सुरक्षा, व्यापार और रणनीतिक हितों से जुड़े हुए हैं। यह चुनाव केवल सरकार बदलने की घटना नहीं, बल्कि भविष्य की राजनीति की आधारशिला रखने वाला महत्वपूर्ण मोड़ बन चुका है। इस परिवर्तन की धुरी में तारीक रहमान का नेतृत्व सबसे प्रभावशाली भूमिका निभाता दिखाई देता है। सत्रह वर्षों के लंबे निर्वासन के बाद उनकी स्वदेश वापसी और फिर दो सीटों से निर्णायक जीत, बांग्लादेशी राजनीति में दुर्लभ और ऐतिहासिक घटना मानी जा रही है। उन्होंने स्वयं को केवल एक राजनीतिक उत्तराधिकारी नहीं, बल्कि संघर्ष, धैर्य और प्रतिरोध से तपकर निकले नेता के रूप में स्थापित किया है। उनका चुनावी अभियान सत्ता प्राप्ति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उसने जनता के मन में यह विश्वास जगाया कि व्यवस्था को बदला जा सकता है और शासन को जवाबदेह बनाया जा सकता है। भारत के लिए यह तथ्य विशेष महत्त्व रखता है कि उन्होंने सार्वजनिक मंचों से क्षेत्रीय सहयोग, व्यापार विस्तार और स्थिर संबंधों की आवश्यकता पर जोर दिया है। यदि यह दृष्टिकोण ठोस नीतियों में बदलता है, तो भारत-बांग्लादेश संबंधों को नई ऊर्जा और मजबूती मिल सकती है।

इस राजनीतिक परिवर्तन की पृष्ठभूमि वर्ष 2024 के छात्र आंदोलनों में गहराई से जुड़ी हुई है, जिन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सत्ता को जड़ से हिला दिया था। उनका सत्ता से हटना केवल एक सरकार का अंत नहीं, बल्कि केंद्रीकृत शासन, कथित भ्रष्टाचार और राजनीतिक दमन के विरुद्ध जनता के व्यापक असंतोष की खुली अभिव्यक्ति था। इसके बाद गठित अंतरिम सरकार का नेतृत्व मुहम्मद यूनुस ने किया, जिन्होंने सीमित समय और दबावपूर्ण परिस्थितियों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को पुनर्जीवित किया। इस संक्रमणकाल में भारत ने संयम, संतुलन और संवाद की नीति अपनाई, जिससे क्षेत्रीय अस्थिरता को फैलने से रोका जा सका। यह भारत की परिपक्व और जिम्मेदार कूटनीति का स्पष्ट उदाहरण माना जाता है। बीएनपी की इस ऐतिहासिक विजय का सबसे मजबूत आधार जनता का गहरा और व्यापक असंतोष रहा है। बेरोज़गारी, बढ़ती महंगाई, प्रशासनिक भ्रष्टाचार, मानवाधिकार उल्लंघन और राजनीतिक दमन ने आम नागरिक के धैर्य की सीमा को तोड़ दिया था। बीएनपी ने 'लोकतंत्र की बहाली' और 'नया बांग्लादेश' जैसे प्रभावशाली नारों के माध्यम से इस असंतोष को संगठित राजनीतिक चेतना में परिवर्तित किया। इसके विपरीत, जमात-ए-इस्लामी गठबंधन अपेक्षित जनसमर्थन हासिल करने में असफल रहा। भारत के दृष्टिकोण से यह स्थिति अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि कट्टरपंथी शक्तियों को सीमित समर्थन मिलना क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सकारात्मक संकेत माना जाता है। इससे सीमा पार उग्रवाद और अस्थिरता की आशंकाएं फिलहाल कम होती हुई दिखाई देती हैं।

भारत और बांग्लादेश के रिश्ते केवल औपचारिक कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे इतिहास, संस्कृति और आर्थिक सहयोग की गहरी नींव पर टिके हुए हैं। लगभग 4,096 किलोमीटर लंबी साझा सीमा, व्यापारिक मार्गों का विस्तृत जाल और पीढ़ियों से जुड़े सामाजिक संबंध दोनों देशों को स्वाभाविक रणनीतिक साझेदार बनाते हैं। भारत के लिए बांग्लादेश पूर्वोत्तर राज्यों की जीवनरेखा, समुद्री संपर्क का प्रमुख द्वार और क्षेत्रीय व्यापार का अहम सेतु है। अतीत में खालिदा जिया के कार्यकाल में द्विपक्षीय सहयोग को नई गति मिली थी। अब नई सरकार से भी अपेक्षा है कि वह ऊर्जा, रेल, बंदरगाह और कनेक्टिविटी परियोजनाओं को तेज़ी से आगे बढ़ाकर आर्थिक साझेदारी को और सशक्त बनाएगी। इससे न केवल व्यापार बढ़ेगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी स्थायित्व मिलेगा। सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग भारत-बांग्लादेश संबंधों की सबसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण कड़ी है। अवैध घुसपैठ, नशीले पदार्थों की तस्करी, मानव व्यापार और आतंकी नेटवर्क जैसी चुनौतियाँ दोनों देशों के लिए समान रूप से चिंता का विषय हैं। शेख हसीना सरकार के दौरान इन मुद्दों पर कड़ा नियंत्रण देखने को मिला था, जिससे सीमा क्षेत्र में अपेक्षाकृत स्थिरता बनी रही। अब बीएनपी सरकार से भी उसी स्तर की प्रतिबद्धता और सतर्कता की उम्मीद की जा रही है। यदि नई सरकार इस मोर्चे पर दृढ़ और निरंतर प्रयास करती है, तो भारत-बांग्लादेश सुरक्षा सहयोग और अधिक मजबूत होगा। इसके साथ ही, आर्थिक सुधार, विदेशी निवेश और निर्यात में वृद्धि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को दीर्घकालिक लाभ पहुँचा सकती है, जहाँ स्थिरता और विकास एक-दूसरे के पूरक बनकर उभरेंगे। इस चुनाव की सबसे सकारात्मक और आश्वस्त करने वाली विशेषता कुल मिलाकर शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण रही, हालांकि छिटपुट हिंसा की घटनाएं भी हुईं। विपक्ष, अंतरिम सरकार और प्रशासन ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान करते हुए जिम्मेदार व्यवहार का परिचय दिया। यह संकेत देता है कि बांग्लादेश धीरे-धीरे राजनीतिक परिपक्वता और संस्थागत मजबूती की ओर बढ़ रहा है। हालांकि, असली परीक्षा अब शुरू होती है। भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण, न्यायिक स्वतंत्रता, मीडिया की स्वायत्तता और प्रशासनिक पारदर्शिता जैसे मुद्दों पर ठोस और निरंतर कार्रवाई आवश्यक होगी। भारत के लिए भी यह समय है कि वह केवल सरकारों तक सीमित न रहे, बल्कि संस्थागत और सामाजिक स्तर पर भी रिश्तों को मजबूत करे, ताकि द्विपक्षीय संबंध स्थायी, भरोसेमंद और भविष्य की चुनौतियों के प्रति सक्षम बन सकें। आज बांग्लादेश जिस नए राजनीतिक मोड़ पर खड़ा है, वह केवल वर्तमान की दिशा नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों के भविष्य को भी आकार देगा। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की यह ऐतिहासिक विजय देश के लिए नई उम्मीदों, नई जिम्मेदारियों और नई अपेक्षाओं का संकेत है, जबकि भारत के लिए यह सहयोग और साझेदारी को नई ऊंचाई देने का अवसर बनकर उभरी है। अब समय आ गया है कि दोनों देश पुराने अविश्वास, राजनीतिक संदेह और बीती हुई कटुताओं को पीछे छोड़कर साझा हितों पर आधारित मजबूत संबंध विकसित करें। यदि नई सरकार पारदर्शिता, स्थिरता और विकास को प्राथमिकता देती है और भारत संतुलित व दूरदर्शी नीति अपनाता है, तो यह साझेदारी पूरे दक्षिण एशिया के लिए शांति, सुरक्षा और समृद्धि की मिसाल बन सकती है। यही वह क्षण है, जब दूरदृष्टि और जिम्मेदारी मिलकर भविष्य की मजबूत आधारशिला रख सकती हैं।

**प्रो. आरके जैन**

# वैलेंटाइन: प्रदर्शन बनाम आत्मिक संवेदना

वर्तमान समय में वैलेंटाइन दिवस भारतीय समाज में केवल एक तिथि नहीं, बल्कि विमर्श और विवाद का एक द्वंद्व बन चुका है। प्रतिवर्ष फरवरी के इस पखवाड़े में प्रेम की चर्चा जितनी तीव्र होती है, उसका विरोध भी उतना ही मुखर होता है। किंतु इस शोर के बीच हम अक्सर उस मूल प्रश्न को भूल जाते हैं कि प्रेम का वास्तविक स्वरूप क्या है? क्या यह केवल सार्वजनिक प्रदर्शन और उपहारों के आदान-प्रदान तक सीमित है, अथवा यह एक गहरी आत्मिक संवेदना है जिसे आज के बाजारवाद ने जकड़ लिया है? भाषाई दृष्टि से देखें तो 'वैलेंटाइन' शब्द लैटिन के 'वेलनटिनस' से उपजा है, जिसका अर्थ है-शक्तिशाली, साहसी और दृढ़ हृदय वाला। यह परिभाषा प्रेम के उस प्रचलित स्वरूप को चुनौती देती है जिसे हम आज केवल कोमल भावनाओं या क्षणिक आकर्षण के रूप में देखते हैं। ऐतिहासिक रूप से संत वैलेंटाइन ने दमनकारी सत्ता के विरुद्ध खड़े होकर मानवीय संबंधों की गरिमा की रक्षा की थी। अतः वैलेंटाइन का मूल भाव दुर्बल भावुकता नहीं, बल्कि वह आत्मिक शक्ति है जो अन्याय के विरुद्ध खड़े होने का साहस प्रदान करती है।

आज वैलेंटाइन का अर्थ बदलकर गुलाब, महँगे उपहार और सोशल मीडिया तथा सार्वजनिक स्थानों पर किए जाने वाले प्रदर्शन तक सिमट गया है। बाजार ने इस मानवीय संवेदना को एक 'उत्पाद' में बदल दिया है। जब प्रेम का पैमाना 'उपभोग' बन जाता है, तब उसकी पवित्रता का क्षरण निश्चित है। आज की युवा पीढ़ी जिसे प्रेम समझ रही है, वह अक्सर केवल बाह्य आकर्षण और सार्वजनिक प्रदर्शन की होड़ है। यही वह बिंदु है जहाँ सांस्कृतिक विरोध के स्वर जन्म लेते हैं। विरोध प्रेम का नहीं, बल्कि उसके उस विकृत और बाजारी स्वरूप का है जो मर्यादाओं की सीमा लांघता प्रतीत होता है। भारतीय सांस्कृतिक संदर्भ में प्रेम कोई नई या आयातित अवधारणा नहीं है। हमारे यहाँ प्रेम को 'काम' से ऊपर उठाकर 'राम' तक ले जाने की परंपरा रही है। जहाँ पश्चिमी बाजारवाद प्रेम को 'अधिकार' की तरह देखता है, वहीं भारतीय मनीषा इसे 'कर्तव्य' और 'त्याग' के रूप में परिभाषित करती है। राम-सीता का संबंध केवल दांपत्य नहीं, बल्कि लोक-मर्यादा की स्थापना है। कृष्ण का प्रेम वात्सल्य, सखा-भाव और अटूट श्रद्धा का विस्तार है। बुद्ध की करुणा और कबीर की प्रेम-साधना यह बताती है कि प्रेम जब परिपक्व होता है, तो वह केवल दो व्यक्तियों तक सीमित न रहकर संपूर्ण सृष्टि के लिए 'संवेदना' बन जाता है। समस्या वैलेंटाइन दिवस मनाने में नहीं, बल्कि उसे मनाने के 'तरीके' और 'दृष्टिकोण' में है। यदि हमारे संबंधों में एक-दूसरे के प्रति सम्मान, संवाद में शालीनता और व्यवहार में मर्यादा है, तो वह प्रेम वंदनीय है। किंतु यदि यह केवल एक दिन का दिखावा, प्रदर्शन है और शेष वर्ष उपेक्षा है, तो यह प्रेम के मूल विचार के साथ छल है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम 'प्रदर्शन' की चकाचौंध से बाहर निकलकर 'संवेदना' के धरातल पर लौटें। प्रेम को 'वस्तु' मानने के बजाय उसे 'मूल्य' के रूप में स्वीकार करें।

वैलेंटाइन दिवस को न तो अंध-विरोध की कसौटी पर कसना चाहिए और न ही इसके वैश्विक बाजारीकरण में बह जाना चाहिए। यह आत्ममंथन का अवसर है कि क्या हम अपने संबंधों में उस 'वेलनटिनस' अर्थात् साहस और दृढ़ता को समाहित कर पा रहे हैं? जिस दिन हमारे आचरण में मर्यादा और हृदय में निस्वार्थ करुणा का वास होगा, उस दिन कैलेंडर की हर तारीख 'प्रेम पर्व' बन जाएगी। प्रेम जब प्रदर्शन की बेड़ियाँ तोड़कर आत्मिक संवेदना का मार्ग अपनाता है, तभी वह शाश्वत होता है।

**डा मनमोहन प्रकाश**

# नई सत्ता, नए संकेत भारत बांग्लादेश रिश्तों और हिंदू सुरक्षा पर क्या असर पड़ेगा?

**बांग्लादेश की राजनीति में लंबे अंतराल के बाद एक बड़ा बदलाव आया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की स्पष्ट जीत और उसके नेता तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने की संभावना ने न केवल ढाका की सत्ता संरचना को बदला है, बल्कि नई दिल्ली की कूटनीतिक प्राथमिकताओं को भी सक्रिय कर दिया है। चुनाव परिणामों ने यह स्पष्ट किया है कि मतदाताओं ने स्थिरता, अनुभव और राजनीतिक विरासत को प्राथमिकता दी। अब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि इस परिवर्तन का भारत-बांग्लादेश संबंधों और विशेष रूप से बांग्लादेश के हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर क्या प्रभाव पड़ेगा।**

**भारत और बांग्लादेश के रिश्ते ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भू-राजनीतिक रूप से गहरे जुड़े रहे हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम से लेकर हाल के वर्षों तक दोनों देशों ने सुरक्षा, व्यापार, जल बंटवारे और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में उल्लेखनीय सहयोग किया है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल में भारत के साथ संबंध अपेक्षाकृत प्रगाढ़ रहे। सीमा प्रबंधन, आतंकवाद विरोधी सहयोग और पूर्वोत्तर भारत के लिए ट्रांजिट सुविधाओं ने द्विपक्षीय भरोसे को मजबूत किया। ऐसे में सत्ता परिवर्तन को स्वाभाविक रूप से एक नए संतुलन की तलाश के रूप में देखा जा रहा है।**

**तारिक रहमान की वापसी और उनकी पार्टी की बहुमत के साथ जीत ने यह संकेत दिया है कि बांग्लादेशी मतदाता एक मजबूत राजनीतिक केंद्र चाहते हैं। हालांकि बीएनपी का अतीत भारत के साथ संबंधों को लेकर मिश्रित रहा है, लेकिन वर्तमान वैश्विक और क्षेत्रीय परिस्थितियाँ किसी भी नई सरकार को व्यावहारिक कूटनीति अपनाने के लिए बाध्य करती हैं। बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था निर्यात, विशेषकर रेडीमेड गारमेंट सेक्टर, और क्षेत्रीय स्थिरता पर निर्भर है। भारत उसके लिए एक बड़ा बाजार और रणनीतिक साझेदार है। इसलिए टकराव की राजनीति के बजाय सहयोग की राह चुनना नई सरकार के हित में होगा।**

**जहाँ तक हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का प्रश्न है, यह विषय केवल आंतरिक राजनीति का मुद्दा नहीं, बल्कि द्विपक्षीय संवेदनशीलता का भी हिस्सा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय ऐतिहासिक रूप से सामाजिक और आर्थिक जीवन का महत्वपूर्ण अंग रहा है। समय-समय पर सांप्रदायिक तनाव और छिटपुट घटनाएँ सामने आती रही हैं, जिन पर भारत में चिंता व्यक्त होती रही है। नई सरकार के लिए यह एक कसौटी होगी कि वह कानून-व्यवस्था को निष्पक्ष और कठोर बनाए रखे तथा किसी भी प्रकार की हिंसा या भेदभाव पर त्वरित कार्रवाई करे।**

**बीएनपी की जीत को कट्टरपंथी राजनीति की अस्वीकृति के रूप में भी देखा जा रहा है, क्योंकि जमात-ए-इस्लामी को अपेक्षित समर्थन नहीं मिला। यह संकेत देता है कि मतदाता अतिवादी एजेंडे से दूरी चाहते हैं। यदि नई सरकार इस जनादेश को समझते हुए समावेशी शासन का मॉडल अपनाती है, तो हिंदू समुदाय के लिए सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बन सकता है। अल्पसंख्यकों की सुरक्षा केवल बयानबाजी से नहीं, बल्कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति और राजनीतिक स्पष्टता से सुनिश्चित होती है। तारिक रहमान के सामने अवसर है कि वे अपनी सरकार को आधुनिक, आर्थिक सुधारों पर केंद्रित और सामाजिक समरसता को प्राथमिकता देने वाली सरकार के रूप में स्थापित करें।**

**भारत के दृष्टिकोण से देखें तो नई दिल्ली की नीति आमतौर पर व्यक्तियों के बजाय संस्थागत संबंधों पर आधारित रही है। चाहे ढाका में अवामी लीग की सरकार रही हो या अब बीएनपी की, भारत का प्रयास रहेगा कि सहयोग के मौजूदा ढांचे को बनाए रखा जाए। सीमा पार आतंकवाद, अवैध घुसपैठ और तस्करी जैसे मुद्दे दोनों देशों के साझा हितों से जुड़े हैं। यदि नई सरकार इन क्षेत्रों में निरंतर सहयोग बनाए रखती है, तो द्विपक्षीय विश्वास बना रहेगा।**

**हिंदुओं की सुरक्षा का सवाल अक्सर भावनात्मक रूप ले लेता है, लेकिन इसका समाधान संस्थागत मजबूती में निहित है। बांग्लादेश का संविधान धर्मनिरपेक्ष मूल्यों की बात करता है, और वहां की न्यायपालिका तथा नागरिक समाज सक्रिय रहे हैं। यदि सरकार इन संस्थाओं को स्वतंत्र और प्रभावी बनाए रखती है, तो किसी भी समुदाय के साथ अन्याय की संभावना कम होती है। भारत भी राजनयिक माध्यमों से अपनी चिंताओं को रचनात्मक ढंग से रख सकता है, जैसा कि अतीत में होता आया है।**

**आर्थिक आयाम भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। भारत-बांग्लादेश व्यापार लगातार बढ़ा है, और ऊर्जा सहयोग, रेलवे संपर्क तथा जलमार्ग विकास जैसी परियोजनाएँ दोनों देशों को परस्पर निर्भरता की दिशा में ले जा रही हैं। नई सरकार यदि आर्थिक सुधारों और निवेश को प्राथमिकता देती है, तो उसे क्षेत्रीय स्थिरता की आवश्यकता होगी। यह स्थिरता अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और सामाजिक शांति से सीधे जुड़ी है। इसलिए व्यावहारिक राजनीति की मांग है कि सरकार किसी भी प्रकार की सांप्रदायिक अस्थिरता को बढ़ावा न दे।**

**तारिक रहमान के लिए यह भी एक अवसर है कि वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर बांग्लादेश की सकारात्मक छवि को पुनर्स्थापित करें। लंदन से लंबे निर्वासन के बाद उनकी वापसी और भारी जनसमर्थन ने उन्हें एक नई वैधता दी है। यदि वे इस वैधता का उपयोग समावेशी शासन और पड़ोसी देशों के साथ संतुलित संबंधों के लिए करते हैं, तो भारत-बांग्लादेश संबंधों में नई ऊर्जा आ सकती है। भारत भी पड़ोसी प्रथम नीति के तहत ढाका के साथ रचनात्मक संवाद को प्राथमिकता देगा।**

**बीएनपी की जीत को केवल सत्ता परिवर्तन के रूप में नहीं, बल्कि बांग्लादेशी लोकतंत्र की एक नई परीक्षा के रूप में देखा जाना चाहिए। हिंदू समुदाय की सुरक्षा इस परीक्षा की एक महत्वपूर्ण कसौटी होगी। यदि नई सरकार कानून के शासन को सर्वोपरि रखती है और किसी भी प्रकार के सांप्रदायिक तनाव पर सख्ती से नियंत्रण करती है, तो न केवल हिंदू सुरक्षित रहेंगे, बल्कि भारत-बांग्लादेश संबंध भी अधिक परिपक्व और स्थिर बनेंगे। आने वाले महीनों में यह स्पष्ट होगा कि ढाका की नई सत्ता समावेश और सहयोग की राह चुनती है या राजनीतिक ध्रुवीकरण की। फिलहाल संकेत यही हैं कि जनादेश स्थिरता और व्यावहारिकता के पक्ष में है, और यही दोनों देशों के साझा हित में भी है।**

# संपादकीय

## संसदीय विमर्श के नए मानक और राघव चड्ढा की तथ्यपरक राजनीति

भारतीय लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था संसद में जन सरोकारों की अभिव्यक्ति जब आंकड़ों की शुचिता और तार्किक प्रखरता के साथ होती हैए तो वह केवल राजनीति नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का दस्तावेज बन जाती है। हाल के वर्षों में राज्यसभा के पटल पर एक युवा सांसद के रूप में राघव चड्ढा ने जिस परिपक्वता और आर्थिक समझ का परिचय दिया हैए उसने संसदीय विमर्श के स्तर को नई ऊंचाइयों पर पहुँचाया है। विशेष रूप से वर्ष 2026 के बजटीय सत्र के दौरान उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्य भारत की बदलती कर संरचना और मध्यम वर्ग की आर्थिक स्थिति पर गंभीर चिंतन की मांग करते हैं। एक पेशेवर चार्टर्ड अकाउंटेंट की पृष्ठभूमि होने के कारण चड्ढा का दृष्टिकोण केवल भावनात्मक नहीं बल्कि पूर्णतः गणितीय और वस्तुनिष्ठ होता है। उन्होंने इस तथ्य को मजबूती से रेखांकित किया है कि वर्तमान में देश का मध्यम वर्ग सरकार के लिए एक मूक स्वचालित टेलर मशीन ;एटीएमद्ध बनकर रह गया है। उनके द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसारए भारतीय कर इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब व्यक्तिगत आयकर का संग्रह कॉर्पोरेट कर की तुलना में अधिक हो गया है। फ़रवरी 2026 तक के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो प्रत्यक्ष कर संग्रह 19०44 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया हैए जिसमें गैर.कॉर्पोरेट यानी व्यक्तिगत करदाताओं का योगदान 10.03 लाख करोड़ रुपये रहाए जबकि बड़े कॉर्पोरेट घरानों का योगदान 8.90 लाख करोड़ रुपये पर सिमट गया। यह विडंबना ही है कि जो वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और जो ईमानदारी से कर का भुगतान करता हैए उस पर कर का बोझ 5.91 प्रतिशत की दर से बढ़ा हैए जबकि बड़े उद्योगों को मिलने वाली रियायतें उनके कुल योगदान को कम कर रही हैं। यह असंतुलन केवल सांख्यिकीय त्रुटि नहीं हैए बल्कि एक गहरी नीतिगत खामी की ओर संकेत करता है। चड्ढा ने संसद में इस बात को प्रमाणों के साथ रखा कि मध्यम वर्ग न केवल प्रत्यक्ष कर के बोझ तले दबा हैए बल्कि महंगाई की दोहरी मार भी झेल रहा है। वर्ष 2026 की शुरुआत में महंगाई दर 6०8 प्रतिशत दर्ज की गईए जिसमें शिक्षा पर खर्च में 8 प्रतिशतए स्वास्थ्य सेवाओं में 9 प्रतिशत और आवास के किराए में 7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इन परिस्थितियों में वेतनभोगी वर्ग के पास बचत के नाम पर कुछ नहीं बचता। उन्होंने इस विसंगति को दूर करने के लिए मानक कटौती की सीमा को 75,000 रुपये से बढ़ाकर 1०5 लाख रुपये करने का जो प्रस्ताव दियाए वह करोड़ों करदाताओं की अंतरात्मा की आवाज बनकर उभरा।

संसदीय वाद.विवाद में चड्ढा का योगदान केवल करों तक सीमित नहीं रहा हैए बल्कि उन्होंने लोक स्वास्थ्य के उस भयावह पहलू को भी छुआ है जिसे अक्सर विकास की चकाचौंध में अनदेखा कर दिया जाता है। फ़रवरी 2026 में उन्होंने खाद्य पदार्थों में मिलावट के संकट को एक राष्ट्रीय आपातकाल की संज्ञा दी। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय शोधों का हवाला देते हुए बताया कि किस प्रकार भारतीय मसालों और दैनिक उपभोग की वस्तुओं में हानिकारक कीटनाशकों की उपस्थिति पाई गई हैए जिन्हें विकसित देशों में प्रतिबंधित कर दिया गया है। इन पदार्थों में कैंसरकारी तत्वों की मौजूदगी राष्ट्र के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण को अधिक स्वायत्तता और दंडात्मक शक्तियाँ देने की वकालत की ताकि गुमराह करने वाले विज्ञापनों और स्वास्थ्य के शत्रुओं पर लगाम कसी जा सके। इस मुद्दे की गंभीरता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके तर्कों के बाद सरकार को उच्च स्तरीय जांच के निर्देश देने पड़े। स्वास्थ्य क्षेत्र की बुनियादी कमियों पर बोलते हुए उन्होंने अस्पतालों में बिस्तरों की कमीए चिकित्सकों पर कार्य का अत्यधिक दबाव और शल्य चिकित्सा के लिए मिलने वाली लंबी प्रतीक्षा तिथियों को मानवीय गरिमा का उल्लंघन बताया। उन्होंने दिल्ली के स्वास्थ्य मॉडल की सफलता को एक राष्ट्रीय मानक के रूप में प्रस्तुत कियाए जहाँ मोहल्ला क्लिनिक जैसी व्यवस्थाओं ने प्राथमिक चिकित्सा को सुलभ बनाया है। उनके अनुसारए जब तक राष्ट्र के बजट का एक बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी ढांचों पर खर्च नहीं होगाए तब तक विकसित भारत का सपना केवल कागजों तक सीमित रहेगा।

वित्तीय संघवाद और राज्यों की आर्थिक स्वायत्तता पर भी चड्ढा के विचार अत्यंत मौलिक और प्रभावशाली रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को दिए जाने वाले ऋणों की प्रकृति पर सवाल उठाया। वर्तमान व्यवस्था में केंद्र राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए जो सहायता देता हैए वह अक्सर कड़ी शर्तों और ऋण के रूप में होती है। चड्ढा ने मांग की कि राज्यों को ऋण के बजाय सीधे पूंजीगत अनुदान दिए जाने चाहिए। उन्होंने 1०5 लाख करोड़ रुपये के अनुदान का जो खाका प्रस्तुत कियाए उसका उद्देश्य राज्यों को सिंचाईए सड़क और शहरी बुनियादी ढांचे में स्वतंत्र रूप से निवेश करने हेतु सक्षम बनाना है। यह दृष्टिकोण सहकारी संघवाद की उस भावना को पुष्ट करता है जहाँ राज्य केवल केंद्र के अभिकर्ता न होकर विकास के बराबर के भागीदार होते हैं। इसके अतिरिक्तए उन्होंने लोकतंत्र को अधिक जवाबदेह बनाने के लिए श्राइट टू रिकॉलश् अर्थात निर्वाचित प्रतिनिधियों को वापस बुलाने के अधिकार का मुद्दा उठाकर एक नई बहस छेड़ दी है। उनका प्रस्ताव है कि यदि कोई विधायक या सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता हैए तो 18 महीने के प्रदर्शन काल के बाद मतदाताओं के पास उसे पद से हटाने का अधिकार होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने 50 प्रतिशत मतदान की अनिवार्यता का सुझाव दियाए जो राजनीति में अपराधीकरण और अकर्मण्यता को समाप्त करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है।

आर्थिक सुधारों की दिशा में चड्ढा ने प्रौद्योगिकी के उपयोग पर विशेष बल दिया है। उनका सुझाव है कि भूमि अभिलेखों को ब्लॉकचेन तकनीक पर स्थानांतरित कर देना चाहिए। भारत में दीवानी मुकदमों का एक बड़ा हिस्सा संपत्ति विवादों से संबंधित होता हैए जिससे न केवल न्यायपालिका पर बोझ बढ़ता है बल्कि आर्थिक निवेश भी प्रभावित होता है। ब्लॉकचेन आधारित पारदर्शी व्यवस्था से इन विवादों को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। साथ हीए उन्होंने वस्तु एवं सेवा कर की जटिलताओं को दूर कर इसे अधिक सरल और व्यापक बनाने के लिए इसके दूसरे संस्करण की आवश्यकता पर जोर दिया। उनका तर्क है कि जब तक घरेलू निवेश को प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा और मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति में वृद्धि नहीं होगीए तब तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करना कठिन होगा। चड्ढा के भाषणों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समस्या गिनाने के साथ.साथ समाधान का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। वे आंकड़ों को इस प्रकार बुनते हैं कि सरकार के लिए उन्हें अनदेखा करना संभव नहीं होता। उनके संसदीय सफ़र का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि वे किसी विशेष दल की विचारधारा के संकीर्ण दायरे से बाहर निकलकर राष्ट्रहित के मुद्दों पर एक राष्ट्रीय सहमति बनाने का प्रयास करते हैं। उनकी प्रखरता ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि विपक्षी दल तथ्यों के साथ अपनी बात रखेंए तो वे सरकार को लोक.लुभावन घोषणाओं के बजाय ठोस नीतिगत बदलावों के लिए विवश कर सकते हैं। अंततःए राघव चड्ढा की राजनीति आंकड़ों की शुचिताए मध्यम वर्ग के अधिकारों की रक्षा और एक पारदर्शी लोकतांत्रिक व्यवस्था के निर्माण के इर्द.गिर्द घूमती हैए जो आने वाले समय में भारतीय संसदीय परंपरा के लिए एक आदर्श मार्गदर्शिका सिद्ध होगी।

**महेन्द्र तिवारी**

# प्रेम का उत्सव या बाज़ार का प्रभाव? वेलेंटाइन डे परंपरा, परिवर्तन और आज का युवा मन

प्रतिवर्ष 14 फरवरी को विश्वभर में प्रेम दिवस के रूप में 'वेलेंटाइन डे' मनाया जाता है। भारत में भी पिछले कुछ दशकों से यह दिन विशेष रूप से युवाओं के बीच लोकप्रिय हुआ है। हालांकि समाज का एक वर्ग इसे पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव मानते हुए इसका विरोध करता रहा है, फिर भी यह सच है कि प्रेम जैसी सार्वभौमिक भावना किसी सीमा या संस्कृति की मोहताज नहीं होती। यदि हम इस दिन को केवल पश्चिमी परंपरा के चश्मे से देखने के बजाय व्यापक सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से समझें, तो पाएंगे कि प्रेम और वसंत का संबंध हमारी अपनी परंपराओं में भी गहराई से जुड़ा हुआ है।

वेलेंटाइन नामक संत के बारे में मान्यता है कि उन्होंने प्रेम को सामाजिक बंधनों से ऊपर माना और प्रेमी युगलों का विवाह करवाने के कारण उन्हें मृत्युदंड दिया गया। उनकी शहादत प्रेम की पवित्रता और समर्पण का प्रतीक बन गई। भारतीय संदर्भ में देखें तो प्रेम की यह भावना कोई नई नहीं है। भगवान श्रीकृष्ण और राधा का संबंध केवल लौकिक प्रेम का नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक माना गया है। कृष्ण का प्रेम मर्यादा और माधुर्य दोनों का अद्भुत संगम है। संस्कृत साहित्य में भी वसंत ऋतु को प्रेम की ऋतु कहा गया है। कालिदास, भास और शूद्रक जैसे साहित्यकारों ने अपने नाटकों और काव्यों में वसंत को मिलन और अनुराग का प्रतीक बताया है। 'मदनोत्सव' और 'वसंतोत्सव' जैसी परंपराएं इस बात की साक्षी हैं कि प्रेम और उल्लास का उत्सव मनाना भारतीय संस्कृति का भी अभिन्न अंग रहा है। वेलेंटाइन डे के आसपास ही भारत में वसंत ऋतु का आगमन होता है। बसंत पंचमी से लेकर होली तक का समय प्रकृति के नवोन्मेष का काल होता है। सरसों के पीले फूल, कोयल की कूक और मंद समीर वातावरण में एक मधुर भाव जगाते हैं। सूफी संतों ने भी वसंत को प्रेम और भक्ति से जोड़ा। अमीर खुसरो ने अपने गुरु हजरत निजामुद्दीन औलिया के प्रति प्रेम को व्यक्त करने के लिए बसंत और होली के गीतों की रचना की। यह प्रेम सांसारिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक उत्कर्ष का प्रतीक था। इससे स्पष्ट होता है कि प्रेम का उत्सव मनाने की परंपरा केवल पश्चिम की देन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना का भी हिस्सा रही है। जहां तक 'बेलन टाइम डे' से 'वेलेंटाइन डे' तक की हास्यपूर्ण कथा का प्रश्न है, वह एक व्यंग्यात्मक प्रस्तुति है, जो सामाजिक संबंधों में सम्मान और समानता की आवश्यकता को रेखांकित करती है। इसका ऐतिहासिक आधार चाहे जो भी हो, संदेश यह है कि दांपत्य संबंध प्रेम और आदर पर आधारित होने चाहिए, न कि उत्पीड़न पर। आधुनिक समाज में भी यह संदेश प्रासंगिक है। आज के समय में युवाओं का वेलेंटाइन डे के प्रति बढ़ता आकर्षण कई कारणों से है। एक ओर वैश्वीकरण और सोशल मीडिया ने सांस्कृतिक सीमाओं को धुंधला कर दिया है, वहीं दूसरी ओर युवा पीढ़ी अपनी भावनाओं को खुलकर व्यक्त करने में विश्वास करती है। उनके लिए यह दिन अपने प्रियजनों के प्रति स्नेह प्रकट करने का अवसर है। वे इसे केवल प्रेमी-प्रेमिका के संबंध तक सीमित नहीं रखते, बल्कि मित्रता, पारिवारिक स्नेह और आत्म-प्रेम तक भी विस्तारित कर रहे हैं। विद्यालयों और महाविद्यालयों में 'फ्रेंडशिप डे' या 'रोज डे' जैसी गतिविधियां युवाओं को अभिव्यक्ति का मंच देती हैं।

किन्तु इसके साथ कुछ प्रश्न भी जुड़े हैं। क्या प्रेम को केवल एक दिन तक सीमित कर देना उचित है? क्या उपहार, महंगे फूल और रेस्टोरेंट में डिनर ही प्रेम की अभिव्यक्ति हैं? आज वेलेंटाइन डे पर बाजार का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। कंपनियां विशेष ऑफर और विज्ञापनों के माध्यम से युवाओं को आकर्षित करती हैं। इससे प्रेम का भाव कहीं-कहीं प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धा का रूप ले लेता है। जिन युवाओं के पास आर्थिक साधन कम होते हैं, वे स्वयं को हीन महसूस कर सकते हैं। इस प्रकार प्रेम का सहज और सरल भाव उपभोगवाद की चकाचौंध में दब जाता है।

समाज पर पड़ने वाले संभावित दुष्प्रभावों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कई बार अपरिपक्व आयु में आकर्षण को प्रेम समझ लिया जाता है, जिससे भावनात्मक आघात या पढ़ाई पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। सोशल मीडिया पर दिखावटी रिश्तों का दबाव भी युवाओं को भ्रमित करता है। कुछ मामलों में सार्वजनिक स्थानों पर अनुचित व्यवहार सामाजिक असहजता का कारण बनता है। अतः आवश्यक है कि युवा प्रेम और आकर्षण के अंतर को समझें और अपनी मर्यादाओं का ध्यान रखें।

इसके विपरीत, यदि वेलेंटाइन डे को सकारात्मक दृष्टि से देखा जाए, तो यह आपसी सम्मान, संवाद और संवेदनशीलता को बढ़ाने का अवसर भी हो सकता है। प्रेम केवल रोमांटिक संबंध नहीं, बल्कि सहानुभूति, करुणा और सहयोग की भावना है। यदि इस दिन को हम माता-पिता, मित्रों, शिक्षकों या समाज के जरूरतमंद लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने के रूप में मनाएं, तो इसका स्वरूप अधिक व्यापक और सार्थक हो सकता है। भारतीय संस्कृति 'वसुधैव कुटुंबकम्' का संदेश देती है, जिसमें समस्त विश्व को परिवार माना गया है। इस दृष्टि से प्रेम दिवस का अर्थ केवल युगल प्रेम तक सीमित नहीं, बल्कि मानवीय संबंधों के सुदृढ़ीकरण से है। आज वेलेंटाइन डे आवश्यक है या नहीं, इसका उत्तर व्यक्ति की सोच पर निर्भर करता है। प्रेम तो हर दिन व्यक्त किया जा सकता है, फिर भी विशेष दिवस हमें ठहरकर अपने संबंधों को संवारने का अवसर देते हैं। यदि हम इसे अंधानुकरण या उग्र विरोध के बजाय संतुलित दृष्टिकोण से अपनाएं, तो यह सांस्कृतिक संघर्ष का कारण नहीं बनेगा। भारतीय समाज की विशेषता यह रही है कि उसने बाहरी प्रभावों को आत्मसात करते हुए उन्हें अपनी संवेदना के अनुरूप रूपांतरित किया है। ठीक उसी प्रकार वेलेंटाइन डे को भी हम भारतीय मूल्यों के साथ जोड़ सकते हैं। अंततः प्रेम एक सार्वभौमिक और शाश्वत भावना है। इसमें वासना नहीं, बल्कि समर्पण और सम्मान का भाव होना चाहिए। चाहे वह राधा-कृष्ण का आध्यात्मिक प्रेम हो, सूफी संतों की भक्ति हो या संत वेलेंटाइन की शहादत। सभी का मूल संदेश यही है कि प्रेम मनुष्य को श्रेष्ठ बनाता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम प्रेम को दिखावे या बाजारवाद से ऊपर उठाकर उसकी पवित्रता को बनाए रखें। यदि वेलेंटाइन डे हमें यही सीख देता है, तो यह केवल एक विदेशी पर्व नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना का उत्सव बन सकता है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## शिव जागरण व भंडारे का आयोजन

**रूद्रपुर, देवरिया।** महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर दुग्धेश्वर नाथ मंदिर परिसर में बहुउद्देशीय हॉल के पास शिव जागरण व भंडारे का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा निगम द्वारा किया जा रहा है। उक्त सूचना देते हुए प्रतिनिधि छठ्ठेलाल निगम ने कहा कि शिव भक्त शनिवार की सायं जागरण का आनंद लें और भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करें।

## देवरिया पुलिस का चेकिंग अभियान, 114 वाहनों का ई-चालान

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में टीम ने कोतवाली क्षेत्र में ई-रिक्शा वाहनों की जांच की तथा वैध कागजात वाले वाहनों की नंबरिंग कराई। गोरखपुर ओवरब्रिज, कसया ओवरब्रिज, मालवीय रोड और बस स्टैंड क्षेत्र में सड़क पर वाहन खड़ा कर सवारी भरने वाले अनुबंधित बस, ऑटो व ई-रिक्शा के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 114 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 12 वाहनों को सीज किया गया। पुलिस ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई से यातायात नियमों का पालन होता है और दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलती है।

## आरोग्य भारती द्वारा स्वस्थ जीवन शैली गोष्ठी आयोजित

**देवरिया।** आरोग्य भारती के तत्वावधान में देवरिया विकास खंड के अंतर्गत कोलहुआ प्राथमिक विद्यालय में स्वस्थ जीवन शैली विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरोग्य भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अजीत नारायण मिश्र ने बच्चों को स्वस्थ रहने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग, आयुर्वेद और ऋतु अनुसार दिनचर्या अपनाना आवश्यक है। संतुलित आहार-विहार पर बल देते हुए उन्होंने बच्चों को पिज्जा, बर्गर, मोमोज व कोल्ड ड्रिंक से दूर रहने और घरेलू व देसी उत्पादों का सेवन करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ एवं फल वितरित किए गए। इस अवसर पर सुरेश गुप्ता, नवीन तिवारी, शुकदेव त्रिपाठी, संतोष कुमार सिंह, अर्चना सिंह, प्रशांत कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर में जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण



**देवरिया।** महाशिवरात्रि के दृष्टिगत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने पुलिस अधीक्षक श्री संजीव सुमन के साथ दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने प्रवेश-निकास मार्ग, बैरिकेडिंग, दर्शन व्यवस्था, प्रकाश, पेयजल, पार्किंग, भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पर्याप्त पुलिस बल, सीसीटीवी निगरानी, चिकित्सा सहायता, फायर सेफ्टी और स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की जाए। 14 फरवरी को सायं 7 बजे मंदिर परिसर के पीछे सरोवर के पास आयोजित शिव जागरण और भंडारे की तैयारियों का भी जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं से अनुशासन बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

## भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा निकली

**देवरिया।** जनपद के रामपुर कारखाना क्षेत्र के गोरया घाट ग्राम पंचायत में महात्मा बुद्ध व डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कांग्रेसजनों ने मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा की शुरुआत की। पदयात्रा विशुनपुर कला, लाहिलपार, महुआनी चौराहा होते हुए बड़हरा चौराहे पर नुक्कड़ सभा के बाद नगर पालिका परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार मनरेगा को कमजोर कर मजदूरों के अधिकार छीन रही है। प्रभारी अंशु मणि त्रिपाठी ने कहा कि गांव-गांव चौपाल लगाकर मजदूरों को जागरूक किया जा रहा है। अन्य वक्ताओं ने भी मजदूरों और किसानों के हितों की रक्षा का संकल्प दोहराया। पदयात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ता, महिलाएं व ग्रामीण शामिल रहे।

# सहजनवां थाने में हंगामा: एक विवाहित युवक की दो सगी बहनों से प्रेम संबंध, थाने पहुंचकर मांगा साथ रहने का हक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के सहजनवां थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक बेहद विचित्र और भावुक हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। एक शादीशुदा युवक की दो प्रेमिकाएं—जो आपस में सगी बहनें हैं—थाने पहुंचीं और उसके साथ रहने की जिद पर अड़ी रहीं। इस घटना ने थाना परिसर को अफरा-तफरी का मारा बना दिया, जहां ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और माहौल कई घंटों तक तनावपूर्ण रहा। जानकारी के मुताबिक, थाना क्षेत्र के एक गांव का यह युवक पहले से शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। उसका प्रेम संबंध पड़ोसी गांव की एक विवाहित महिला से शुरू हुआ, जो खुद तीन बच्चों की मां है। इसी दौरान उसके संबंध उसी महिला की सगी छोटी बहन से भी गहरे हो गए। ग्रामीणों के अनुसार, युवक दोनों बहनों को अलग-अलग समय पर अपने साथ घुमाता-फिरता था और यह बात इलाके में पहले से ही चर्चा का विषय बनी हुई थी। दोनों बहनें उसके साथ खुले तौर पर दिखती थीं, जिससे गांव में अफवाहें तेज हो गई थीं। पिछले कुछ महीनों से युवक ने दोनों महिलाओं से दूरी बनानी शुरू कर दी थी।

इससे क्रोधित और आहत होकर दोनों सगी बहनें शुक्रवार को सीधे सहजनवां थाने पहुंच गईं। उन्होंने युवक के साथ रहने, रिश्ते को जारी रखने और उसे छोड़ने न देने की मांग को लेकर जोरदार हंगामा किया। संयोगवश उसी समय युवक अपनी पत्नी और बच्चों के साथ थाने में मौजूद था—शायद किसी अन्य मामले में। जैसे ही तीनों महिलाएं (पत्नी और दो बहनें) आमने-सामने आईं, माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया। दोनों बहनों ने युवक पर भावुक अपील की, आरोप लगाए और रो-धोकर साथ रहने की जिद की, जबकि पत्नी स्तब्ध रहकर सब देखती रही। हंगामे की सूचना पर पुलिस ने तुरंत सक्रियता दिखाई। थाना प्रभारी महेश कुमार चौबे के निर्देशन में युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस की सख्ती, समझाइश और परिजनों की मौजूदगी में स्थिति धीरे-धीरे संभली। बड़ी बहन ने अपने पति के सामने सार्वजनिक तौर पर गलती मान ली। उसने पति के पैर पकड़कर माफी मांगी, जिसके बाद पति उसे घर ले गया। छोटी बहन के मामले में भी परिवारवालों के बीच बातचीत हुई और समझाने-बुझाने के बाद उसे भी परिजनों के साथ भेज दिया गया।

कई घंटों तक चले इस घटनाक्रम में थाने पर भारी भीड़ लगी रही। लोग इस अनोखे प्रेम त्रिकोण—या चतुर्भुज—पर हैरानी और चर्चा करते रहे। पुलिस ने सभी पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। थाना प्रभारी महेश कुमार चौबे ने बताया कि घटना की पूरी जानकारी है। युवक से विस्तृत पूछताछ की गई है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। अभी तक कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं हुई है, लेकिन यह घटना सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर लंबे समय तक चर्चा में रहेगी। यह मामला ग्रामीण समाज में बदलते रिश्तों, नैतिक मूल्यों और परिवार की मर्यादाओं पर गंभीर सवाल खड़े करता है। पुलिस का कहना है कि ऐसे संवेदनशील मामलों में शांति और समझदारी से निपटना जरूरी है ताकि कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

# ख़जनी में सरकारी कोटे की दुकान पर दबंगों का हमला, राशन वितरण के दौरान मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ख़जनी–** गोरखपुर जिले के रिक्शा नारा गांव में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान पर राशन वितरण के दौरान दबंगों द्वारा हमला किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित कोटेदार हरिगोविन्द उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि 13 फरवरी 2026 की सुबह लगभग 7 बजे राशन वितरण के समय कुछ लोगों ने सामूहिक रूप से उनके घर और दुकान पर हमला कर दिया, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। पीड़ित हरिगोविन्द उपाध्याय, पुत्र स्वर्गीय सुदामा उपाध्याय, ग्राम खशातारा, पोस्ट दवाई के स्थायी निवासी हैं और गांव में सरकारी कोटे की दुकान संचालित करते हैं। उनके अनुसार घटना के दिन वे नियमित रूप से राशन वितरण कर रहे थे, तभी विमल पासवान (अनुलन) पुत्र सितारे पासवान, आदित्य सिंह (सौरभ) पुत्र रामसागर सिंह, अभय सिंह पुत्र गंगासागर सिंह तथा शिवम सिंह पुत्र रामकेश सिंह समेत अन्य लोग विवाद करते हुए उनके दरवाजे पर पहुंच गए।

आरोप है कि सभी ने मिलकर इंट-पत्थरों से हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान दुकान पर अंगूठा लगाकर राशन ले रही महिलाओं के साथ बदसलूकी और छेड़छाड़ की कोशिश भी की गई। इससे वहां मौजूद महिलाओं और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित का कहना है कि आरोपित पहले भी रास्ते में अभद्र टिप्पणी और अश्लील हरकतें करते रहे हैं तथा कई बार रास्ता रोककर खड़े रहते हैं। घटना के दौरान रणजीत उपाध्याय को भी इंट से पैर पर मारा गया, जिससे उनका पैर फ्रैक्चर हो गया। आरोप है कि हमलावरों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए राशन वितरण की मशीन को भी फेंक दिया, जिससे वितरण कार्य बाधित हो गया। पीड़ित का कहना है कि इस तरह की वारदात पहले भी हो चुकी है, जिसकी सूचना दी गई थी और समझौता भी हुआ था, लेकिन दबंगों के हौसले कम नहीं हुए। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने प्रशासन से सुरक्षा और आरोपितों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में कोई बड़ी घटना हो सकती है। फिलहाल मामले को लेकर क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है और लोग पुलिस की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

## जगनेटर का अल्टीनेटर हुआ चोरी



**मनकापुर गोण्डा** – थाना खोड़ारे स्थित ग्राम महुवा पाकर के मजरा नवी नगर निवासी शैलेन्द्र कौशल श्रीवास्तव ने लिखित तहरीर के माध्यम से शिकायत किया है कि हमारे गांव के पश्चिम मे हमारे घर का निर्माण कार्य चल रहा है गुरुवार बीती रात्रि मे घर के पास रखा जगनेटर अज्ञात चोरो द्वारा जगनेटर से 7 केवी अल्टीनेटर खोल कर चुरा लगये।शिकायत कर्ता ने लिखित शिकायत के माध्यम से कार्यवाही करने की मांग किया है। इस बावत थानाध्यक्ष खोड़ारे यशवंत सिंह से जानकारी लेने पर बताया कि घटना की जानकारी नहीं है घटना की जानकारी करके उचित कार्यवाही किया जाएगा।

## आगामी पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न






**●आगामी पर्व को शांति व सौहार्द के साथ मनाने के लिए सीओ ने किया अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना परिसर में शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी अंकुर गौतम के अध्यक्षता में आगामी पर्व महाशिवरात्रि, ईद-उल-फितर, होली आदि को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में सभी से आगामी पर्व को शांति व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। क्षेत्राधिकारी अंकुर गौतम ने सभी से आगामी त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने के लिए लोगों से अपील किए। उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि आप सभी आगामी त्योहारों को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि आगामी पर्व में यदि किसी के द्वारा सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया तो पुलिस उनके साथ सख्ती से पेश आएगी। उन्होंने कहा कि अगर त्योहार में किसी के द्वारा अराजकता फैलाने का प्रयास किया तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें। त्योहारों में खलल डालने वालों को बख्शा नहीं जायेगा। थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में करीब 36 जगहों पर जुमे का नमाज अदा किया जाता है। ऐसे में सभी सम्प्रदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। इस दौरान वरिष्ठ उपनिरीक्षक महेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक रामजीत, अनील यादव, त्रिपुरारी यादव, सुमित कुमार मिश्र, अकबर खान, दुर्गा मिश्र, अब्बास खान, देव प्रसाद, राजू पासवान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सोनभद्र ओबरा हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा, पूर्व कर्मचारी ही निकला कातिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र।** जनपद की स्वाट/एसओजी टीम और ओबरा पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए गिरधर सीमेंट्स लिमिटेड परिसर में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से लूटी गई नगदी और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से छिपाए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। बीती 07/08 फरवरी 2026 की दरमियानी रात ओबरा स्थित गिरधर सीमेंट्स लिमिटेड के संचालक के चाचा विष्णु हरि उपाध्याय की अज्ञात हमलावर ने सिर पर पत्थर से वार कर निर्मम हत्या कर दी थी। हत्यारा न केवल कार्यालय की दराज से ?6500 और मोबाइल लूट ले गया था, बल्कि अपनी पहचान छिपाने के लिए सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त कर मॉनिटर और प्रिंटर भी गायब कर दिए थे। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने मुखबिर की सूचना पर 12/13 फरवरी की रात्रि करीब 12:35 बजे बग्घा नाला ओवरब्रिज के पास घेराबंदी की। यहाँ से अभियुक्त श्रवन सिंह उर्फ श्रवण गोंड (36 वर्ष), निवासी छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटनास्थल से 300 मीटर दूर झाड़ियों में छिपाए गए कंप्यूटर मॉनिटर और प्रिंटर भी बरामद कर लिए गए। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए चौंकाने वाले खुलासे किए। अभियुक्त पूर्व में इसी सीमेंट कंपनी में 2 वर्षों तक मिस्त्री का काम करता था। नौकरी से निकाले जाने और मृतक द्वारा बार-बार डांट-फटकार किए जाने से वह बेहद गुस्से में था। रंजिश के चलते वह रात के अंधेरे में बाउंड्री फांदकर घुसा और सो रहे विष्णु हरि उपाध्याय के सिर पर पत्थर से 3-4 बार वार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने अभियुक्त के पास से निम्नलिखित वस्तुएं बरामद की हैं। मृतक का नोकिया कीपैड मोबाइल। लूट के ?5000 नगद। अभियुक्त का आधार कार्ड और एक सफेद धातु का कड़ा (जो सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा था)। घटना स्थल से गायब किया गया ॥क्रप्रिंटर और स्द्भठ्ठश्1श मॉनिटर। इस सफल अनावरण में ओबरा प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय, एसओजी प्रभारी राजेश जी चौबे, निरीक्षक अपराध शमशेर यादव और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम की तत्परता और पेशेवर कार्यशैली की सराहना की है।

## बाबा राघवदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रीड़ा समारोह सम्पन्न

**देवरिया।** बाबा राघवदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि खेल जीवन निर्माण का आधार हैं और युवाओं को अनुशासन व आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. ममता मणि त्रिपाठी ने खेलों को नई शिक्षा नीति 2020 का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए विद्यार्थियों को शिक्षित, संगठित और संघर्षशील बनने का संदेश दिया।1500 मीटर बालक वर्ग में सूर्यांश वर्मा प्रथम, बबलू चौहान द्वितीय और अखिलेश सिंह तृतीय रहे। बालिका वर्ग में मानसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन और वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में भी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं को मेडल व स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि मेले की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा, चाक चौबंद व्यवस्था का निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रुद्रपुर,देवरिया।** पौराणिक तीर्थ दुग्धेश्वर नाथ मंदिर पर आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के साथ मंदिर परिसर पहुंचकर व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने बैरिकेटिंग, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है, ऐसे में सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने विशेष रूप से बैरिकेटिंग व्यवस्था को सुदृढ़ रखने, भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मंदिर में पहुंचकर भगवान महादेव का जलाभिषेक कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। उन्होंने शनिवार को मंदिर के पीछे आयोजित हो रहे शिव जागरण व भंडारे के लिए भक्तों का आह्वान भी किया। एसपी संजीव सुमन ने सीओ को विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मेला मालकिन व सतासी राज स्टेट की वारिस कादम्बरी सिंह ने भी डीएम से मुलाकात कर व्यवस्थागत बात की। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी हरिशंकर लाल, क्षेत्राधिकारी हरिराम यादव, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर,नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि छट्ठे लाल निगम तथा अधिशासी अधिकारी नितेश कुमार गौरव, नगर लेखपाल संकट मोचन चतुर्वेदी सहित नगर पंचायत के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# फर्जी आईडी बनाकर सोशल मीडिया में बदनाम करने की साजिश, विरोध पर घर में घुसकर हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवां–** गोरखपुर जनपद के सहजनवां थाना क्षेत्र के निबरहार गांव में सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर एक युवती को बदनाम करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। आरोप है कि पड़ोस की ही एक युवती ने पीड़िता के नाम से सोशल मीडिया पर नकली प्रोफाइल तैयार कर उसकी फोटो और आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट कर उसे बदनाम करने की कोशिश की। जब इस बात की जानकारी पीड़िता और उसके परिजनों को हुई तो गांव में तनाव का माहौल बन गया। परिजनों के अनुसार, गुरुवार की रात करीब 8 बजे वे आरोपी युवती के घर इस संबंध में शिकायत करने और स्पष्टीकरण मांगने पहुंचे थे। आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने बातचीत के बजाय गाली-गलौज शुरू कर दी। स्थिति बिगड़ती देख पीड़िता के परिजन वापस अपने घर लौट आए। बताया जा रहा है कि कुछ ही देर बाद आरोपी पक्ष के लोग गोलबंद होकर पीड़िता के घर पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने घर में घुसकर मारपीट की, जिसमें परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए, तब जाकर मामला शांत हुआ। घटना के बाद गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दे दी है। उसने मांग की है कि फर्जी आईडी बनाकर बदनाम करने और घर में घुसकर मारपीट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। परिजनों का कहना है कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर किसी की प्रतिष्ठा से खिलवाड़ करना गंभीर अपराध है और ऐसे मामलों में उदाहरणात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। इस संबंध में थाना प्रभारी महेश कुमार चौबे ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाया गया तो गांव में आपसी रंजिश और बढ़ सकती है।

# दिव्यांगजनों के लिए उम्मीद की नई किरण: संगम सिंह की पुण्यतिथि पर 225 मरीजों को मिला लाभ, सैकड़ों उपकरण वितरित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी, गोरखपुर।** ग्राम मंझरिया बुजुर्ग में आज मानव सेवा का प्रेरक दृश्य देखने को मिला, जब स्वर्गीय संगम सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. वाई. सिंह के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण वितरण एवं निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों और जरूरतमंदों की उपस्थिति रही। शिविर के दौरान दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कुल 7 बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, 10 सामान्य ट्राइसाइकिल, 35 व्हीलचेयर, 38 श्रवण यंत्र, 40 कमर बेल्ट, नेत्र बाधित मरीजों के लिए सेंसर युक्त छड़ियाँ तथा 45 सामान्य छड़ियाँ सहित अन्य आवश्यक उपकरण वितरित किए गए। यह वितरण सीआरसी गोरखपुर के सहयोग से किया गया, जिससे अनेक परिवारों के चेहरों पर संतोष और राहत की झलक दिखाई दी।

साथ ही आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लगभग 225 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श, आवश्यक प्रशिक्षण एवं निःशुल्क दवाएं प्रदान की गई। सहायक उपकरणों का वितरण डॉ. वाई. सिंह की माताजी श्रीमती विमला सिंह, श्री मानवेंद्र सिंह, श्रद्धा सिंह, अलका सिंह, रीना, सरला एवं परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सीआरसी गोरखपुर के निदेशक जितेंद्र यादव, राजेश कुमार, नागेंद्र पांडे, आलिमंको से नीरज जी एवं कंचन जी सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। चिकित्सा सेवा में डॉ. डी.के. सिंह, डॉ. डी.के. श्रीवास्तव, डॉ. अमित पांडे, डॉ. रत्नाकर शुक्ल, डॉ. एस.के. लाट, डॉ. वी.पी. बरनवाल, डॉ. एम.के. गुप्ता, डॉ. सतीश जायसवाल, डॉ. शैलेश मौर्य, डॉ. भूपेंद्र सिंह एवं डॉ. मनीष नायक सहित सेवा भारती के चिकित्सकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अतिरिक्त पूर्व कैबिनेट मंत्री जी.एम. सिंह, ब्लॉक प्रमुख शक्ति सिंह, पार्षद अशोक मिश्र, ग्राम प्रधान रमेश सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को सहयोग प्रदान कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर बनाना रहा, जो पूरी तरह सफल होता नजर।

# सोनभद्र जिलाधिकारी का कलेक्ट्रेट में औचक निरीक्षण, पत्रावलियों के रख-रखाव में लापरवाही पर जताई कड़ी नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने शुक्रवार, 13 फरवरी 2026 को कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न अनुभागों एवं विभागीय कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी के कड़े तेवर देखने को मिले। उन्होंने पत्रावलियों के अव्यवस्थित रख-रखाव और स्वच्छता के प्रति उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के लगभग सभी महत्वपूर्ण अनुभागों का बारीकी से जायजा लिया, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे। मीटिंग हॉल एवं न्याय सहायक अनुभाग। सामान्य कार्यालय व पासपोर्ट अनुभाग। राजस्व सहायक, ई.आर.के./आंग्ल अनुभाग। स्थानीय निकाय, रिकॉर्ड रूम, मुख्य राजस्व एवं नजारत अनुभाग। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी प्रत्येक पटल पर गए और वहां तैनात कर्मचारियों से लंबित कार्यों की प्रगति और पत्रावलियों की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से पूछताछ की। पत्रावलियों के प्रबंधन पर जोर देते हुए श्री सिंह ने कहा कि पुरानी और महत्वपूर्ण फाइलों को इस प्रकार सुव्यवस्थित रखा जाए कि आवश्यकता पड़ने पर कोई भी नया कर्मचारी उन्हें आसानी से खोज सके। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा,कार्यालय के कार्यों का संपादन कराना विभागीय अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। अधिकारी अपने कार्यों को पूरी तरह अधीनस्थों के सहारे न छोड़ें। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी स्वयं विभागीय आदेशों और नियमों का अध्ययन करें और अपने मार्गदर्शन में ही कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। किसी भी स्तर पर त्रुटि पाए जाने पर सीधे संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। परिसर की सुंदरता को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्यालय कक्षों के साथ-साथ पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में स्वच्छता बनी रहनी चाहिए। उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्षों को अपने-अपने अनुभागों में सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी करने की जिम्मेदारी सौंपी। इसके साथ ही, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को तकनीकी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए ताकि जनता को दी जाने वाली डिजिटल सेवाओं में कोई बाधा न आए। इस औचक निरीक्षण के समय जिलाधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश कुमार, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल यादव, वरिष्ठ कोषाधिकारी इंद्रभान सिंह, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्रा और कलेक्ट्रेट नाजिर बाबू लाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने समयबद्ध सूचना देने पर दिया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** लोक निर्माण निरीक्षण भवन में आयोजित बैठक में राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने सूचना के अधिकार के सदुपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम लोकतंत्र की भावना के अनुरूप है और इसका उपयोग निहित स्वार्थ से प्रेरित नहीं होना चाहिए। जरूरतमंदों को इसका लाभ मिलना चाहिए। जन सूचना अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे 30 दिन की समय सीमा में सूचना उपलब्ध कराएं। जो सूचना अधिनियम के तहत देय न हो, उसका स्पष्ट आधार बताकर अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकार के साथ कर्तव्य भी जुड़ा है और पारदर्शिता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### मितौली सी. एच. सी. में 10 टीबी मरीजों को गोद लेकर बांटी गई पोषण पोटली



**मितौली खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में शुक्रवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 10 क्षय (टीबी) रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण पोटली वितरित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी मरीजों को उपचार के दौरान आवश्यक पोषण सहायता प्रदान कर उनके स्वास्थ्य में शीघ्र सुधार सुनिश्चित करना है।चिकित्सकों ने बताया कि टीबी के इलाज में नियमित दवा के साथ संतुलित आहार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि उपचार के दौरान किसी प्रकार की कमजोरी या कुपोषण की समस्या न हो। इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार वर्मा (MO), निश्चय मित्र जिब्राइल अली, एसटीएस अवधेश कुमार एवं लैब टेक्नीशियन अरविंद शुक्ला उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग की इस पहल को क्षेत्र में टीबी उन्मूलन की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मरीजों को नियमित दवा सेवन, पौष्टिक आहार एवं समय-समय पर जांच कराने के लिए भी जागरूक किया गया।

### मनरेगा बचाओ संघर्ष पदयात्रा का आयोजन



**लखीमपुर खीरी** दिनांक 13 फरवरी को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर प्रदेश व्यापी कार्यक्रम के तहत मनरेगा बचाओ संघर्ष पदयात्रा नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय के उद्घाटन के उपरांत तहसील होते हुए बराबर चौराहा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत प्रारंभ हुई पुणे तहसील गेट पर आकर के जाम के नारेबाजी हुई मनरेगा मजदूरों की समस्याओं पर प्रकाश डाला गया उसके उपरांत बाबोरी धर्मेंद्र शंकरपुर चौराहा होते हुए भुइयारा बकरा बॉडी कला बाटी अफगान झुमरी पूर्व डाकिया पांडे वाली सुखमशाह अंबेडकर पार्क पर समापन हुआ यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा, एआईसीसी सदस्य अशफाक उल्ला खान, मोनिश अली नकवी ,युसूफ खान, रियाज मोनू शहर अध्यक्ष, जिला कोऑर्डिनेटर मनरेगा श्रीमती शिप्रा अवस्थी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर महेंद्र गौतम, कार्यक्रम के आयोजक डॉक्टर विनोद कुमार तिवारी एडवोकेट,आरिफ खान, सुबोध अवस्थी, कल्लू मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष मुन्नालाल शुक्ला, ब्लॉक उपाध्यक्ष कमर अहमद, अब्दुल रहीम, रघुनंदन राज पासी, अब्दुल्ल लतीफ, बलराम वरुण, के के मिश्रा ,अनंत राम गौतम अब्दुल कयूम, अभय प्रताप सिंह, राम शंकर पाल, नेपाल यादव, दीपांजलि गौतम, शगुफता खान, सबी खान फकीर मोहम्मद, मोहम्मद वकार अहमद, शाहिद सैकड़ो कांग्रेसी जान बराबर उपस्थित रहे। उक्त जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी।

### भारत नेपाल सीमा पर मंडल आयुक्त की शक्त नजर प्रशासन को चेताया



**बरेली**/पड़ोसी जनपद पीलीभीत की सीमा से सटा हुआ नेपाल की सीमा लगती है जहां से किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी यह संदेश उन्होंने स्पष्ट दिया मंडल आयुक्त भूपेंद्र एस चौधरी ने डीआईजी रेंज अजय साहनी के साथ बैठक कर पुलिस एवं अन्य अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखें जाए जिससे सीमा पार से मानव तस्करी खदान एवं नशीले पदार्थ जैसी वस्तुओं का आता खबर पूरी तरह बंद रहे इसके लिए सीमा पर चौकसी वर्तनी अनिवार्य है साथ ही उन्होंने शारदा नदी से बालू रेत आज की तस्करी के साथ ही पेट्रोल डीजल आदि का सीमा से तस्करी की जाती है इसको पूरी तरह रोका जाए शारदा नदी से अवैध शिकार करना तोता पालना भी अपराध है इसे भी हर हालत में रोका जाए यदि इस तरह का मृत कहीं पर पाया गया तो उसे क्षेत्र के जिम्मेदारों की पूर्ति आज जिम्मेदारी तय की जाएगी के इस तरह का कृति कैसे हुआ।

## कूटरचित दस्तावेज लगाकर फर्जी वरासत कराएँ जाने के आरोप

### ● झूठी गवाही, फर्जी मृत्यु प्रमाण, पत्र व परिवार रजिस्टर लगा फर्जी वरासत आदेश पारित कराकर जीवित हरिराम को मृतक दिखाकर हड़पी गई जमीन- आरोप

### हरीराम की फर्जी पुत्री बनी पिंकी देवी पत्नी बिंदरपाल




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी** जनपद के तहसील गोला में भ्रष्टाचार और कूटरचित दस्तावेजों में जीवित हरिराम को मृतक दिखाकर उसकी जमीन गाटा संख्या 731 की फर्जी वरासत पिंकी देवी पुत्री बिंदरपाल के नाम दर्ज कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।सूत्र बताते हैं कि इस भ्रस्टाचार और फर्जीवाड़ा के सुनियोजित खेल में ग्राम प्रधान से लेकर तहसीलदार व पंचायत सचिव के शामिल होने की बात सामने आयी है। मामले की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराकर निष्पक्ष जांच कराये जाने और जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत में हरीराम धोबी ने आरोप लगाया है कि तहसील गोला के परगना कुकुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत हर दुआ में उसकी अपनी जमीन थी। जिसका वह स्वामी व मालिक था।हरीराम का आरोप है कि वह रेल्वे में नौकरी से रिटायर्ड होने के बाद अपने घर बस्ती चला गया। जिसका फायदा उठाते हुए हर दुआ निवासी पिंकी देवी पत्नी बिंदर पाल ने अपने सहयोगी लोगों और ग्राम पंचायत सचिव व प्रधान से मिलीभगत करके उसे मृतक दिखा दिया गया।और अपने गैंग के लोगों के साथ कूट रचित दस्तावेज तैयार करके तहसील दार न्यायलय से एक वरासत आदेश फर्जी तरीके से अपने पक्ष में करवा लिया। सबसे मजेदार बात तो यह है कि हरीराम धोबी जाति के हैं और पिंकी देवी पत्नी बिंदर पाल मौर्य बिरादरी के हैं तो फिर यह हरीराम की पुत्री कैसे हो गई। हरीराम ने बताया वह जीवित है और रेल्वे से पेंशन भी ले रहा है फिर भी उसे सिस्टम में फैले भ्रष्टाचार ने मृतक दिखा दिया। वह जिले के सभी अधिकारियों से गुहार लगाते लगाते थक गया किसी ने उसकी एक न सुनी। पीड़ित न्याय की आश में दर दर की ठोकरे खाने को विवश है। अब पूनःमुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी लोगों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। यदि मामले की हुई निष्पक्ष जांच तो कई लोगों के ऊपर कारवाई की गाज गिरना तय माना जा रहा है।

**क्या कहते है तहसीलदार गोला**

मामला मेरे संज्ञान में आया है निश्चय ही जांच कराई जाएगी जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित पक्ष द्वारा पूनः रेस्टोरेशन दाखिल किया जाता है तो गुण दोष के आधार पर फर्जी वरासत आदेश को निरस्त किया जाएगा।

## विधान परिषद सदस्य द्वारा रोडवेज बस स्टैंड की मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मैलानी-खीरी।** मैलानी नगर पंचायत के लिए ऐतिहासिक पहल।भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री और विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता द्वारा बृहस्पतिवार को मैलानी नगर पंचायत के लिए रोडवेज बस स्टैंड की मांग के गई। वहीं इसे मजबूती से उठाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी और समस्त जनता ने इस मांग का जोरदार स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अनूप गुप्ता को इस विषय में पत्र सौंपा गया था,जिस पर उन्होंने तत्तपर्ता से संज्ञान में लेते हुए जनहित कि महत्त्वपूर्ण मांग को सदन में जोरदार रूप से उठाया।यह मैलानी क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। मैलानी क्षेत्र और आस पास की जनता में इसको लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। बताते चलें किमैलानी नगर में काफी समय से रोड वेज बस स्टैंड बंद था, जिससे आम जनता को काफी परेशानी उठानी पड़ती थी।कई बार मांग की गई लेकिन कोई आवाज़ सदन तक नहीं पहुंच पाई। मैलानी नगर पंचायत में जब से मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी ने कार्य भार सम्हाला, तब से मैलानी और आस पास की जनता की भलाई लिए कई विकास कार्यों को पूरा करने का प्रयास किया। पलिया से जब भी कोई यात्री मैलानी आता, तो मैलानी तिराहे पर उतरने को मजबूर था और बस के किराए के अलावा रिक्शे आदि का किराया भी वहन करता, लेकिन इस पहल से सभी में खुशी की लहर दिखाई दे रही है। फिलहाल अभी तक तो मांग है,अगर सच हुआ तो मैलानी की जनता के लिए काफी सुविधाजनक होगा।अभी तक इस पहल से सभी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं।

## बदलते मौसम में अपनी सेहत रखें खास ध्यान -डॉ गौरी सारस्वत



**बरेली/रिठौरा।** रूहेलखंड मेडीकल कॉलेज एवं अस्पताल द्वारा संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रिठौरा में शुक्रवार को डॉ रश्मि कत्याल के नेतृत्व में विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।इस दौरान डॉ गौरी सारस्वत, डॉ हसन जैदी, डॉ अनिकेत, डॉ सैजनी यादव,की विशेषज्ञ टीम ने 44 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं दीं। डॉ सारस्वत ने बदलते मौसम में एहतियात बरतने की सलाह के साथ खान-पान में सुधार, नियमित व्यायाम के संदर्भ में सतर्क रहने की सलाह दी।इस दौरान डॉ नासिर, डॉ राज, डॉ ऋतम, डॉ सलिल, डॉ मोहित, एवं कासिम हुसैन, कुलदीप गंगवार, पूजा शर्मा, अनिल कुमार, अरमान अली, रामबहादुर, दीपमाला सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

## काग़ज़ों पर फर्म बना लाखों का भुगतान निकाले जाने के आरोप

### ● जमीन पर फर्म का अता पता नहीं फिर भी लाखों का भुगतानः भ्रस्टाचार के इस खेल पर अफसर बने अनजान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड नकहा की दर्जनों ग्राम पंचायतो का है जहां पर उत्तर प्रदेश सरकार के आंखों में धूल झोंकते हुए भ्रष्टाचार को खुलेआम बढ़ावा दिए जाने का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है ।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ ग्राम पंचायत अधिकारियों को इस तरह के खेल में महारत हासिल है जिसके परिणाम स्वरुप उच्च अधिकारियों की नजर इस भ्रष्टाचार की तरफ नहीं पहुंचने व पाती है ।बताया जाता है कि इस भ्रष्टाचार के खेल में ब्लॉक के जिम्मेदार भी शामिल है सूत्र बताते हैं कि विकासखंड नकहां में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी मनीष सिंह का एक ऐसा ही मामला चर्चा का विषय बना है ।आरोप है कि 15% कमीशन इनको मिलता है इस कमीशन राशि को हजम करने के लिए सचिव साहब ने एक फर्म का निर्माण कर डाला है माँ इंटरप्राइजेज के नाम से बनी इस फर्म का हकीकत के धरातल पर कहीं भी अता पता नहीं है ।फर्म के बिलों पर जो पता दर्शाया गया है उस जगह पर यह फॉर्म है नहीं इसका कहीं कोई बोर्ड भी नहीं दिखाई पड़ता है ।शायद यह फर्म केवल भ्रष्टाचार का भुगतान लगाने के लिए ही बनाई गई है। विभागीय सूत्रों की माने तो पंचायत सचिव मनीष सिंह के अधीनस्थ ग्राम पंचायतो में हैंडपंप रिबोर एवं मरम्मत के नाम पर भारी भुगतान माँ इंटरप्राइजेज में लगाए जाने की जानकारी मिली है। लोगों का आरोप है कि जिस कार्य को दिखाकर भारी भरकम भुगतान लगाया गया है उसी कार्य की करा ली जाय निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच तो किए गए बड़े भ्रष्टाचार की पोल खुलकर सामने आ जाएगी ।इतना ही नहीं माँ इंटरप्राइजेज फर्म का विगत दो वर्षो का ट्रांजैक्शन लेनदेन की भी कर ली जाए जांच तो बड़े राज का पर्दाफाश होना तय माना जा रहा है ।इस खेल में एक आला अफसर का संरक्षण होने के चलते यह भ्रष्टाचार का धंधा आसानी से फल फूल रहा है। ब्लॉक नकहा की कई ऐसी पंचायतें हैं जिनके द्वारा ऐसी फॉर्म को भुगतान किया गया जो जमीन पर कहीं है ही नहीं और उन फर्म को करोड़ों का भुगतान करके भ्रष्टाचार का नया कीर्तिमान स्थापित किए जाने के आरोप लगाया जा रहे हैं। यदि उक्त मामले की सी.डी. ओ खीरी द्वारा जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच करवा ली जाए तो कई लोगों पर कार्रवाई की आंच आना लगभग टाइम माना जा रहा है और भ्रष्टाचार पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है आप देखना यह है कि जिला स्तरीय जिम्मेदार कोई एक्शन लेंगे या फिर यूं ही मामले को फाइलों में जिंदा दफन कर दिया जाएगा।

## गौशाला में बिना अनुमति के जबरन प्रवेश पर हुआ हंगामा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सिंगाही-खीरी।** सिद्ध बाबा मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद भंडारा का प्रसाद पहले गौशाला में ले जाकर गौवंशीय पशुओं को खिलाने को लेकर वहां उपस्थित केयर टेकर से विवाद हो गया, प्रधान प्रतिनिधि ने गौशाला में बिना अनुमति ताला तोड कर गौशाला में जबरन घुसकर गौवंशीय पशुओं का विडियो बनाकर शोशल मिडिया पर वायरल करने का आरोप लगाकर तहरीर पुलिस को दी है। सिंगाही क्षेत्र में सिद्ध बाबा मंदिर पर मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत आयोजित भंडारे से पहले गौशाला में विवाद खड़ा हो गया। अस्थायी गौशाला में गौवंशीय पशुओं को प्रसाद खिलाने पहुंचे प्रधान पद का चुनाव लडने की तैयारी कर रहे कुछ लोगों व उनके समर्थकों सिंगाहा खुर्द अस्थायी गौशाला में केयर टेकर के बीच कहासुनी के बाद हाथा पाई की नौबत आ गई।

बताया जा रहा है कि कुछ लोग गौवंशीय पशुओं को केला खिलाने के उद्देश्य से गौशाला पहुंचे थे। आरोप है कि उन्होंने अस्थायी गौशाला में जबरन प्रवेश किया और गौवंश को प्रसाद खिलाते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने इस मामले में सिंगाही पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि पंचायत चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे पप्पू वर्मा एवं उनके समर्थकों ने चुनावी लाभ लेने के उद्देश्य से गौशाला में जबरन प्रवेश कर अनावश्यक बवाल खड़ा किया।

प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन का कहना है कि बिना अनुमति गौशाला परिसर में प्रवेश करना नियम विरुद्ध है और इससे व्यवस्था प्रभावित हुई। वहीं दूसरी ओर समिति के लोगों का कहना है कि वे गौसेवा की भावना से वहां पहुंचे थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। थाना सिंगाही पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## समाहरणालय सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार जनता दरबार का आयोजन

**गोपालगंज (बिहार)-** जिला पदाधिकारी पवन कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार जनता दरबार का आयोजन अपर समाहर्ता राजेश्वरी पाण्डेय के द्वारा किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं। जनता दरबार के दौरान चंद्रभान गिरी , प्रखंड कुचायकोट, ग्राम बलवंत सागर द्वारा भूमि विवाद से संबंधित मामला प्रस्तुत किया गया। वहीं रामबाड़ाई भगत, प्रखंड फुलवरिया, ग्राम कमलाकांत करारिया द्वारा भूमि संबंधी समस्या से जिला प्रशासन को अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त मालती देवी, प्रखंड गोपालगंज द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन दिया गया तथा शंभू भगत, प्रखंड गोपालगंज, ग्राम यादोपुर द्वारा भूमि विवाद का मामला जिला पदाधिकारी के समक्ष रखा गया। अपर समाहर्ता राजेश्वरी पाण्डेय ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को मामलों की जांच कर नियमानुसार शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर वरीय उप समाहर्ता दिलीप कुमार वरीय उप समाहर्ता अजय कुमार भी उपस्थित रहे। दोनों पदाधिकारियों ने जनता दरबार के दौरान मामलों की सुनवाई में सहयोग किया।

## महाशिवरात्रि मेले का पुलिस ने किया निरीक्षण सज गई दुकाने



**बरेली/नवाबगंज** तहसील के विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत परसरामपुर के मजरा ग्राम महेशपुर में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर एक विशाल मेले का आयोजन होता है इस मेले का आयोजन महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर होता है इस ऐतिहासिक मेले के लिए दुकानदारों ने अपनी दुकानों को लगाकर पूर्ण कर लिया है। इसकी व्यवस्था परखने के लिए क्यों लड़िया के प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह ने ग्राम प्रधान रफीक अहमद के साथ मेले में पहुंचकर मेले की व्यवस्था का निरीक्षण किया यह महाशिवरात्रि के पर्व पर लगने वाले मेले का आयोजन सैकड़ो वर्ष पुराना है यहां पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ जुटी है जल अभिषेक करने के लिए महानगर से लेकर उत्तराखंड तक से लोग इस मंदिर पर जल अभिषेक करने के लिए पहुंचते हैं और अपनी कामनाओं को पूर्ण करने की आशीष भोलेनाथ से प्राप्त करते हैं।

## महाराजा सूरजमल की धूमधाम से निकाली शोभायात्रा





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**टूण्डला-** हिंदू हृदय सम्राट वीर शिरोमणि महाराज सूरजमल की शोभायात्रा एक दर्जन झाकियों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी भंवर सिंह चौधरी ने महाराज सूरजमल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर फीता काटकर शुभारंभ किया। शोभायात्रा दीपा चौराहा से शुरू हुई जो ठाकुर बीरी सिंह कालेज में जाकर समापन हुआ। इस दौरान चौधरी भंवर सिंह चेयरमेन ने सभी सरदारी का आभार व्यक्त किया उनका धन्यवाद देते आगे कहा कि भविष्य में जो इस बार कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया है, प्रयास किया जाएगा कि आने वाले वर्षों में इससे भी और बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शोभा यात्रा में देशराज सिंह चौधरी, उदय प्रताप सिंह, सुशील चक, सचिन जैन, सत्येंद्र धनगर, महाराज सिंह धनगर, सत्य प्रकाश सगर, दिनेश गुप्ता, महेंद्र सिंह जुरेल, राजवीर सिंह आचार्य, प्रेमसिंह पूर्व प्रधान, पंकज चौधरी, किशोर चौधरी, हमवीर चौधरी, ओमप्रकाश एडवोकेट, जगबीर पौनिया, चंद्रवीर सिंह, सुशील पौनिया, उदयवीर पौनिया, अजीत जुरेल, विष्णु तिवारी,दिनेश पाल सिंह, अमित चौधरी, डॉ. गौतम नौहवार, गुलाब सिंह प्रधान, इंद्रपाल सिंह, हरीश चौधरी, गणेश चौधरी, दीपक ठेनुआ, शरद पौनिया, योगेश चौधरी (भोली ), भोला चौधरी, सत्येंद्र चौधरी, नेहरू सिंह, उदयवीर सिंह, लवकेश, लक्ष्मन सिंह, आकाश पौनिया, लटूरी सिंह, रजत सिंह, हम्बीर सिंह, प्रवीन चौधरी, लवदीप चौधरी भूपेन्द्र चौधरी, सौरभ पौनिया, जितेन्द्र पौनिया, अकुर सोलकी, पवन चौधरी, अभिषेक पौनिया, संजय पौनिया, भोला पौनिया, जोगेंद्र पाल सिंह, रुपेश शुक्ला, संजय परमार, लोकेश जादौन आदि के अलावा सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में जनपद फिरोजाबाद ने पाया द्वितीय एवं तृतीय स्थान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**फिरोजाबादः-** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब आगरा के तत्वाधान में मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन एम.डी.जैन इंटर कॉलेज, हरी पर्वत आगरा में जिला विद्यालय निरीक्षक आगरा चन्द्रशेखर एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य जी.एल. जैन के संयोजन में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ रामनाथ गौतम, डॉ निखिल जैन एवं जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया। जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रदर्शनी में आगरा के साथ मंडल से आए विभिन्न जनपद के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल का प्रदर्शन किया जिनका चयन अपने-अपने जनपदों में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता के आधार पर हुआ था। जिसमें फिरोजाबाद के चयनित विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपने मॉडलों का प्रदर्शन निर्णायक मंडल के समक्ष किया। जनपद के विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रिक लाइन सेफ्टी सिस्टम, स्टेपिंग टैंक, स्मार्ट सेफ्टी अलर्ट प्रो सिस्टम, ऑटोमैटिक पॉल्युशन क्लीनर, सेफ मूर्ति विसर्जन, अग्निनोवा भारत, कोण मापक, सोनार राडार, इलेक्ट्रिक कार रिमोट कण्ट्रोल आदि मॉडल बनाकर सभी निर्णायक अतिथियों को अपने भावी वैज्ञानिक होने का परिचय दिया द्य प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन डॉ.रामनाथ गौतम, डॉ ज्योतिका खरबंदा, डॉ शालिनी वर्मा, पंकजा मिश्रा ने किया। जिसमें द्वितीय स्थान जनपद फिरोजाबाद के सिरसागंज के श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के वाशु देव ने प्राप्त किया। इसके साथ तृतीय स्थान डिवाइन इंटरनेशनल एकेडमी, सिरसागंज की पावनी जैन एवं वैष्णवी ने प्राप्त करके जनपद का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि द्वितीय स्थान पर चयनित छात्राओं को जिला विज्ञान क्लब, आगरा द्वारा 7000 रुपये एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र को 5000 रुपये की धनराशि आर टी जी एस के माध्यम से उनके खाते में भेजी जाएगी। इसके साथ ही चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर की विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मोमेंटो, मेडल प्रदान करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद के अश्वनी कुमार जैन एवं रीनेश मित्तल ने किया। सभी का आभार डॉ निखिल जैन ने किया। कार्यक्रम में अनु वर्मा, गौरव जादौन, राजकुमार सिंह, ललित कुमार, मनोज कुमार, शिवम कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मनरेगा कार्य के दौरान मजदूर पर फावड़े से जानलेवा हमला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिंगाही, संवाददाता।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत शीतलापुर में मनरेगा कार्य के दौरान एक मजदूर पर फावड़े से हमले का मामला सामने आया है। इस हमले से मजदूर के हथेली फट गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी । पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है।

गुरुवार को शिवपूजन कश्यप पुत्र चंद्रभाल निवासी शीतलापुर ने थाने में तहरीर देखकर बताया कि 12 फरवरी सुबह लगभग 11 बजे गांव में ही मनरेगा के तहत काम कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही निवासी राजेश वर्मा पुत्र चंद्रिका वहां पहुंचे। दोनों लोगों के बीच किसी मामूली बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई।विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी राजेश वर्मा ने जान से मारने की नीयत से शिवपूजन पर धारदार फावड़े से हमला कर दिया। बचाव के दौरान शिवपूजन ने अपना हाथ आगे किया, जिससे फावड़ा उनकी हथेली पर लगा और हाथ बुरी तरह कट गया।मौके पर चीख-पुकार सुनकर वहां काम कर रहे अन्य मजदूर और ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने के कारण आरोपी दोबारा हमला नहीं कर सका और शिवपूजन की जान बच पाई। घटना के बाद से पीड़ित और उनका परिवार डरा हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।



थाना प्रभारी मनीष सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी राजेश के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कि जा रही है।

## जनता की सेवा करना मेरे खून में- है शिव मंगल सिंह राठौर

### ● खिचड़ी सहभोज, कंबल वितरण में उमड़ी भीड़,इक्कीस कम्बल वितरित किए



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली/भोजीपुरा।** विधानसभा भोजीपुरा में शुक्रवार स्वामी दिव्यानंद आश्रम में भारतीय जनता पार्टी के शिवमंगल सिंह राठौर प्रदेश प्रमुख शोध विभाग ओबीसी मोर्चा ने अपने निजी कोष से रिठौरा, शेरगढ़ के बाद आज भोजीपुरा में खिचड़ी सहभोज एवं कम्बल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि राधेश्याम साहू बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विवेक गंगवार,, नरेंद्र राठौर, अनिल गंगवार, राहुल, रामदेव ने संयुक्त रूप से मंच साझा कर समाज के लिए ऐसी बेहतर सोच रखने वाले राठौर को धन्यवाद देते हुए मुख्य अतिथि ने कहा पार्टी तो विकास का कार्य करती ही है। लेकिन राठौर का जज्बा देखकर लगता है। हम सबको मानव सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। राठौर ने अपने संबोधन में कहा हमें परिवार और पार्टी से सदैव सबका साथ, सबका विकास करने का ही मूलमंत्र प्राप्त हुआ है।समासेवा हमारे खून में है। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ राहुल ने किया।इस दौरान हजारों की संख्या में मातृशक्ति, किसान, मजदूर, दिव्यांग, साधू - संत ब्रजेश मौर्य, राजीव उर्फ लवकुश साहू, महेंद्र राठौर,धीरज साहू, भीमसेन राठौर, अंकित पंडित, पीके गुप्ता, शिवकुमार,रोहित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## थाना हैदराबाद में पीस कमेटी की बैठक, थानाध्यक्ष ने परखीं सुरक्षा व्यवस्थाएं

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** आगामी त्योहारों और परीक्षाओं के मद्देनजर जनपद के थाना हैदराबाद में 'पीस कमेटी' की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, संभ्रांत नागरिकों, मौलानाओं और संत-गुरुओं ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष सुनील मलिक ने अपील की कि महाशिवरात्रि और रमजान जैसे पवित्र पर्वो को सभी समुदाय के लोग आपसी मिलजुल कर, सौहार्द और शांति के साथ मनाएं। उन्होंने शिव बारात के मार्ग और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की और पुलिस बल को क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि त्योहारों के दौरान यदि चुनावी गुटबाजी या किसी राजनीतिक दल को लेकर विवाद की स्थिति पैदा की गई, तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में बाद में किसी भी सिफारिश या पैरवी को स्वीकार नहीं किया जाएगा। 18 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए जिन स्थानों पर लाउडस्पीकर लगे हैं, उनकी आवाज अत्यंत धीमी रखी जाए। यदि कहीं भी तय सीमा से अधिक आवाज में लाउडस्पीकर बजता पाया गया, तो उसकी सूचना तत्काल थाने को देने की अपील की गई है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या समस्या की स्थिति में जनता तुरंत पुलिस को सूचित करे। बैठक में उप निरीक्षक संतपाल लाल राठौर, जय नारायन यादव, खेमेन्द्र सिह,अशोक कुमार, कोटबारा ग्राम सुशील वर्मा,बांसगांव ग्राम प्रधान सोमनाथ मिश्र, अजान ग्राम प्रधान विपिन यादव,हैदराबाद पूर्व प्रधान चांद खान, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षक संकुल बैठक, निपुण भारत मिशन का प्रमुख आधार, यशवंत सिंह



**सुरियावा।** शुक्रवार प्रतिमाह निर्धारित एजेंडा पर होने वाली शिक्षक संकुल बैठकें निपुण भारत मिशन का प्रमुख आधार है। यह विचार तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सुरियावां यशवंत सिंह ने व्यक्त किया। एकेडमिक टीम सुरियावां के नेतृत्व में आयोजित इस तैयारी बैठक के मिनिट टू मिनिट स्टेप को ए आर पी देवेंद्र कुमार मिश्र ने साझा किया। एन बी एम सी पोर्टल के डाटा विश्लेषण के आधार पर ए आर पी मनोज प्रभाकर सिंह ने महत्वपूर्ण बिंदुओं को साझा किया। ए आर पी भास्करानंद मिश्र ने गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। संतोष कुमार और भैरवानंद यादव ए आर पी द्वारा टी ऐल एम के प्रयोग और महत्व के बारे में बताया गया। इस अवसर पर नोडल संकुल वेद प्रकाश रघुवंशी द्वारा बेस्ट प्रैक्टिसेज के बारे में विचार व्यक्त किया गया। नोडल संकुल भोलानाथ, नवनीत शुक्ल, प्रियंकर तिवारी, दिवाकर मिश्र, राकेश, दिनेश, सहित सभी शिक्षक संकुल बैठक में उपस्थित रहे।बैठक में एल एल एफ के ब्लॉक कॉर्डिनेटर लाल चंद ने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर फोकस किया। बैठक का संचालन ए आर पी देवेन्द्र कुमार मिश्र ने किया।

### मेडल पहनाकर जिलाधिकारी ने सादान को किया सम्मानित

**गोपीगंज।** भदोही जिले के इतिहास में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों मे दर्ज कराने वाले गोपीगंज के सादान को जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने सम्मानित कर हौसला बढ़ाया, राष्ट्रीय स्तर पर बॉडी बिल्डिंग में गोल्ड मेडल जीत कर शानदार उपलब्धि हासिल करने पर जिलाधिकारी शैलेश कुमार ने सादान को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी ने कहा कि मेहनत और लगन अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस मौके पर अध्यक्ष सुरेश सेठ, जनरल सेक्रेटरी प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष आशीष सिंह मौजूद रहे।

### पांचवें दिन मनकामेश्वर धाम खुटहा मे प्रवचन कथा सुनकर भाव विभोर हुए श्रोता





**हलिया मीरजापुर** ड्रमंडगंज क्षेत्र के खुटहा गांव के सेवटी नदी के तट पर विराजमान मनकामेश्वर धाम पर चल रहे सात दिवसीय प्रवचन कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता कथावाचक बिध्य पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 रामानुजाचार्य जगतगुरु स्वामी श्री लक्ष्मणाचार्य जी महाराज श्रवण करा रहे हैं।अपने कथा में कथा वाचक ने कहा कि जामवंत जी के द्वारा हनुमान को लंका भेजने का प्रसंग जो हनुमान जी को बहुत ही अच्छा लगा एवं गोकुल में श्री कृष्ण के जन्म का व्याख्या भी किया कथा पंडाल में श्री राम के जयकारे का नारा लगाता रहा बीच-बीच में संगीत मय कलाकारों के द्वारा श्लोक भी बोला जाता रहा बीच-बीच में भजन का भी कार्यक्रम चलता रहता है। कार्यक्रम के संयोजक भानु तिवारी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम बहुत सुंदर मंदिर पर कराया जा रहा है जो कार्यक्रम हर वर्ष मंदिर प्रागण में कराया जाता है। कार्यक्रम सुनने के लिए दूर दरार से लोगों का ताता लगता है। सातवें दिन कार्यक्रम का समापन भव्य तरीके से मंदिर पर किया जाएगा। समस्त क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

## भदोही में डिप्टी सीएम ने की स्वास्थ्य सेवाओ सघन समीक्षा

### ● भारत माता प्रतिमा का किया अनावरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के जनपद भदोही आगमन पर हेलीपैड स्थल पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आगमन के पश्चात उप मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) सूरियावां का गहन निरीक्षण कर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने वेटिंग हाल, इमरजेंसी, ओपीडी, दवा वितरण कक्ष, एनबीएसयू एवं एमएनसीयू वार्डो का अवलोकन किया तथा मरीजों से सीधे संवाद कर उपचार, दवा उपलब्धता एवं चिकित्सकीय व्यवहार की जानकारी ली। मरीजों द्वारा संतोषजनक सेवाएं मिलने की बात कही गई, जिस पर उप मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की।

सीएचसी में उपचार हेतु आई बुजुर्ग महिला कुसुम देवी एवं अन्य मरीजों से आत्मीय बातचीत करते हुए उन्होंने चिकित्सकों को शीघ्र जांच एवं समुचित उपचार के निर्देश दिए। इसी क्रम में अस्पताल में जन्मे नवजात शिशुओं को उप मुख्यमंत्री ने स्वयं अपने हाथों से जन्म प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निरीक्षण उपरांत प्रेस वार्ता में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक को बेहतर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि गर्भवती महिलाओं का प्रसव सरकारी अस्पतालों में ही कराएं, जिससे जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रहें। अस्पताल भवन की मरम्मत एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक धनराशि शासन स्तर से उपलब्ध कराए जाने का आश्वासन भी दिया। इसके पश्चात उप मुख्यमंत्री ग्राम चौगुना, सुरियावां (कडोर) स्थित सर्वशक्तिधाम मंदिर प्रांगण पहुंचे, जहां उन्होंने भारत माता की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत माता की प्रतिमा राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक गौरव एवं मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है, जो हमें एकता, अखण्डता और आत्मगौरव की प्रेरणा देती है। डिप्टी सीएम के आगमन के दृष्टिगत सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सीएचसी सुरियावां से लेकर सर्वशक्तिधाम चौगना तक चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहें। इस अवसर पर भारी संख्या में जनपद के जनप्रतिनिधिगण व जिला प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे।

## गैपुरा रेलवे ब्रिज के मोड़ पर बाइक-बोलेरो की जोरदार टक्कर, युवक गंभीर

गैपुरा, मिर्ज़ापुर। गैपुरा रेलवे ब्रिज के मोड़ पर गुरुवार को बाइक और बोलेरो के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय नागरिकों की सूचना पर गैपुरा पुलिस चौकी से चौकी इंचार्ज राघवेंद्र राय की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) सरोंई भिजवाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उसे मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान आशीष मौर्य (पुत्र ताराशंकर मौर्य), निवासी सगरा, विंध्याचल के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आशीष अपनी निजी बाइक (नंबर UP63 BB6386) से गोडसर से गैपुरा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान गैपुरा से गोडसर की तरफ जा रही बोलेरो (नंबर UP 66J8500) से उनकी टक्कर हो गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने रेलवे ब्रिज के मोड़ पर बार-बार हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए प्रशासन से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

## बोर्ड परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क,एडीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों के साथ की बैठक



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद में 18 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष, नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। परीक्षा व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में शुक्रवार कोएक बैठक आयोजित की गई, जिसमें परीक्षा संचालन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। यह बैठक एडीएम (वित्त एवं प्रशासन) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर समय से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई की जाए। एडीएम ने बताया कि जनपद में कुल 94 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं कराई जाएंगी। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे व वॉयस रिकॉर्डर लगाए गए हैं, जिससे परीक्षा कक्ष की हर गतिविधि पर निरंतर निगरानी रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त, नकल पर प्रभावी नियंत्रण के लिए स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। प्रशासन का स्पष्ट कहना है कि परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता और अनुशासन के साथ सम्पन्न कराई जाएंगी। इन पुख्ता तैयारियों से परीक्षार्थियों को भयमुक्त और अनुकूल वातावरण मिलेगा, जिससे वे बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

## इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन बनी चैंपियन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीखड़, मीरजापुर।** विंध्य क्रिकेट एसोसिएशन मीरजापुर के तत्वाधान मे राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता, चुनार प्रीमियर लीग जो मिनी स्टेडियम मेड़िया मीरजापुर के ग्राउंड पर चल रहे था जिसका फाइनल मैच के लिए मुख्य अतिथि हिंदुस्तान टाइम्स के संपादक शरददीप अग्रवाल, वही विशिष्ट अतिथि दैनिक जागरण के न्यूज एडिटर गुलशन द्विवेदी रहे जिनका स्वागत चुनार विधान सभा के विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह जी ने किया। फाइनल मैच के विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप 51000 इक्यावन हज़ार रुपए का और उप विजेता टीम को 21000 इक्कीस हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। फाइनल मैच इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के बीच हुआ। जिसमें इलाहाबाद की टीम टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया,पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ क्रिकेट एसोसिएशन की टीम निर्धारित 20 ओवर में 158 रन बनाएं। बल्लेबाज़ी टीम से हिमांशु सिंह ने 45 रन बनाए, गेदबाजी टीम से उदय प्रताप सिंह ने 3 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने यह मैच 7 विकेट से जीतकर अपने नाम किया बालेबाज़ी टीम से आशीष रत्नम ने 67 रन बनाए।मैन ऑफ द मैच उदय प्रताप सिंह को शारददीप अग्रवाल जी के द्वारा दिया गया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द सीरीज अमर चंद्रा को 5000 रूपए का पुरस्कार दिया गया बेस्ट बैट्समैन प्रियांशु पाण्डेय को 3000 रुपए दिया गया

बेस्ट बॉलर संदीप पटेल को 3000 रूपए दिया गया, बेस्ट फिल्डर विशाल यादव को पुरस्कृत किया गया बेस्ट विकेट कीपर सौर्य सिंह को दिया गया। आयोजक कमिटी गौतम सिंह, रजत सिंह, प्रवीन सिंह किट्टू मैच के अम्पायर पवन यादव, अमित बालखंडी स्कोरर प्रितेश शोनकर, कॉमेंटेटर गौतम सिंह, रहे। उक्त अवसर पर मण्डल अध्यक्ष विजय भारद्वाज, सुजीत सरजीत सिंह ज्योती सिंह सहित हजारों खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित रहे।

## परिषदीय परीक्षा के लिये निलंबित व्यक्ति को बनाया केंद्र व्यवस्थापक

**मीरजापुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक मीरजापुर द्वारा परिषदीय परीक्षा वर्ष -2026 के लिये नित नये करनामे किये जा रहे है, जिसके क्रम में श्री शिब प्रताप सिंह इंटर कालेज, पवारिकला, मीरजापुर में परीक्षा संचालन हेतु एक ऐसे व्यक्ति को केंद्र ब्यवस्थापक बना दिया गया है जो अनुशासनहीनता, विद्यालयीय अभिलखो को गायब करने, प्रबंधक का फर्जी हस्ताक्षर करने, विद्यालय की परिषपत्तियों का स्वहित में उपयोग करने, शैक्षणिक ब्यवस्था को ख़राब करने के आरोप में प्रबंध समिति के द्वारा निलंबित कर दिया गया है और उसके विरुद्ध जाँच की कार्यवाही प्रचलित है। किन्तु जिला विद्यालय निरीक्षक मीरजापुर द्वारा मानमाने तरीके से नियमो के विपरीत स्वहित में अरविंद कुमार (निलंबित) को परीक्षा संचालन के लिये केंद्र ब्यावस्थापक बना दिया गया है, प्रबंधक ने उच्चाधिकारियो को लिखित रूप से अवगत कराते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा किये नियम के विपरीत निलंबित व्यक्ति के स्थान पर किसी योग्य व्यक्ति को केंद्र ब्यावस्थापक नियुक्त करने की मान की है.। अब देखना है की परीक्षा निलंबित व्यक्ति से करायी जाती है या नियमानुसार योग्य व्यक्ति से।

## महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

### ● जनपद भदोही में मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद के सभी थानों द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । इस अभियान के अंतर्गत सभी थानों की एंटीरोमियो टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों पर जाकर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत जानकारी दी गई, साथ ही महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम व उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा cybercrime.gov.in पोर्टल की



जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया । कार्यक्रम के दौरान समस्त थानों पर नियुक्त एंटी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही टेंप्लेट भी वितरित किए गए।

## बीडीओ ने बैठक कर कर्मचारियों को कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश

### ● एक सप्ताह में कार्य पूर्ण न करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही होने को चेताया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित ब्लॉक कर्मियों संग बैठक कर विकास कार्यों में तेजी लाने का एडीओ, सचिवों, एल आर एम, सप्लाई इंसपेक्टर, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आदि को आवश्यक निर्देश दिया है। एक सप्ताह में कार्य में लापरवाही करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। शुक्रवार को बीडीओ ने ब्लॉक सभागार में बैठक कर आयुष्मान कार्ड , गौशालाओं पर विंध्य स्वच्छता मार्ट,लट्ठा मशीन बर्मी कम्पोस्ट का कार्य एक सप्ताह के शतप्रतिशत पुर्ण किया जाए। सप्लाई इंसपेक्टर राज सिंह यादव को कोटेदारों को सक्रिय करने को कहा है। एल आर एम के भूपेंद्र शुक्ला को एक्टीव समूह के लोगों से आयुष्मान कार्ड में सहयोग करने को कहा।शासन के मंशानुरूप ग्रामीणों को लाभ दिलाने हेतु डाटा फीडिंग कराने के लिये शक्त लहजे में हिदायत दी है। कहा कि आकांक्षी ब्लॉक के इंडिकेटर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनवाने के साथ-साथ आईडी को एक्टिवेट कराने के लिये प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश को प्रतिदिन रिपोर्ट करने को कहा। सचिवों को सभी गौशालाओं में स्वच्छता मार्ट, वर्मी कंपोस्ट , लठ्ठा मशीन तैयार करने को कहा। फार्मर रजिस्ट्री अभी तक 5 हजार अवशेष है एक सप्ताह में पूर्ण करने को कहा । मुख्यमंत्री आवास में तेजी लाने के लिए निर्देश दिया। कार्यो में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि कार्यवाही होना तय है। इस मौके पर उपस्थित रहे। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार, बीसीपीएम अनिल कुमार, सीएम फेलो गौरव, एडीओ एजी नरेंद्र कानपुरिया, भूपेंद्र शुक्ला आदि।

## महाविद्यालय के ऊपरी छत पर लगी आग

### ● आग से छत पर रखे फर्नीचर जल कर राख

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार, मीरजापुर में शुक्रवार को महाविद्यालय में करीब समय 2 बजे दोपहर को ज्ञात हुआ कि महाविद्यालय के ऊपरी छत फर्नीचर से भयंकर आग की लपटें उठ रहे हैं । तत्काल फायर विभाग को हेल्प लाइन 101 नंबर पर सूचना दी गई।फायर टीम के पहुंचने से पहले ही महाविद्यालय के स्टॉफ धर्मचंद,कुर्बान अली,पारस नाथ, जय प्रकाश सिंह,रामकेश सोनकर,डॉ रीता मिश्रा,डॉ अमित यादव सहित समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण एवं ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से आग पर काबू पाने के लिए कड़ी मेहनत की तब जाकर आग को नियंत्रित किया जा सका।आग लगने का कारण महाविद्यालय के बाहर बाउंड्री के पास बबूल के पेड़ों में काट-कटाई करके किसी अज्ञात द्वारा आग लगाई गई थी। फिलहाल पुलिस विभाग सहित सभी उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है।महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला ने कहा कि यह घटना अत्यंत चिंताजनक एवं भयावह है। आग इतनी भयंकर थी कि छत की दीवारों के प्लास्टर फट गए है एवं उधर की छत की दीवारें चिटक गई हैं। इस दौरान डॉ चन्दन साहू,डॉ रजनीश,डॉ मनोज कुमार प्रजापति,डॉ अरुणेश, डॉ संकटा प्रसाद सोनकर, डॉ नलिनी सिंह,डॉ मंजुला शुक्ला ,डॉ शिखा तिवारी,डॉ दीपक कुमार सिंह,डॉ गुरु प्रसाद सिंह,डॉ चन्दन द्विवेदी,डॉ शिव कुमार सहित प्राध्यापक ,कर्मचारीगण एवं ग्रामीण ने उपस्थित रहे।

## थाने पर सुनवाई नहीं होने पर पीड़ित ने आरजीआरएस कर लगाया न्याय की गुहार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र एक गांव निवासी ने आरजीआरएस कर लगाया न्याय की गुहार पीड़ित ने बताया कि 8 वर्षीय नाबालिक पुत्री से छेड़खानी मारपीट जान से मारने की धमकी के आरोपी की आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच कर कार्रवाई किए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मैं एक गरीब और असहाय महिला हूं महोदय मेरी 8 वर्ष की नाबालिक पुत्री के साथ पिछले लगभग 6 महीना से गांव के ही एक युवक के द्वारा छेड़खानी किया जा रहा है विरोध करने पर वह जान से मारने की धमकी देता है। जब मैं विरोध करने गई तो मेरे साथ मारपीट की गई जिसमें मुझे गंभीर चोटे आई और मेरा इलाज अभी चल रहा है इसके बावजूद थाना ड्रमंडगंज पुलिस द्वारा मेरे विरुद्ध एकतरफा कार्रवाई की गई तथा मुझे सुबह 8:00 से शाम 5:00 तक थाने में बैठा कर रखा गया उक्त व्यक्ति किसी अन्य गावं से आकर हमारे गांव में रह रहा है गांव में यह चर्चा है कि उनके विरुद्ध अन्य स्थानों पर भी गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज रहे हैं अतः उसके आपराधिक इतिहास की जांच कर उचित विधि कार्रवाई की जाए साथी उक्त युवक प्रतिदिन शराब पी कर गाली गलौज एवं उत्पाद किया करता है। जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है तथा महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा खतरे में है। श्रीमान जी से निवेदन है कि मेरी नाबालिक पुत्री के साथ हुई छेड़खानी के मामले में पासको एक्ट संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जाए दूसरा मारपीट एवं जान से मारने की धमकी के मामले में कठोर कार्रवाई की जाए तीसरा आरोपी के आपराधिक इतिहास की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए चौथ थाना अस्तर पर हुए एक तरफा कार्रवाई की जांच कराई जाए पांचवा मेरी पुत्री और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए मैं एक असहाय महिला हूं और न्याय की अपेक्षा में यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर रही हु कृपया उचित कार्रवाई करने की कृपा करें पीड़ित महिला ने न्याय की गुहार लगाते हुए पहुंच गई मुख्यमंत्री पोर्टल तक।

## कोर्ट से स्टे कराए जाने के बाद भी किया जा रहा है अवैध जमीन पर कब्जा

### पीड़ित ने आरजीआरएस कर किया शिकायत




**हलिया, मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा चौकी अंतर्गत नैडी कठारी निवासी अवधेश प्रताप सिंह ने आरजीआरएस कर शिकायत किया है कि न्यायालयीय स्थगन आदेश के प्रत्यक्ष उल्लंघन में लेखपाल की सक्रिय उपस्थित एवं संरक्षण तत्काल निलंबन विभागीय कार्यवाही और दंडात्मक जांच की मांग वाद सख्या 146/2024 धारा 134 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता गाटा संख्या 1129 ग्राम नैडी कठारी में माननीय उप जिला अधिकारी न्यायालय द्वारा दिनांक 09-07-2024 एवं 30-07- 2024 को स्पष्ट एवं प्रभावी यथा स्थिति स्थगन आदेश पारित किया गया है इसके बावजूद संबंधित भूमि पर निरंतर निर्माण कार्य कराया जा रहा है अत्यंत चिंता जनक तत्व यह है कि ग्राम नैडी कठारी के लेखपाल को न्यायालय आदेश की पूर्ण जानकारी होने के बावजूद मौके पर उपस्थित रहकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अत्यंत चिंताजनक तथ्य है कि ग्राम नैडी कठारी के लेखपाल को न्यायालयीय आदेश की पूर्ण जानकारी होने के बावजूद हुए मौके पर उपस्थित रहकर निर्माण कार्य को रुकवाने के बजाय उसे जारी रहने दे रहे हैं यह कृत केवल लापरवाही नहीं बल्कि न्यायालय आदेश के अनुपालन में जानबूझकर सफलता उत्पन्न हो रहा है पीड़ित ने आरजीआरएस कर कार्रवाई का मांग किया है।

## भू जल दोहन के विरुद्ध नगर वासियों ने दिया पत्रक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार, मीरजापुर।** नगरपालिका क्षेत्र के दुमदुमा मुहल्ला स्थित महामाया फैक्ट्री में भू-जल दोहन महाबोर कराने के सापेक्ष में मुहल्ले के सैकड़ों नगर वासियों ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी राजेश वर्मा को पत्रक देकर अवगत कराया कि दुमदुमा मुहल्ला पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण पूर्व से ही जल संकट की स्थिति बनी हुई है इस मुहल्ले में हैंडपंप कुआं एवं घरेलू हैंड पंप सुख जाया करते हैं इसी बीच महामाया फैक्ट्री के अन्दर औद्योगिक उपयोग के लिए महाबोर कराया जा रहा है जिससे मुहल्ले वासियों को जनहित व पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो जायेगी। मुहल्ले वासियों ने मांग किया है कि तत्काल फैक्ट्री का स्थलीय निरीक्षण कर बोरवेल कार्य पानी निकासी पर स्थाई लोक लगाते हुए रिचार्ज मीटर व्यवस्था की जांच कराते हुए जनसुनवाई आयोजित की जाएं इस गम्भीर समस्या को ध्यान में रखते हुए बोरवेल कराने के अनुमोदन को तत्काल निरस्त कराया जाए।



उपजिलाधिकारी ने बताया कि मौके पर नायब तहसीलदार को भेज कर जांच कराई जाएगी इस संबंध में फैक्ट्री के प्रबन्धक कैलाश अग्रवाल ने बताया कि भूगर्भ विभाग से परमीशन लेकर ही बोरवेल कराया जा रहा जिसकी सूचना नगरपालिका को अवगत करा दिया गया है । पत्रक देने वाले में मुख्य रूप से सभासद अजय पाल, मिथुन राय, स्वामी नाथ अनिल कुमार, महेंद्र प्रदीप, कुमार सिंह ,आरबी सिंह, विशाल ,नेपाली ,कमला पाल, पहलवान पाल सहित सैकड़ों मुहल्ले के लोग रहें।

## ग्राम चौपाल मे सीडीपीओ ने सुना ग्रामीण की समस्या



**हलिया मीरजापुर।** हलिया विकास खण्ड के ग्राम पंचायत नैडी कठारी मे शुक्रवार को ग्राम चौपाल मे सीडीपीओ हलिया दिलीप कुमार वर्मा ने सुना ग्रामीण की समस्या दिया आवश्यक निर्देश ग्रामीण की ज्यादा समस्या राशनकार्ड व घर नल योजना पानी की समस्या को ग्रामीणों ने अवगत कराया वही सीडीपीओ दिलीपकुमार वर्मा ने कहा की मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजनाओं मे ग्रामीणो को लाभ मिलेगा वही सचिव आलोक भारती को निर्देश देते कहा की जन्म प्रमाण पत्र ज्यादा संख्या मे बनवाइए साथ ही साथ सीडीपीओ ने सरकार की चल रही सभी योजनाओं की जानकारी दिया साथ मे सभी विभाग के कर्मचारी मौजुद रहे हर विभाग को निर्देशित किए की किसी भी विभाग का काम हो ओ ग्राम चौपाल मे मौजुद सभी विभाग के कर्मचारियों से कह सकते है वही ग्राम पंचायत नैडी कठारी के कठारी गांव के लोगो ने प्रार्थना पत्र देकर कहा की गांव के पश्चीम के तरफ चकरोड पर अवैध कब्जा है उसको हटवाया जाय इस मौके पर मौजुद सीडीपीओ हलिया दिलीपकुमार वर्मा सीएम फेलो गौरव कुमार जल निगम विभाग से प्रशांत कुमार त्रिपाठी ब्लॉक क्वाडीनेटर मोसिनखान सचिव आलोक भारती ग्राम प्रधान देव कुमार कुशवाहा पचायत मित्र काशी प्रसाद पचायत सहायक पंचराज यादव सहित लेखपाल अध्यापक सहित ग्रामीण मौजुद थहे।

## संक्षिप्त खबरें

### महा शिव रात्रि पर कुंडौरा तथा पडिला मंदिर का निरीक्षण



**ब्यूरो प्रयागराज** पुलिस उपायुक्त गंगानगर द्वारा आज दिनांक-13.02.2026 को आगामी महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत थाना सरायममरेज क्षेत्रान्तर्गत कुन्दौरा महादेव मन्दिर परिसर में मन्दिर समीति व सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया तथा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु किये गये व्यवस्थापन का जायजा लेकर सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया मौजूद रहे।

### बंशीधर तंबाकू' मालिक के बेटे को गिरफ्तारी के कुछ ही घंटे बाद मिली जमानत

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

**ब्यूरो प्रयागराज।** बंशीधर तंबाकू मालिक के बेटे को गिरफ्तारी के कुछ ही घंटे बाद मिली जमानत उत्तर प्रदेश के कानपुर कोर्ट ने शिवम मिश्रा को जमानत दी। शिवम मिश्रा एक लोकल तंबाकू व्यापारी के बेटे और बंशीधर तंबाकू के मालिक हैं। शिवम मिश्रा को इस हफ्ते की शुरुआत में हुए हाई-प्रोफाइल लैंबॉर्गिनी क्रैश के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। इस क्रैश में कई लोग घायल हो गए। कोर्ट ने पुलिस की 14 दिन की ज्यूडिशियल रिमांड की अर्जी खारिज की। इसलिए, शिवम को ?20,000 के पर्सनल बॉन्ड पर रिहा कर दिया गया। 9 फरवरी को कानपुर पुलिस ने अनजान व्यक्ति के खिलाफ FIR दर्ज की थी, जब VIP रोड इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने पैदल चलने वालों और गाड़ियों को टक्कर मार दी थी। इन आरोपों में लापरवाही और रैश ड्राइविंग, जान को खतरे में डालना और खतरनाक तरीकों से चोट पहुंचाना शामिल है। क्रैश में छह लोग घायल हो गए और पुलिस को शक है कि इस घटना में मिश्रा का मुख्य रोल है। उन्हें गुरुवार सुबह ही गिरफ्तार किया गया।

### आगामी पर्व महाशिवरात्रि की तैयारियों के दृष्टिगत बड़े शिव मन्दिर गोपीगंज का अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर द्वारा व्यवस्थाओं का किया स्थलीय निरीक्षण




**भदोही।** शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक, भदोही एवं प्रभात राय,क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर द्वारा संयुक्त रूप से आगामी महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुविधा, शांति व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत बड़े शिव मंदिर के आयोजकों से मिलकर तैयारियों की विस्तृत जानकारी की गयी एवं बड़े शिव मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया। जुलूस/दर्शनार्थियों के मार्ग में संभावित भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक बिंदुओं पर आयोजकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। आयोजकों को स्पष्ट हिदायत दी गई कि जुलूस के दौरान बड़े डीजे/उच्च ध्वनि वाले लाउडस्पीकर का उपयोग न किया जाए, ताकि स्थानीय निवासियों को असुविधा न हो तथा ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों का पालन सुनिश्चित हो। आगामी पर्व महाशिवरात्रि एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत कस्बा गोपीगंज में पर्याप्त पुलिस बल के साथ सांयकालीन पैदल गश्त/भ्रमण किया गया।

पुलिस प्रशासन द्वारा सभी जनपदवासियों से अपील की जाती है कि वे महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण ढंग से मनाएँ। किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचने हेतु पुलिस प्रशासन पूर्ण सतर्क एवं सहयोग के लिए तत्पर है। आयोजकों एवं श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे पुलिस द्वारा दी गई सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करें। आपातकालीन सहायता हेतु डायल-112 एवं स्थानीय पुलिस को सूचित करें। सोशल मीडिया पर किसी प्रकार का अफवाह/भ्रामक सूचना प्रसारित ना करें।

## अमरोहा में 'खाकी' और 'काला कोट' में हिंसक टकराव, दरोगा ने जज के चैंबर में छुपकर बचाई जान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** अमरोहा जिले के हसनपुर तहसील कोर्ट परिसर में पुलिस और वकीलों के बीच तीखी झड़प हुई, जिसने स्थानीय स्तर पर खासी हलचल मचा दी. यह घटना 'वर्दी' और 'काला कोट' के बीच टकराव का एक और उदाहरण बन गई है. पुलिस पक्ष के अनुसार, हसनपुर कस्बा चौकी के प्रभारी राम प्रकाश सिंह एक महिला उत्पीड़न मामले में पीड़िता का बयान दर्ज करने की न्यायिक अनुमति लेने कोर्ट पहुंचे थे।

बाहर निकलते ही अधिवक्ता मनीराम और उनके साथियों ने उन्हें रोका. पुलिस का आरोप है कि वकीलों ने दरोगा पर हमला बोल दिया, मारपीट की और जातिगत गालियां भी दीं. स्थिति बिगड़ने पर दरोगा ने पास के एक न्यायिक अधिकारी के चैंबर में शरण ली, जहां से बाद में अतिरिक्त पुलिस बल ने उन्हें सुरक्षित निकाला. इस आधार पर पुलिस ने अधिवक्ता मनीराम समेत तीन नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कामकाज में बाधा डालने, मारपीट और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वहीं, वकीलों की तरफ से पूरी कहानी उलट है।

अधिवक्ता मनीराम का दावा है कि दरोगा राम प्रकाश से उनकी पुरानी व्यक्तिगत रंजिश चल रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि दरोगा ने कोर्ट परिसर में ही उनसे बदतमीजी की, पुराना विवाद सुलझाने से इनकार करने पर फर्जी केस में फंसाने की धमकी दी. बीच-बचाव करने आए वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील कुमार शर्मा का कहना है कि दरोगा ने उन्हें धक्का देकर गिराया और घसीटा, जिससे हाथों-घुटनों में चोटें आईं।

वकीलों का मानना है कि इससे न्यायालय की गरिमा को ठेस पहुंची है. जानकारी के मुताबिक, यह विवाद नया नहीं है. जनवरी में डीजे की तेज आवाज पर हुए एक छोटे विवाद से दोनों पक्षों में खटास शुरू हुई थी, जो अब इस स्तर तक पहुंच गई। घटना के बाद कोर्ट परिसर में सुरक्षा बढ़ा दी गई और भारी पुलिस बल तैनात किया गया. बार एसोसिएशन ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रदर्शन किया और चेतावनी दी कि अगर दरोगा के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन होगा. हालांकि, बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता होने की भी खबरें आईं, जिससे तनाव कुछ कम हुआ. पुलिस अभी दोनों पक्षों के बयानों की गहराई से जांच कर रही है, ताकि सच्चाई सामने आ सके. यह घटना एक बार फिर पुलिस और वकील समुदाय के बीच बढ़ते तनाव को उजागर करती है।

## 15 को पियरीया महराज के आश्रम में मनाया जाएगा पांचवां वर्षगांठ , होगा भंडारा



**कोराव, प्रयागराज।** प्रयागराज के विकास खंड कोरांव में स्थित हंडिया गांव में परमानंद नर्वदेश्वर महादेव शिव मंदिर का पांचवां वर्षगांठ 15 फरवरी को मनाया जाएगा। यह मंदिर पहाड़ी से आच्छादित है और क्षेत्र के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। इस अवसर पर क्षेत्र के जन प्रतिनिधि और भक्तगण प्रसाद ग्रहण करेंगे। प्रसाद देशी घी से शुद्ध बनाया जाता है। यह कार्यक्रम गुरुपूर्णिमा का 47 वा वर्ष है, जो 1990 से 2017 तक मानपुर (पुरवा) में छोटे लाल सिंह के यहां होता था, लेकिन 2018 से पियरिया महराज आश्रम हंडिया में आयोजित किया जा रहा है। आश्रम में क्षेत्र के भक्तगण अपनी स्वेच्छा से दान भी करते हैं। कार्यक्रम को संपन्न कराने में मुख्यरूप से, सूबेदार सिंह, विक्रजित सिंह ,हरदेव सिंह, श्याम सिंह, समेत अन्य भक्तगण का सहयोग रहेगा।

## नई वैज्ञानिक तकनीक से खेती करने से होगा लाभः डॉ.डी. के. सिंह



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको के नैनो उर्वरक भारतीय कृषि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनके प्रयोग से सस्ती एवं टिकाऊ खेती करने में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उक्त बातें डॉ. डी.के.सिंह, प्रधानाचार्य मोतीलाल नेहरू फार्मर्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट कॉर्डेट इफको फूलपुर ने बतौर मुख्य अतिथि ग्राम हंसराजपुर के कृषकों हेतु आयोजित एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कहीं। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि इफको के नैनो उर्वरक जो कृषि क्षेत्र में सकारात्मक क्रांतिकारी परिवर्तन ला रहे हैं को जरूर प्रयोग करें। इसी क्रम में मधुमक्खी पालन इकाई के प्रभारी बिरेंद्र सिंह ने मौन पालन एवं फल संरक्षण व खाद्य प्रसंस्करण की तकनीक के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रभारी प्रशिक्षण मुकेश तिवारी ने फसलों में नैनो यूरिया प्लस, नैनो कॉपर, नैनो जिंक, एवं नैनो डीएपी के प्रयोग की विस्तार से जानकारी दी एवं स्वस्थ व टिकाऊ खेती के लिए मृदा परीक्षण के महत्व को बताया एवं कृषि में जैव उर्वरकों एवं जैव अपघटकों के प्रयोग की जानकारी दी।

सभी प्रतिभागियों को नैनो उर्वरकों एवं जैव उर्वरकों के गेहूं फसल पर लगे ट्रायल्स का तथा कारडेट की विभिन्न इकाइयों का भ्रमण भी कराया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान जय सिंह यादव, राधेश्याम सरोज, भारत लाल यादव, राम शिरोमणि बिन्द रमाशंकर गौतम, शोभा सरोज अमरावती बिन्द सहित कॉर्डेट फूलपुर की वरिष्ठ अधिकारी श्रीमती सविता शुक्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## हथेली गरम, पुलिस नरम...अखिलेश यादव का यूपी सरकार पर तीखा हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।**'हथेली गरम, पुलिस नरम...यह आपसे बेहतर कौन जान सकता है. हमारे PDA गठबंधन के साथ जुड़कर उत्तर प्रदेश की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को हरा दिया. अब इन्हें यह समझ नहीं आ रहा है कि क्या रास्ता निकालें. भाजपा बांटो और राज करो की नीति पर चल रही है. लेकिन उत्तर प्रदेश की जनता समाजवादी विचारधारा, सोशलिज्म, सेक्युलरिज्म के रास्ते चलकर भारतीय जनता पार्टी को हराने जा रही है.' यह बातें अखिलेश यादव ने आगरा में कहीं।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव गुरुवार को आगरा में एक शादी समारोह में पहुंचे थे. इस दौरान उन्होंने केंद्र और यूपी सरकार के बजट पर भी हमला बोला. कहा कि यूपी के जूता कारोबारी राहत के लिए जूते तक घिस चुके हैं, लेकिन बजट से उन्हें कुछ भी नहीं मिला. न यमुना साफ हो पाई, न सड़कें सुधरीं. आगरा की जनता जाम में फंसी है।

अखिलेश यादव ने कहा कि चाहे पॉल्यूशन का सवाल हो, महंगाई का सवाल हो, बेरोजगारी का सवाल हो, बजट से किसी को राहत नहीं मिली. जनता को रोजगार और इलाज देने में सरकार नाकाम है. बिजली महंगी, स्वास्थ्य सेवाएं ठप्प हैं. आगरा के आलू किसानों को भी कुछ नहीं मिला। अखिलेश यादव ने कहा कि तमाम ऐसे भूमाफिया हैं, जिन्हें भाजपा ने पैदा किए हैं. डेवलपमेंट अथॉरिटी हो या सफाई वाली संस्था कुछ चुनिंदा लोगों को ही फायदा पहुंचाया जा रहा है. आम आदमी पीछे है।

अमेरिका के साथ जो ट्रेड डील हुई है, उससे अमीर और अमीर होगा. गरीब और भी गरीब होता जाएगा. जनता सब देख रही है. अमेरिकी डील से इन्होंने पूरा बाजार सौंप दिया है. अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि कौन-कौन से प्रोडक्ट अमेरिका से आएंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि आज देखिए क्या हालत है. आगरा में मेयर, विधायक, सांसद बीजेपी के हैं. प्रदेश और केंद्र में सरकार बीजेपी की है. लेकिन पानी तक शुद्ध नहीं मिल रहा है। अखिलेश ने कहा कि जो हमारा पीडीए का गठबंधन है. उप्र की जनता ने पीडीए के साथ जुड़कर भाजपा को हटा दिया. भाजपा को समझ नहीं आ रहा है. इसलिए, भाजपा अब अंग्रेजों के डिवाइड-एंड-रूल पर काम कर रही है. इसके बावजूद हम भाजपा को हराने जा रहे हैं।

## थाना उतरांव द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार

● **कब्जे से चोरी की 01 बैटरी व 127 मीटर बिजली की केबिल बरामद।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना उतरांव पर पंजीकृत मु0अ0सं0-26/26 धारा-303(2) भा0न्या0सं0 से सम्बंधित 02 वांछित अभियुक्त अखिलेश कुमार पुत्र स्व0 लक्ष्मीकान्त निवासी मर्दापुर थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज 2. संदीप बिन्द पुत्र पुरूषोत्तम निवासी मर्दापुर थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना उतरांव पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-13.02.2026 को थाना उतरांव क्षेत्रान्तर्गत समोधीपुर स्थित कानपुर वाराणसी हाइवे के सर्विस लेन के पास से उपरोक्त मुकदमें में चोरी हुए 127 मीटर बिजली की केबिल तथा 01अन्य चोरी की बैटरी के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर उपरोक्त मुकदमा में धारा-317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा दिनांक-10.02.2026 की




रात्रि में थाना उतरांव क्षेत्रान्तर्गत पयागीपुर हाइवे स्थित मुकदमा वादी के पम्पिंग सेट की बिजली की केबिल काटकर चोरी कर ली थी। जिसके सम्बंध मे थाना उतरांव पर मु0अ0सं0-26/26 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

## जिलाधिकारी ने विकास भवन का किया औचक निरीक्षण

● **मुख्य विकास अधिकारी से अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोके जाने एवं स्पष्टीकरण लिए जाने के दिए निर्देश।**

**सीएम डैशबोर्ड पर सी व डी कैटेगरी वाली योजनाओं के कार्यों में प्रगति लाते हुए ए व बी श्रेणी में लायें- जिलाधिकारी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को विकास भवन पहुंचकर विभिन्न कार्यालयों का प्रातः औचक निरीक्षण किया और विकास भवन स्थित सभी कार्यालयों में उनसे सम्बंधित विभागीय कार्यों के प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने विकास भवन में निरीक्षण के दौरान सभी कार्यालयों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए सभी कार्यालयों में आवश्यक व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद बनाये जाने एवं आने वाले लोगो की समस्याओं को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए नियमानुसार शीघ्रता से निस्तारित करने एवं उनकी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी से निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों एवं कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोके जाने एवं स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी कार्यालयों के उपस्थिति पंजिका में आकस्मिक अवकाश के स्वीकृति पत्र को भी पंजिका में ही रखे जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को समय से कार्यालय आने एवं अपने-अपने कार्यालय मे साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था एवं फाइलों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी ने विकास भवन के सभी कार्यालयों की उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण कराया, जिसमें जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय के 02 कर्मचारी, कृषि रक्षा विभाग के 05 कर्मचारी, सहकारिता विभाग के 03 कर्मचारी, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के 03 कर्मचारी, लघु सिंचाई विभाग के 02 कर्मचारी, प्रोबेशन विभाग के 02, यूपीनेडा के 01, कौशल विकास विभाग के 09 कर्मचारी, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय के 01 कर्मचारी, समाज कल्याण विभाग के 01 कर्मचारी, एनआरएलएम के 01 कर्मचारी,अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के 01 कर्मचारी, अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय के 03 कर्मचारी, डीआरडीए के 01 कर्मचारी, जिला ग्रामोद्योग विभाग के 03 कर्मचारी सहित कुल 38 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये तथा 24 कर्मचारी आकस्मिक अवकाश पर पाये गये। अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने के साथ ही स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी ने जनपद के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी अधिकारी/कर्मचारी समय से कार्यालय पहुंचे तथा उनके कार्यालय में आने वाले लोगो की समस्याओं को नियमानुसार शीघ्रता से निस्तारित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा कार्यालयों का नियमित रूप से औचक निरीक्षण किया जाता रहेगा और यदि उनके निरीक्षण में कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाया जायेगा या कार्यो में लापरवाही या उदासीनता पायी गयी, तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों की सीएम डैशबोर्ड पर रैकिंग सी व डी कैटेगरी में है, उन कार्यों में प्रगति लाते हुए उन्हें ए व बी श्रेणी में लायें।

जिलाधिकारी ने यूपीनेडा के कार्यो का प्रभार देख रही पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को पीएम सूर्य घर योजना में तेजी से प्रगति लाये जाने तथा लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत विद्युत विभाग के स्तर पर लम्बित प्रकरणों के निस्तारण के लिए सम्बंधित के साथ बैठक किए जाने के लिए कहा है। साथ ही छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत कक्षा-9, 10, 11 एवं 12 के छात्रों की समय सीमा व्यतीत होने के पश्चात भी शिक्षण संस्थान स्तर पर डाटा के लम्बित होने के कारण खराब हो रही सीएम डैशबोर्ड रैकिंग के लिए एनआईसी के माध्यम से लम्बित डाटा को पोर्टल से हटाने की कार्यवाही 02 दिन के अंदर सुनिश्चित कराने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मुख्य पशुचिकित्साधिकारी से गौशालाओं के भरण-पोषण के भुगतान की जानकारी लेते हुए निराश्रित गौवंशों को अभियान चलाकर गौशालाओं में संरक्षित करने तथा सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने के निर्देश दिए है।



जिलाधिकारी के द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी से सीएम डैशबोर्ड में छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग के छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उन्होंने छात्रवृत्ति, वृद्धा, विधवा पेंशन योजनाओं से सम्बंधित आवेदन पत्रों को शीघ्रता से निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को जिन शिक्षण संस्थाओं के स्तर पर डाटा लम्बित है, उन्हें पुनः स्पष्टीकरण दिए जाने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाते हुए मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में ए ग्रेड लाए जाने के निर्देश दिए है।

**फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश**

निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी ने विकास भवन में फार्मर रजिस्ट्री के प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी एवं अन्य सम्बंधित अधिकारियों को 11 हजार किसानों का प्रतिदिन रजिस्ट्रीकरण किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने कोटेदार, प्रधान, पंचायत सहायक, लेखपाल, सचिव सहित इस कार्य में लगाये गये अन्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्रीकरण का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संशोधन से सम्बंधित प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए किसानों के रजिस्ट्रीकरण के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करायें। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को फार्मर रजिस्ट्रीकरण के कार्य में अन्य विभागों के अधिकारियों को भी सम्मिलित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारियों को भी फार्मर रजिस्ट्रीकरण के कार्यों में तेजी से प्रगति सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है।

## माघ मेला- के अंतिम मुख्य स्नान पर्व महाशिवरात्रि (15.02.2026) के दृष्टिगत पुलिस आयुक्त की अध्यक्षता में पुलिस ब्रीफिंग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**ब्यूरो प्रयागराज।** माघ मेला के अंतिम प्रमुख स्नान पर्व महाशिवरात्रि (दिनांक 15.02.2026) के अवसर पर मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण एवं यातायात प्रबंधन के दृष्टिगत आज दिनांक 13.02.2026 को पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज की अध्यक्षता में रिज़र्व पुलिस लाइन्स, माघ मेला स्थित तीर्थराज सभागार में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की विस्तृत ब्रीफिंग आयोजित की गई। पुष्कर वर्मा, अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात), कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया कि नो-व्हीकल जोन का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। ई-रिक्शा एवं ऑटो हेतु पूर्व निर्धारित डायवर्जन योजना प्रभावी रहेगी। ट्रैफिक कंट्रोल रूम एवं आईसीसीसी के माध्यम से सतत समन्वय बनाए रखा जाएगा तथा पुराने पुल एवं अन्य प्रमुख मार्गो पर जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

नीरज कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक, माघ मेला द्वारा निर्देशित किया गया कि स्नान व्यवस्था के साथ-साथ मेला क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों में जलाभिषेक के दौरान संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता बरती जाए। अवगत कराया गया कि मेला क्षेत्र के अधिकांश सेक्टर रिक्त हो चुके हैं, तथापि संगम क्षेत्र में पर्याप्त भीड़ की संभावना है। हेलिपैड पार्किंग, गल्ला मंडी पार्किंग, किसान पार्किंग एवं प्लॉट संख्या-17 की पार्किंग सक्रिय रखी जाएगी। महाशिवरात्रि के दिन किसी भी वाहन को घाटों तक जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा सभी वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही रोका जाएगा। घाटों की वर्तमान स्थिति, जलस्तर में वृद्धि, कटान वाले क्षेत्रों एवं स्नान-वर्जित स्थलों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। जल पुलिस एवं फ्लड टीमों को सक्रिय रखते हुए असुरक्षित स्थानों पर स्नान न होने देने हेतु निर्देशित किया गया।

ऋषिराज, मेलाधिकारी द्वारा बताया गया है कि सभी सम्बन्धित अधिकारीगण संयुक्त भ्रमण कर घाटों की स्थिति, चेंजिंग रूम, शौचालय, साइनेज आदि व्यवस्थाओं की समीक्षा करें तथा यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्तर पर अव्यवस्था न रहे।

अजयपाल शर्मा, अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था), कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा संगम क्षेत्र में पूर्ववत ग्रिड सिस्टम प्रभावी रखने के निर्देश दिए गए। बैरियर एवं डायवर्जन पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार लगाए जाएंगे। घाटों के समीप अनधिकृत दुकानें एवं भिक्षावृत्ति न होने देने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए, ताकि आवागमन क्षेत्र बाधित न हो।

मेला क्षेत्र में स्थित मनकामेश्वर मंदिर, नागवासुकी मंदिर, सोमेश्वर महादेव एवं अन्य प्रमुख शिवालयों में संभावित भीड़ को देखते हुए ड्यूटी को श्रेणीवार विभाजित करने के निर्देश दिए गए। महिलाओं एवं पुरुषों की अलग-अलग लाइन सुनिश्चित करने, निकास व्यवस्था को सुचारु एवं त्वरित रखने तथा भीड़ के दवाब को कम करने हेतु एलईडी स्क्रीन एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। यू.पी.-112 वाहन, पीए सिस्टम ड्यूटी, महिला हेल्प डेस्क एवं अन्य विशेष ड्यूटियों की समीक्षा कर उनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने को कहा गया। जोगेन्द्र कुमार, पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा निर्देशित किया गया कि अटेंडेंस प्रणाली पुनः सक्रिय कर ड्यूटी पर तैनात प्रत्येक कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पीक डे ड्यूटी दिनांक 14 फरवरी प्रातः 08:00 बजे से प्रारंभ होकर 16 फरवरी प्रातः 08:00 बजे तक प्रभावी रहेगी। स्पष्ट किया गया कि अंतिम स्नान होने के कारण किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। संभावित सुरक्षा चुनौतियों को दृष्टिगत रखते हुए बीडीडीएस, एलआईयू एवं अन्य इकाइयों के साथ समन्वय बनाए रखते हुए संवेदनशील स्थलों पर सघन चेकिंग सुनिश्चित की जाए।

बैठक के अंत में अब तक के सभी स्नान पर्वों के सफल आयोजन हेतु पुलिस बल के प्रयासों की सराहना की गई तथा महाशिवरात्रि पर्व को भी पूर्ववर्ती मुख्य स्नानों की भांति सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था),अपर पुलिस आयुक्त (मुख्यालय), पुलिस अधीक्षक माघ मेला, मेलाधिकारी, पुलिस उपायुक्त नगर, पुलिस उपायुक्त यमुनानगर, अपर पुलिस उपायुक्त नगर/नोडल अधिकारी माघ मेला सहित पुलिस, प्रशासन एवं अन्य इकाइयों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अरैल घाट स्थित मलिन बस्ती में सड़क सुरक्षा जागरुकता का कार्य संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार की ''सड़क सुरक्षा माह एवं अभियान-फरवरी 2026 के अंतर्गत 12 फरवरी को तृतीय दिवस के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों में रोड सेफटी क्लब एवं एन0एस0एस0 के माध्यम से मलिन बस्ती एवं अभिहित ग्रामों में जाकर जन-मानस को जागरूक किये जाने के कार्यक्रम के अन्तर्गत हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो.ओम प्रकाश की अध्यक्षता में रोड सेफ्टी क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों यूनिट के प्रभारी क्रमशः डॉ. राम कुमार सिंह एवं डॉ. रफत अनीस ने प्राध्यापकों तथा छात्र-छात्राओं के साथ अरैल घाट स्थित मलिन बस्ती में सड़क सुरक्षा जागरुकता का कार्य संपन्न किया। इस अवसर पर रोड सेफ्टी



क्लब के सह- संयोजक डॉ0 अवधेश कुमार आर्य ने रोड पर गाड़ी चलाते समय पान गुटखा खाकर थूकने की आदत के दुष्परिणामों और उससे होने वाली दुर्घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए लोगों को इसकी अनैतिकता एवं वैधानिक दंड पर प्रकाश डाला और सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारियां प्रदान की।

डॉ. आर्य ने बस्ती के ई-रिक्शा चालकों एवं युवाओं को इस विषय की गंभीरता को समझाते हुए सड़क सुरक्षा के विषय में जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा समिति के संयोजक डॉ. राम कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के विषय में जानकारी प्रदान की। प्रो. सुवर्णा सरकार, प्रो. सविता कुमारी श्रीवास्तव, प्रो. महेंद्र प्रसाद, डॉ0 अर्चना सिंह, डॉ0 मंजरी मिश्रा, डॉ0 प्रिया तिवारी, डॉ. भावना सिंह आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सरोजिनी नायडू जयंती पर महिलाओं को मिला कानूनी जागरूकता का संदेश



**मातृभूमि फाउंडेशन ने केबी वीमेंस कॉलेज में चलाया लीगल एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन अभियान**

**हजारीबाग, झारखंड:-** महान स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रसिद्ध कवयित्री सरोजिनी नायडू की जयंती के अवसर पर मातृभूमि फाउंडेशन द्वारा केबी वीमेंस कॉलेज परिसर में 'लीगल एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सामाजिक रूप से सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा कानून, घरेलू हिंसा, संपत्ति अधिकार, शिक्षा एवं न्याय तक पहुंच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। आयोजन में छात्राओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, हजारीबाग रंजीत कुमार उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों में तन्वी (विशेष न्यायाधीश, भूमि अधिग्रहण) तथा गौरव खुराना (डीएलएसए सचिव) शामिल रहे। कॉलेज के प्राचार्य मुकुल कुमार भी मंच पर मौजूद रहे। सभी अतिथियों का स्वागत बुके एवं मोमेंटो देकर किया गया।

### नारायणपुर में किसान मेले का हुआ आयोजन, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने किया उद्घाटन



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड:-** नारायणपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक प्रांगण में सोमवार को किसान मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोड्डा के पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और किसानों की उन्नति के लिए निरंतर योजनाएँ चलाई जा रही हैं। आधुनिक पद्धति अपनाकर किसान अधिक लाभ कमा रहे हैं, इसलिए स्थानीय स्तर पर खेती को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। मेले में नारायणपुर प्रखंड क्षेत्र के उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित किया गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र, गैंता, कुदाल और गमला प्रदान किया गया। पशुपालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी विशेषज्ञों द्वारा उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार, संजय सिंह, बीटीएम मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद अजहर, सलीम अंसारी, बसंत कोल, राजेंद्र प्रसाद सिंह, निरंजन मिश्रा समेत कई अधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे। किसानों ने विभागीय अधिकारियों से कृषि योजनाओं एवं तकनीकों की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की।

### केंद्रीय बजट 2047 तक भारत को विकसित करने की नींव का बजट है - राघवेंद्र



**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर महिला मोर्चा के द्वारा बजट प्रस्तुतीकरण चौपाल महिलाओं के साथ की गई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राघवेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता भाजपा पूर्व एमएलसी विंध्यवासिनी कुमार की शोक सभा कर संवेदना व्यक्त की गई।कार्यक्रम में श्री शुक्ल नें कहा कि केन्द्रीय बजट 2047 तक भारत को विकसित करने की नींव का बजट हैं।इसमें देश की आधी आबादी को विकास की दौड़ मे कंधे से कन्धा मिलाकर चलने का अवसर प्रदान करता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रूचि केशरवानी ने किया और संचालन जिला महामंत्री अंजू पाण्डेय ने किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला मंत्री कुसुम सिंह जिला मंत्री निर्मला विश्वकर्मा मंडल अध्यक्ष बिंदु शर्मा नेहा गुप्ता मनीता सरोज प्रियंका गुड्डन देवी विद्या देवी अर्चना गीता देवी मालती देवी सुषमा देवी आदि उपस्थित रही।

# जमींदार तरुण साहू द्वारा प्लॉट संख्या 551 पर जबरन कब्जे की कोशिश का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया-पाकुड़, झारखंड:-** पाकुड़िया प्रखंड मुख्यालय स्थित निजी तालाब 'बांधा पोखर' के मालिक तरुण साहू और उनके पुत्र अभिजीत साहू पर वरिष्ठ पत्रकार मदन प्रसाद भगत की निजी भूमि प्लॉट संख्या 551 पर जबरन कब्जा करने की बार-बार कोशिश करने का गंभीर आरोप लगा है। बताया जाता है कि साहू पिता-पुत्र बीते अगस्त माह से अब तक करीब छह बार इस भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर चुके हैं।

**अस्थायी घेराबंदी कर पौधरोपण, फिर खुद ही किया नष्ट**

आरोप है कि अगस्त महीने में तरुण साहू ने 14 धूर खाली पड़ी भूमि को अपना बताते हुए अस्थायी घेराबंदी की और वहां फूलों के पौधे लगवाए। बाद में उन्होंने खुद ही घेराबंदी तोड़कर सभी पौधों को नष्ट कर दिया। विरोध करने पर पत्रकार मदन प्रसाद भगत को धक्का देने की भी बात सामने आई है।

**कागजात दिखाने के बावजूद नहीं माने साहू पिता-पुत्र**

मदन प्रसाद भगत के अनुसार उन्होंने अंचल कार्यालय का पंजी-2 तथा निबंधन कार्यालय से प्राप्त सभी वैध कागजात साहू पिता-पुत्र को दिखाए, परंतु वे किसी भी दस्तावेज को मानने को तैयार नहीं हुए। मौके पर मौजूद लोगों ने भी सलाह दी कि जिसके पास वैध सरकारी कागजात हैं, भूमि उसी की मानी जाएगी।

**उल्टा थाने में शिकायत, पर कागजात निकले शून्य**

कुछ दिनों बाद तरुण साहू और उनके पुत्र अभिजीत ने पाकुड़िया थाना प्रभारी को आवेदन देकर आरोप लगाया कि मदन प्रसाद भगत तालाब जाने वाली सड़क पर घेराबंदी कर रहे हैं। थाना प्रभारी द्वारा पूछताछ में जब दोनों से कागजात मांगे गए, तो उन्होंने लिखित रूप से स्वीकार किया कि उनके पास कोई सरकारी प्रमाण नहीं है।

**भूमि मापी में भगत के दावे की पुष्टि**

थाना प्रभारी के निर्देश पर सरकारी अमीन से 10 जनवरी को भूमि की मापी कराई गई। मापी के बाद विवादित भूमि को वैध कागजात के आधार पर मदन प्रसाद भगत का पाया गया, जिसके बाद उन्होंने पुनः घेराबंदी कर ली।

**फिर भी कब्जे का प्रयास, प्रभावशाली लोगों के हस्ताक्षर जुटाए**

आरोप है कि इसके बाद भी साहू पिता-पुत्र अपनी जमींदारी मानसिकता से पीछे नहीं हटे और कई स्थानीय प्रभावशाली तथा विवादित गतिविधियों में लिप्त लोगों से हस्ताक्षर कराकर अंचल कार्यालय में आवेदन देकर भूमि पर कब्जे की कोशिश करते रहे।

**अंचल कार्यालय की स्पष्ट रिपोर्ट**

पाकुड़िया अंचल कार्यालय ने कई बार स्पष्ट किया है कि प्लॉट संख्या 551 में दर्ज 1 कट्ठा 16 धूर भूमि मदन प्रसाद भगत के नाम वैध रूप से दर्ज है, जबकि प्लॉट संख्या 552/1089 की 1 कट्ठा 4 धूर भूमि सरकारी सड़क के रूप में अभिलेखित है, और तरुण साहू के पास न तो प्लॉट 551 से संबंधित कोई वैध रसीद या कागजात हैं और न ही तालाब की ओर जाने वाली किसी सड़क का कोई प्रमाण उपलब्ध है।

**स्थानीय लोगों में नाराजगी**

स्थानीय लोगों ने भी भूमि रिकॉर्ड देखने के बाद स्पष्ट किया कि 14 धूर खाली पड़ी जमीन मदन प्रसाद भगत की है तथा उनका पक्का मकान 1 कट्ठा 4 धूर में स्थित है। लोगों का कहना है कि वैध कागजात होते हुए भी किसी निजी भूमि पर कब्जा करने की ऐसी कोशिशें निंदनीय और अमर्यादित हैं।

## टि-10 क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का हुआ आगाज़, नौशाद आलम ने किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंड:-** लुकुईया मोड़ स्थित शिव मंदिर के समीप मैदान में नवयुवक कमेटी लुकुईया मोड़ द्वारा आयोजित टि-10 क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का शुभारंभ बीते शुक्रवार को धूमधाम से किया गया। पाँच दिवसीय इस प्रतियोगिता का आयोजन 17 फरवरी तक किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जेएमएम अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष नौशाद आलम ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल युवाओं को अनुशासन और टीम भावना सिखाता है, बल्कि उन्हें सकारात्मक ऊर्जा से भी भरता है। ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 21,000 नकद व ट्रॉफी और द्वितीय पुरस्कार के रूप में 11,000 नकद व ट्रॉफी निर्धारित है। प्रति टीम 3,100 एंट्री शुल्क रखा गया है, जबकि स्थान आरक्षण के लिए 2,000 एडवांस देना अनिवार्य होगा। सभी मैच 10-10 ओवर के खेले जाएंगे और मुकाबले ग्रुप A, B, C व D में आयोजित होंगे। नियमों के अनुसार ICC के सभी नियम लागू होंगे, सिवाय LBW के, साथ ही पहले तीन ओवर पावर-प्ले होंगे। अंपायर और कमेटी का निर्णय अंतिम माना जाएगा। प्रत्येक खिलाड़ी केवल एक ही टीम से खेल सकेगा और सभी खिलाड़ियों के लिए यूनिफॉर्म पहनना आवश्यक है। सभी मैच सिक्सिट गेंद से खेले जाएंगे। कमेटी में नरेश, सनी, अजीत, शुभम, अभिषेक, रोहित, बब्लू, रविंद्र, तौफीक, बिट्टू, सरवन और रोशन कुमार शामिल हैं। कमेटी के अध्यक्ष रोशन कुमार, सचिव अभिमन्यु कुमार तथा उपाध्यक्ष कमलेश उरांव हैं। आयोजन की जिम्मेदारी नवयुवक कमेटी लुकुईया मोड़, Chandwa द्वारा संभाली जा रही है। उद्घाटन मैच के दौरान मैदान में दर्शकों की बड़ी संख्या मौजूद रही। लोगों का उत्साह और खिलाड़ियों की ऊर्जा ने वातावरण को रोमांचित कर दिया। कमेटी ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने की अपील की है। आने वाले पाँच दिनों तक लुकुईया मोड़ का मैदान क्रिकेट प्रेमियों के रोमांच और उत्साह का केंद्र बना रहेगा।

## जरहिया का युवा बना हाई कोर्ट में सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, गांव में हर्ष का माहौल

**●झारखंड हाई कोर्ट की परीक्षा में पांचवां स्थान हासिल कर अमन कुमार ने बढ़ाया क्षेत्र का मान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही प्रखंड के जरहिया निवासी समाजसेवी उमेश प्रसाद गोप के पुत्र अमन कुमार ने झारखंड हाई कोर्ट के असिस्टेंट ऑफ जुडिशल एकेडमी (सहायक प्रशाखा पदाधिकारी) परीक्षा में पांचवां स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अमन की इस उपलब्धि से जरहिया गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया है।अमन कुमार की प्रारंभिक शिक्षा हजारीबाग के संत जेवियर स्कूल से हुई, जहां से उन्होंने मैट्रिक और इंटर की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने संत जेवियर कॉलेज, रांची से बीएससी और एमएससी की डिग्री प्राप्त की। पढ़ाई के दौरान ही अमन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे रहे और निरंतर परिश्रम करते रहे। उनकी मेहनत का परिणाम झारखंड हाई कोर्ट की परीक्षा में शानदार सफलता के रूप में सामने आया।

**कड़ी मेहनत और लगन से लक्ष्य संभव : अमन कुमार**

अपनी सफलता पर अमन कुमार ने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों के आशीर्वाद को दिया। अमन ने कहा कि परिवार का सहयोग और सकारात्मक मार्गदर्शन उनके लिए सबसे बड़ी ताकत रहा।

**परिवार की पृष्ठभूमि भी प्रेरणादायक**

अमन कुमार के पिता उमेश प्रसाद गोप एक किसान होने के साथ-साथ सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। वहीं उनकी माता कंचन कुमारी झारखंड सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर वर्तमान में अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। परिवार की शैक्षणिक और सामाजिक पृष्ठभूमि ने अमन को बचपन से ही आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। अमन की सफलता पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया नीलम देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, समाजसेवी मनोहर यादव, पुरन राम, नागेश्वर रजक, नरेश यादव, रामकुमार यादव, आकाश भारती, अरुण यादव, रघुनंदन गोप, सिकंदर कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों ने कहा कि अमन की यह सफलता पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है और इससे शिक्षा के प्रति जागरूकता एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के प्रति उत्साह बढ़ेगा।

# सड़क कालीकरण व गार्डवाल निर्माण पर अनियमितता का आरोप, गुणवत्ता जांच की मांग तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही के बिलौतीया मोड़ से धुरगड़गी तक सड़क कालीकरण कार्य इन दिनों प्रगति पर है। सड़क निर्माण के साथ-साथ गार्डवाल का निर्माण भी कराया जा रहा है। हालांकि, निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि गार्डवाल निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है। आरोप है कि निर्माण में सीमेंट की निर्धारित मात्रा से कम उपयोग किया जा रहा है। साथ ही बालू की गुणवत्ता भी संतोषजनक नहीं है और कमज़ोर व निम्न स्तर के पत्थरों का प्रयोग किया जा रहा है। लोगों का यह भी कहना है कि निर्माण के दौरान पानी का नियमित पटवन नहीं किया जा रहा, जिससे गार्डवाल की मजबूती पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के जूनियर इंजीनियर पर भी लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जेई कभी भी कार्य स्थल पर निरीक्षण के लिए नहीं आते, जिससे संवेदक मनमाने ढंग से काम कर रहे है। वहीं दूसरी ओर, कार्य कर रहे संवेदक के कर्मियों का दावा है कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुसार किया जा रहा है। इस संबंध में जेई रामप्रसाद ने बताया कि निर्माण कार्य जारी है और निर्माण की गुणवत्ता की जांच जल्द ही की जाएगी। फिलहाल स्थानीय लोगों ने उच्च अधिकारियों से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि सड़क और गार्डवाल निर्माण कार्य टिकाऊ और सुरक्षित हो सके।

# सिंदूर सियारी (नवडीहा) में भव्य कलश यात्रा संग शुरू हुआ तीन दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ

**●कलश यात्रा में शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल, कहा धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक एकता का है प्रतीक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग शहर के शहर के सिंदूर, सियारी (नवडीहा) स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित तीन दिवसीय शिव प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ शुक्रवार को हुआ। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं युवा श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में भक्तिभाव के साथ उत्सवपूर्वक शामिल हुए। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल जेल रोड़ में पहुंचकर शामिल हुए और कलश यात्रियों एवं यज्ञ आयोजन समिति से जुड़े लोगों का हाथ जोड़कर अविवादन किया एवं उनका सम्मान किया।इस दौरान यज्ञ समिति से जुड़े बहनों ने सांसद मनीष जायसवाल का तिलक चंदन लगाया वहीं आयोजन समिति के अन्य लोगों ने अंग-वस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया।मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और विकास की कामना की। कलश यात्रा शिव मंदिर परिसर, सिंदूर, सियारी से प्रारंभ होकर जेल रोड़ होते हुए हजारीबाग झील तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने जल भरकर पुनः विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर प्रांगण में प्रवेश किया। पूरे मार्ग में ढोल-नगाड़ों की गूंज, शंखनाद और हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। महायज्ञ में शामिल होकर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमारी सनातन संस्कृति की जीवंत पहचान हैं। महायज्ञ समाज को एकसूत्र में बांधने का बड़ा माध्यम है। उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र सदैव विकास और सद्भाव की राह पर आगे बढ़ता रहे, यही मेरी उनसे प्रार्थना है। आयोजन समिति के अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि दूसरे दिन शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा, विशेष पूजा-अर्चना एवं विशाल खीर भंडारा का आयोजन किया जाएगा। वहीं 15 फरवरी को शिव विवाह एवं रात्रि में दीप यज्ञ के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन होगा। तीनों दिनों तक प्रतिदिन संध्या समय प्रवचन एवं भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। आयोजन समिति की पूजा कश्यप ने कहा कि महायज्ञ में आयोजन से पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है और मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मौके ओर विशेषरूप से इस आयोजन को लेकर अभिषेक कुमार पांडेय, पूजा कश्यप, शिव कुमार, रिंकू वर्मा, सुधीर कुमार, रवि राही, राजीव कुमार, गायत्री देवी, बबीता देवी, रेणु देवी, मधु पटेल, विंध्याचल देवी, निर्मला चौधरी, ममता सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग बेहद सक्रिय भूमिका में हैं। सांसद मनीष जायसवाल के साथ यहां उनके मांडू विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी मौजूद रहे।

# चुरचू में मानव-हाथी संघर्ष का कहर, एक ही रात में छह ग्रामीणों की दर्दनाक मौत

**●विकराल रूप ले रहा हज हाथी-मानव द्वंद्व , चुरचू में 6 जिंदगियां खत्म...**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुरचू, हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चुरचू प्रखंड अंतर्गत गोंदवार वार गांव में प्रकृति और मानव के बीच बढ़ते असंतुलन ने उस वक्त एक भयावह रूप अख्तियार कर लिया, जब हाथियों के झुंड ने एक ही रात में छह मासूम जिंदगियों को बेरहमी से कुचलकर खत्म कर दिया। इस हृदयविदारक घटना की सूचना मिलते ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल अपने तमाम कार्यक्रमों को छोड़कर तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। वहां का मंजर अत्यंत पीड़ादायक था, जहां टूटे हुए कच्चे मकानों के मलबे और अपनों को खोने का चीत्कार गूंज रहा था। आसपास के लोग इस घटना और वन विभाग की निष्क्रियता को लेकर रोषव्याप्त थे। सांसद मनीष जायसवाल ने खुद घटनास्थल पर पहुंचकर एक-एक शव का अवलोकन किया और पीड़ित परिवारों के बीच बैठकर उन्हें इस गहरे दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया। मृतकों में दीपक कुमार की पत्नी सविता कुमारी, उनका आठ माह का शिशु अनुराग, चार वर्षीय पुत्री संजना, बुजुर्ग पिता सूरज राम और बसंत कुमार की पत्नी सुमन कुमारी सहित एक अन्य ग्रामीण शामिल थे। एक ही परिवार के चार सदस्यों का इस तरह चले जाना किसी भी कलेजे को चीर देने के लिए काफी था। घटनास्थल पर मौजूद आक्रोशित ग्रामीणों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने इस त्रासदी के पीछे के असल कारणों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि हाथियों की यह उग्रता स्वाभाविक नहीं है, बल्कि यह इंसानी घुसपैठ और वर्तमान झारखंड सरकार के संरक्षण में इस क्षेत्र में फल-फूल रहे अवैध खनन के काले कारोबार का नतीजा है। जंगलों का विनाश और हाथियों के सदियों पुराने गलियारों में अवैध माइंस के जरिए होने वाले भारी धमाकों ने इन शांत जीवों को हिंसक बना दिया है। रात के सन्नाटे में अवैध माइंस ने धमाके की गूंज और वाहनों का अनियंत्रित परिचालन हाथियों के प्राकृतिक व्यवहार को अस्त-व्यस्त कर रहा है, जिसका खामियाजा निर्दोष ग्रामीणों को अपनी जान देकर भुगतना पड़ रहा है। सांसद मनीष जायसवाल ने स्पष्ट किया कि जब तक अवैध माइंस पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगता और वन क्षेत्र को सुरक्षित नहीं किया जाता, तब तक यह द्वंद्व थमने वाला नहीं है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने जिला प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों के साथ मौके पर ही वार्ता की और ग्रामीणों की जायज मांगों को मनवाया। उन्होंने पीड़ित परिवारों के जीविकोपार्जन के लिए परिवार के एक सदस्य को वन विभाग में नौकरी दिलाने की विभागीय अनुशंसा करने और सभी मृतकों के आश्रितों को जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने पर सहमति बनाई। तत्काल राहत के रूप में प्रत्येक मृतक के नाम पर 25 हजार रुपये की राशि आवंटित कराई गई और विभागीय अधिकारियों ने एक माह के भीतर शेष मुआवजा राशि देने का भरोसा दिया। साथ ही हाथियों के हमले से सुरक्षा हेतु प्रभावित इलाकों में रहने वाले कच्चे मकानों के मालिकों को तत्काल प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान आवंटित करने की दिशा में सकारात्मक पहल करने और ग्रामीणों को आधुनिक लाइट, टॉर्च व विशेष प्रशिक्षण से लैस करने के निर्देश दिए। सांसद मनीष जायसवाल ने भावुक स्वर में कहा कि सरकार, प्रशासन और वन विभाग की तत्परता और हम सबकी सामूहिक जागरूकता ही भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोक सकती है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना भी की।

इधर प्रशासन और वन विभाग की टीम शवों के पोस्टमार्टम प्रक्रिया में जुट गई। मौके पर मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ़ तिवारी महतो, सदर एसडीओ आदित्य पांडेय, प्रशिक्षु आइएफएस राजेश कुमार, रेंज ऑफिसर विजय कुमार, स्थानीय डीएसपी बैजनाथ कुमार, स्थानीय सीओ सह बीडीओ ललित राम, चुरचू थाना प्रभारी कुमार अश्नीनी, आंगो थाना प्रभारी जानू कुमार, चुरचू की मुखिया पूनम बेसरा, मांडू विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, चुरचू मंडल सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, चुरचू भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि कुमार, आंगो पंचायत सारथी राजेंद्र प्रजापति, सांसद मनीष जायसवाल के लोकसभा क्षेत्र के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## श्री हनुमंत सेवा संस्थान का सात दिवसीय महायज्ञ 22 फरवरी से होगा प्रारंभ

**●ध्वजारोहण के साथ बिगहा बाजार में धार्मिक आयोजन की शुरुआत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** श्री हनुमंत सेवा संस्थान द्वारा आयोजित सातवें सात दिवसीय श्री हनुमंत वार्षिकोत्सव सह महायज्ञ की तैयारियों के बीच रविवार को हनुमान मंदिर, बिगहा बाजार परिसर में विधिवत ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों की औपचारिक शुरुआत हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में आस्था और भक्तिभाव का वातावरण व्याप्त हो उठा। संस्थान की ओर से कुमार राहुल और प्रेम चंद्रवंशी ने जानकारी दी कि यह सात दिवसीय महायज्ञ 22 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित होगा। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन रामचरितमानस के सातों कांडों का पारायण, वैदिक मंत्रोच्चार, हवन एवं पूजन संपन्न कराया जाएगा। आयोजन का संचालन वाराणसी से पधारे विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में होगा। संस्थान के मुताबिक, यज्ञ का उद्देश्य क्षेत्र में धर्म, शांति, समृद्धि और जनकल्याण की भावना को प्रबल करना है। ध्वजारोहण कार्यक्रम आचार्य कामेश्वर पांडेय और विशाल पांडेय के द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आनंद चंद्रवंशी, कुमार राहुल, संजय सिंह, रामचंद्र सिंह, कामदेव प्रजापति, नीरज, प्रेम, अशोक चंद्रवंशी, ओमप्रकाश सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने महायज्ञ को सफल बनाने के लिए सहयोग का संकल्प लिया। संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। अधिक से अधिक लोगों से महायज्ञ में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, मनीष सिन्हा, टोनी सिंह, बलराम यादव, पवन सिंह, प्रकाश साहु, बीरेंद्र सिंह, बिजय साहु, संतोष अग्रवाल, सिवेश सिंह, अरुण कुमार, संजय चंद्रवंशी, शिवनाथ महतो, पंकज चंद्रवंशी, नीरज चंद्रवंशी, अंकित केशरी, प्रदीप शर्मा सहित संस्था के अनेक सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। ध्वजारोहण के साथ ही चौपारण क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और आस्था का माहौल और अधिक प्रबल हो गया है।

## जिला मजिस्ट्रेट ने 18 शस्त्र लाइसेंस पत्रावलियों को दी स्वीकृति, लाइसेंस बुक किये वितरित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा जनपद में वरासत/हस्तांतरण संबंधी औपचारिकताएं पूर्ण कर चुकी 18 शस्त्र अनुज्ञा पत्रावलियों पर स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति उपरांत संबंधित शस्त्र धारकों को कैम्प कार्यालय पर आमंत्रित किया गया, जहां पर जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उन्हें शस्त्र लाइसेंस बुक वितरित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने शस्त्र धारकों को शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं शर्तों का पालन करने तथा शस्त्रों का उपयोग पूर्णतः वैधानिक एवं जिम्मेदारी पूर्वक करने के निर्देश दिए। उन्होने बताया कि शस्त्र लाइसेंस से संबंधित सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी एवं नियमानुसार संपन्न की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### होमगार्ड सहित दो घरों में चोरी, नगदी जेवरात ले भागे चोर



**कोंच(जालौन)**- कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया पटेल नगर में गुरुवार/शुक्रवार की रात चोर एक होमगार्ड सहित एक अन्य व्यक्ति के घरों को निशाना बनाकर नकदी सहित सोने चांदी के जेवरात समेट कर फरार हो गए। चोरी की उक्त घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस मौका मुआयना कर जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नया पटेल नगर कोंच में एट रोड पर रहने वाले धर्मेंद्र पुत्र पूरन साहू गुरुवार की शाम एक शादी समारोह में शामिल होने अभिलाषा पैलेस गए हुए थे। देर रात घर लौटने पर उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ पड़ा है। अंदर जाकर देखा तो अलमारी और बक्सों के ताले भी टूटे पड़े थे। धर्मेंद्र के मुताबिक, चोर अलमारी और बक्से में रखे करीब 20 हजार रुपये नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। इसी मोहल्ले में दूसरी वारदात होमगार्ड गिरधारी लाल के घर में घटित हुई है। चोरों ने उनके घर में से करीब 5 हजार रुपये नगदी चोरी की। घटना के दोनों पीड़ितों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली की सागर चौकी इंचार्ज सुमित पांडेय मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना की तहरीर प्राप्त हुई है, पुलिस टीम आसपास के लोगों से पूछताछ कर सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों का पता लगाने में जुटी है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जायगा। उधर, चोरी की घटनाओं से इलाके के लोग दहशत में हैं। इलाकाई लोगों ने रात्रि में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग पुलिस अधिकारियों से की है।

### एमपीडीएसी कॉलेज के दिवंगत पूर्व प्राचार्य की श्रद्धांजलि सभा आज

**कोंच(जालौन)**- स्थानीय मथुरा प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं एमएसडी महाविद्यालय तीतरा की प्रबंध समिति से जुड़े डॉ टी.आर.निरंजन का गत रोज आकस्मिक निधन हो जाने पर श्रद्धांजलि सभा आज शनिवार को अपरान्ह ठीक 12 बजे मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में आयोजित की जाएगी। प्राचार्य डॉ विजय विक्रम सिंह ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए लोगों से श्रद्धांजलि सभा में नियत समय पर उपस्थित रहकर श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

### तालाबपुरा में सूने मकान से जेवरात चोरी

**अज्ञात चोरों पर एफआईआर दर्ज**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तालाबपुरा में सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने लाखों के जेवरात पार कर दिए। पीड़िता तालाबपुरा निवासी प्रीति पत्नी मनोज ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह मटर काटने केलिए अपने मायके गई हुई थीं और घर पर ताला लगा था। पीड़िता के अनुसार 8 फरवरी 2026 को जब वह वापस लौटीं तो घर के भीतर सामान बिखरा पड़ा मिला। अलमारी व बक्सों की तलाशी लेने पर सोने के हार, दो कंगन, बड़ी-बड़ी पायल सहित सोने-चांदी के अन्य जेवरात गायब पाए गए। काफी तलाश के बाद भी जब चोरी गए सामान का कोई सुराग नहीं लगा तो 12 फरवरी 2026 को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। विवेचना उपनिरीक्षक महेंद्र पाल सिंह को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

### जेई के कहने से लाइनमैन द्वारा नया गांव की काटी लाइट बच्चों को पढ़ाई करने में हो रही परेशानी

**जाखलौन।** ललितपुर जनपद के बिरधा ब्लाक में आने वाले नयागांव के ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया गया करीब 1 महीने से गांव की लाइट कटी हुई है। जो जेई के कहने पर लाइनमैन द्वारा काट दी गई जिस गांव के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। और रात में चोरी होने की आशंका बनी रहती है। जबकि 18/2/2026 से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुरू होने को है। लेकिन लाइट न होने के कारण बच्चे रात में पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। जिस गांव की छात्र-छात्राएं काफी परेशान हैं। किसके गांव में कोई भी जनहानि हो सकती है। समस्त ग्रामीणों ने जिलाधिकारी महोदय से तत्काल लाइट सुचारू रूप से चालू कराने की मांग रखी किसी बच्चे आसानी से पढ़ाई कर सकें। शिकायती पत्र में देशराज,मनोहर सिंह, संतराम सिंह,राजू,हरिबाई,नीरज, बृजेंद्र सिंह, तुलाराम, भुजबल, छोटू, मोहन, सुमरन, सुखलाल पूर्व प्रधान,आदि लोग उपस्थित रहे।

# रिहंदेश्वर धाम महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि की भव्य तैयारियाँ, गूँजेगा हर-हर महादेव

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सोनभद्र** - बीजपुर स्थित एनटीपीसी परिसर का सुप्रसिद्ध रिहंदेश्वर धाम महादेव मंदिर एक बार फिर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भक्ति के रंग में सराबोर होने के लिए तैयार है। वेसर शैली में निर्मित अपनी अनुपम भव्यता और सुंदरता के लिए विख्यात इस मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर तैयारियाँ अपने अंतिम चरण में हैं। क्षेत्रीय आस्था के प्रमुख केंद्र रिहंदेश्वर धाम में प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं। इस वर्ष भी मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई और रंग-रोगन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि पूरे परिसर को बिजली की झालरों और फूलों से सजाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। विशेष आकर्षण के रूप में इस बार दुर्गा पूजा पंडाल क्षेत्र में भव्य मेले का



आयोजन किया जा रहा है, जहाँ विभिन्न दुकानें सजाई जाएंगी। महाशिवरात्रि के दिन तड़के 5:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक जलाभिषेक एवं दुग्धाभिषेक का सिलसिला चलेगा। सुबह पूजन और आरती के बाद सुबह 10:00 बजे से श्री रामचरित मानस का अखंड पाठ प्रारंभ होगा। यह पाठ 16 फरवरी 2026 को सुबह 10:00 बजे संपन्न होगा, जिसके बाद विशाल आरती और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम सुनिश्चित है। महोत्सव का मुख्य आकर्षण शिव बारात की भव्य शोभायात्रा होगी, जो दोपहर 3:00 बजे मंदिर द्वार से प्रस्थान करेगी। यह शोभायात्रा संपूर्ण एनटीपीसी परिसर का भ्रमण कर पुनः मंदिर के मुख्य द्वार पर समाप्त होगी। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालु शिव परिवार की आरती उतारेंगे और झांकियों का स्वागत करेंगे। इस आयोजन को भव्य और दिव्य बनाने के लिए मंदिर समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य दिन-रात जुटे हुए हैं। समिति के अध्यक्ष संजीव खेड़ा, उपाध्यक्ष योगेश त्रिपाठी, निशांत कमल, जी.सी. साहु, शशांक मालवीय, प्रमोद द्विवेदी, टी.डी. तिवारी, आर.एन. वर्मा, अनिल त्रिपाठी, संजय कुमार, रामानंद यादव, हरिओम मिश्रा, रिंकेश उपाध्याय, रंजय सिंह, एस.के.बी. पाठक, अवनीश पांडे और मीडिया प्रभारी अनन्त मोहन सहित पूरी टीम कार्यक्रम की सफलता के लिए समर्पित है।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को लेकर जिलाधिकारी सख्त, अवकाश के दिनों में भी खुलेंगे स्कूल और दफ्तर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सोनभद्र।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को गति देने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए आगामी 14 और 15 फरवरी (शनिवार और रविवार) को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद अभियान से जुड़े सभी सरकारी कार्यालय और विद्यालय खुले रहेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सीमा में संशोधन किया गया है, जो इस प्रकार है। दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तिथिः 06 मार्च, 2026। सुनवाई, सत्यापन एवं निस्तारण की अवधि 27 मार्च, 2026 तक। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल, 2026। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान से जुड़े किसी भी कार्यालय, स्कूल या कॉलेज में छुट्टी नहीं रहेगी। 14 और 15 फरवरी को सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहकर पुनरीक्षण के कार्यों को निरंतर जारी रखेंगे।

अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने ई.आर.ओ. (ERO), ए.ई.आर.ओ. (AERO) और अतिरिक्त ए.ई.आर.ओ. को निम्नलिखित बिन्दुओं पर कड़ाई से पालन करने को कहा है। जिन प्रकरणों में नोटिस जारी कर सुनवाई की तिथि निर्धारित है, उनकी सुनवाई नियत समय पर ही सुनिश्चित की जाए। जहाँ सुनवाई निर्धारित नहीं है, वहाँ संबंधित अधिकारी मतदान केंद्रों पर जाकर बी.एल.ओ. (BLO) के साथ मिलकर आवश्यक दस्तावेजों का संकलन करेंगे। नो-मैपिंग और लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी (तार्किक विसंगतियों) से संबंधित तकनीकी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर ही पूर्ण किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी कार्मिकों को सचेत किया है कि इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने अभियान को लक्ष्य के अनुरूप सफल बनाने के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य करने का आह्वान किया है।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी का मामला

**चार नामजद पर एफआईआर दर्ज**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बड़ापुरा मोहल्ले में पारिवारिक रंजिश के चलते एक युवती, उसकी मां और बहन के साथ मारपीट व धारदार हथियार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, पीड़िता मुस्कान पुत्री मजिद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 12 फरवरी की रात वह अपने घर पर मौजूद थी, तभी पड़ोस में रहने वाले टिक्की, पप्पू, शाहरुख और फरहान उसके घर के बाहर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मिलकर मुस्कान के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उसकी मां समीना और बहन रूबाना पर आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे तीनों को गंभीर चोटें आईं। पीड़िता का आरोप है कि मोहल्ले के लोगों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुरानी लेन-देन की रंजिश को घटना का कारण बताया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## महिला सुरक्षा पर सोनभद्र पुलिस का कड़ा प्रहार छेड़खानी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**अनपरा (सोनभद्र)।** महिला संबंधी अपराधों और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, सोनभद्र पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए छेड़खानी के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशानुसार जनपद में अपराधियों की धरपकड़ तेज कर दी गई है। थाना अनपरा क्षेत्र के अंतर्गत एक पीड़िता द्वारा लिखित सूचना दी गई थी कि अभियुक्त विकास उर्फ विक्की ने महिला के साथ अभद्रता और छेड़खानी की वारदात को अंजाम दिया है। इस गंभीर शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अनपरा पुलिस ने तत्काल प्रभाव से भारतीय न्याय संहिता (BNS) की सुसंगत धाराओं 64(1) और 351(2) के तहत मुकदमा अपराध संख्या 26/2026 पंजीकृत किया था। घटना के बाद से ही अभियुक्त फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। अपर पुलिस अधीक्षक



(मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में गठित टीम को शुक्रवार, 13 फरवरी 2026 की सुबह एक महत्वपूर्ण सफलता मिली। मुखबिर की सटीक सूचना पर थाना अनपरा पुलिस ने सुबह लगभग 09:56 बजे डिबुलगंज तिराहा के पास घेराबंदी कर अभियुक्त को दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान विकास उर्फ विक्की (29 वर्ष), पुत्र भोला राम, निवासी ग्राम कुंडाडोही (लोहरा टोला), थाना अनपरा के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण कीं और अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

# सोनभद्र चोपन में अनियंत्रित ट्रेलर का तांडव, 5 दुकानें जमींदोज खनन और ओवरलोडिंग बनी काल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चोपन (सोनभद्र)।** जनपद के चोपन नगर में आज भोर के समय एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसने प्रशासन की मुस्तैदी और भारी वाहनों की फिटनेस पर एक बार फिर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। तड़के लगभग 3:45 बजे, एक अनियंत्रित और ओवरलोड ट्रेलर हाईवे के किनारे स्थित लगभग पांच दुकानों को रौंदते हुए निकल गया। इस हादसे में दुकानें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अनुसार, ट्रेलर की रफ्तार इतनी तेज थी कि चालक नियंत्रण खो बैठा। आशंका जताई जा रही है कि चालक नशे की हालत में था। गनीमत यह रही कि हादसा भोर के समय हुआ जब दुकानों में कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा एक बड़ी जनहानि हो सकती थी।



जनपद सोनभद्र में ओवरलोड गाड़ियां और खनन में लगे भारी वाहन अब आम जनता के लिए काल साबित हो रहे हैं। आंकड़ों और स्थानीय विमर्श पर गौर करें तो जिले में प्रतिदिन औसतन 8 से 10 लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवा रहे हैं। खनन कार्य में लगे अधिकांश 10 चक्का और उससे बड़े वाहन फिटनेस के मानकों पर खरे नहीं उतरते, फिर भी सड़कों पर दौड़ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खनन के नाम पर प्रतिदिन बलि दी जा रही है, लेकिन सरकार और प्रशासन इन भारी वाहनों पर नकेल कसने में विफल रहे हैं। लगातार होते इन हादसों से स्थानीय निवासियों में भारी रोष है। क्षेत्र की जनता ने सरकार से निम्नलिखित ठोस कदम उठाने की मांग की है। रिहायशी इलाकों और मुख्य हाईवे पर 10 चक्का से ऊपर की बड़ी गाड़ियों के प्रवेश पर कड़े प्रतिबंध लगाए जाएं। खनन में लगी उन गाड़ियों को तत्काल सीज किया जाए जो तकनीकी रूप से अनफिट हैं। रात के समय चलने वाले ट्रकों और ट्रेलरों के चालकों की नियमित ब्रेथ एनालाइजर जांच हो। सोनभद्र की सड़कें अब सफर के लिए नहीं, बल्कि मौत के लिए जानी जाने लगी हैं। जब तक ओवरलोडिंग और अनियंत्रित भारी वाहनों पर स्थाई प्रतिबंध नहीं लगेगा, मासूमों की जान जाती रहेगी।

# मारपीट व जानलेवा हमले का मामला दर्ज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्र के ग्राम पिपरिया जाखिर में जमीन से जुड़े कार्य के दौरान हुए विवाद में चार लोगों द्वारा मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित नीरज पुत्र हरिनारायण निवासी ग्राम चमारी, थाना भांडेर, जिला दतिया (मध्य प्रदेश) ने थाना पाली में दी तहरीर में बताया कि 11 फरवरी की रात वह अपने चचेरे भाई निरभान के साथ ट्रैक्टर से भूसा भरने जा रहा था। इसी दौरान रात करीब 11 बजे ग्राम पिपरिया जागीर में सड़क पर पहुंचते ही सेंदपाल पुत्र प्रतपाल, प्रतपाल पुत्र लक्ष्मण, रावसाहब पुत्र जंडेल सहित चार लोगों ने बिना कारण गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने कुल्हाड़ी व डंडों से हमला कर दिया, जिससे नीरज को सिर व शरीर में तथा उसके चचेरे भाई को पैर में चोटें आईं। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने उपचार कराने के बाद थाना पाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धाराओं 115(2), 352, 118(1) व 351(3) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

# 36 घंटे बाद भी कन्हरी नहर में गिरे वृद्ध का नहीं लग सका सुराग





**●एसडीआरएफ टीम, पुलिस और गोताखोर लगे सर्च अभियान में**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)**- कन्हरी नहर में गुरुवार की सुबह लापता हुए वृद्ध का 36 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस और एसडीआरएफ के साथ गोताखोरों की टीमें उसकी खोज में जुटीं हैं लेकिन फिलहाल उन्हें सफलता नहीं मिली है। गुरुवार की सुबह नदीगांव थाना क्षेत्र के गांव कन्हरी से निकली बंगरा शाख की बड़ी नहर में गांव का रहने वाला 55 वर्षीय वृद्ध हरदयाल गिर कर लापता हो गया था। ग्रामीणों के मुताबिक घटना उस वक्त हुई जब हरदयाल नहर पुल पर बैठा था तभी उसका संतुलन बिगड़ा और वह नहर के पानी में समा गया। उसको खोजने के लिए चलाए जाने वाले सर्च ऑपरेशन के दौरान करीब एक माह पहले लापता हुए समथर के अफसर का शव तो मिल गया था लेकिन हरदयाल का कोई सुराग नहीं लग सका। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए एसडीआरएफ की टीम गुरुवार को ही बुला ली गई थी। पुलिस के मुताबिक स्थानीय पुलिस के साथ एसडीआरएफ और स्थानीय गोताखोरों की कई टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं लेकिन लापता हरदयाल का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। उधर, हरदयाल के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है और वे नहर किनारे आस भरी नजरें लगाए बैठे हैं। सीओ परमेश्वर प्रसाद का कहना है कि टीमें लगातार खोज कार्य में लगीं हुई हैं। उम्मीद है कि शीघ्र ही हरदयाल को खोज लिया जाएगा।

### मारपीट व तोड़फ़ोड़ मामले में एफआईआर दर्ज, जांच शुरू

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के चौकाबाग मोहल्ले में मारपीट, गाली-गलौज और तोड़फ़ोड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित रामेश्वर पुत्र रामचरन ने कोतवाली थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 12 फरवरी की रात करीब 9.15 बजे मोहल्ले के ही मोगली पुत्र बल्ले तथा उसके साथ आए कुछ अज्ञात लोगों ने बिना कारण उनके घर पहुंचकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसे और लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। पीड़ित के अनुसार शोर सुनकर उनकी पत्नी और बच्चे बीच-बचाव को आए तो उनके साथ भी हाथापाई की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि घटना के बाद दबंगों ने पीड़ित की झोपड़ी में तोड़फ़ोड़ की और परिवार के भरण-पोषण का साधन बनी टैक्सी का शीशा भी तोड़ दिया। साथ ही मकान पर कब्जा करने की नीयत से धमकाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धाराओं 352, 115(2), 351(3) और 324(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक प्रशांत राणा को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता छात्र छात्राएं सम्मानित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**कोंच(जालौन)**- कोंच में एट रोड स्थित अग्रणी शिक्षण संस्थान पं. रामस्वरूप मेमो. इंटर कॉलेज में गत दिनों पूर्व आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को विद्यालय परिसर में संजोए गए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीमा कोंच के अध्यक्ष वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आलोक निरंजन शामिल रहे जबकि प्रबंध समिति अध्यक्ष लल्लूराम मिश्रा, उप प्रबंधक अमरेंद्र दुवे, पिंकू निरंजन फुलैला विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन किया, तदोपरांत प्रधानाचार्य डॉ बृजेंद्र झा सहित शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के तहत कैरम प्रतियोगिता में छात्र हिमांशु यादव, बैडमिंटन जूनियर वर्ग में छात्र समिति कुशवाहा, सीनियर वर्ग में छात्र हर्ष पटेल को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता जूनियर वर्ग के कप्तान देव प्रजापति एवं सीनियर वर्ग के कप्तान हर्ष पटेल को शील्ड व टीम के बाकी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिन के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्य का दायित्व निभाने वाली छात्रा विधि पटेल को भी इस मौके पर मेडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान नीमा अध्यक्ष ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पाठ्यक्रम शिक्षा से इतर शारीरिक, रचनात्मक, सांस्कृतिक, खेलकूद जैसे आयोजन में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करना चाहिए तभी सर्वांगीण विकास संभव है। लल्लूराम मिश्रा ने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य हेतु आशीर्वाद प्रदान कर कहा कि अनुशासित रहकर शिक्षा और खेलकूद में



अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने वाले छात्र छात्राएं निश्चित रूप से सफलता के सोपान पर पहुंचेंगे। संचालन शिक्षक अशोक शर्मा ने किया। इस मौके पर सचिन झा, अमित तिवारीप्रमेंद्र उपाध्याय, हरिशंकर त्रिपाठी, मोहन पाल, साहब सिंह, रामजी पटेल, पुनीत निरंजन, दिनेश पटैरिया, प्रमोद कुशवाहा, मनीषा, गीता, काजल आदि उपस्थित रहीं।

# राजस्व संग्रह अमीन संघ ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पांचवे दिन भी किया धरना/ प्रदर्शन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर**- जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के रोडीला गांव के सिंगहा टोला में संग्रह अमीन के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ ने आक्रोश व्याप्त है। कलेक्ट्रेट परिसर में पांचवे दिन शुक्रवार को भी धरना-प्रदर्शन करते हुए दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी व उनका शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा की नेतृत्व में संग्रह अमीनों ने घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। 3 फरवरी को उस समय घटित हुई जब बकाया न जमा करने पर कुर्की के लिए संग्रह अमीन सुभाष चंद्र उक्त गांव पहुंचे। ग्राम निवासी अनिल कुमार व अखिलेश कुमार पुत्र शोभ नारायण पर ग्रामीण बैंक शाखा मोहाना बाजार का 5,05,160 रुपये बकाया है। बकाया न जमा करने पर उनके खिलाफ आरसी जारी हो चुकी थी।नायब तहसीलदार के साथ संग्रह अमीन सुभाष चंद्र संपत्ति कुर्क करने पहुंचे थे। मौके पर पहुंचते ही दोनों भाई आग बबूला हो गए और संग्रह अमीन पर हमला बोल दिया। वहां मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। घटना से नाराज अमीन संघ ने जिलाधिकारी से आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और उनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो तहसील स्तर पर वसूली कार्य का बहिष्कार किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। रामेश कुमार मिश्र, कौलेश्वर पांडेय, संतोष कुमार श्रीवास्तव, शिवाल्या प्रसाद, रमेश चंद, शिव सागर, अरविन्द तिवारी, अरविन्द मिश्र, राजेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

# लाइनमैन की मनमानी से गांव अंधेरे में, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

**●ग्रामीणों ने आरोप लगाकर डीएम के नाम ओएसडी को सौंपा ज्ञापन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** ब्लॉक बिरधा अंतर्गत ग्राम नयागांव में बीते करीब एक माह से विद्युत आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जेई के कहने पर लाइनमैन व संबंधित कर्मचारियों द्वारा गांव की बिजली काट दी गई, जिसके बाद से गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार आगामी 18 फरवरी 2026 से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं प्रारंभ होनी हैं, लेकिन बिजली न होने के कारण बच्चों को रात में पढ़ाई करने में भारी दिक्कत हो रही है। इससे परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। अंधेरे के कारण गांव में चोरी की घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है। साथ ही रात के समय जंगली जानवरों व जहरीले जीव-जंतुओं के गांव में घुस आने का खतरा भी बना रहता है, जिससे किसी भी समय जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए तत्काल गांव की बिजली आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही विद्युत आपूर्ति चालू नहीं की गई, तो बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ गांव की सुरक्षा भी प्रभावित होती रहेगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है, ताकि परीक्षार्थी शांतिपूर्वक पढ़ाई कर सकें और गांव में सामान्य जनजीवन बहाल हो सके। ज्ञापन देते समय देशराज, मनोहरसिंह, सन्तराम सिंह, नन्दराम, सुमरन, पूर्व प्रधान हरलाल, अभिषेक, छोटू, मोहन, पृथ्वीराज, बृजेन्द्र सिंह, मनराखन, राजू, हरीबाई, नीरज, हल्कू, नमनी, तुलाराम, चन्दन सिंह, लीलाधर, भुजबल, मुन्ना, लालसिंह समेत अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

# साप्ताहिक परेड का एसपी ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को परखा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर एसपी मो.मुश्ताक ने परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा आपसी तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके पश्चात एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन्स परिसर स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कंट्रोल रूम एवं वर्दी स्टोर का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव तथा संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा कर सुधार के निर्देश दिए गए। निरीक्षण केक्रम में डायल-112 के पीआरवी वाहनों की भी जांच की गई। वाहनों की साफ-सफाई, वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति का परीक्षण किया गया। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए गए। एसपी ने अर्दली रूम का आयोजन भी किया गया, जिसमें रिजर्व पुलिस लाइन्स के विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों एवं लंबित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया गया। परेड में शामिल पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं को भी सुना गया तथा उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स सुनील भारद्वाज, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था ने किया नौबस्ता थाने का औचक निरीक्षण



**कानपुर।** दिनांक 13.02.2026 को अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ0 विपिन ताडा द्वारा थाना घाटमपुर, सजेती एवं नौबस्ता का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा साइबर डेस्क, ष्ष्ट्रञ्जहस् कार्यालय तथा थाना परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। अपर पुलिस आयुक्त द्वारा अभिलेखों, लंबित प्रकरणों एवं साइबर शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही थाना परिसर की स्वच्छता एवं अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव हेतु सख्त निर्देश प्रदान किए गए। इसी क्रम में आगामी पर्व महाशिवरात्रि के दृष्टिगत स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों से संवाद स्थापित कर सुदृढ़ कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई तथा पुलिस प्रशासन की ओर से शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने का आश्वासन दिया गया।

### शिवरात्रि के मद्देनजर पुलिस उपायुक्त यातायात ने किया परमट मंदिर का निरीक्षण



**कानपुर।** आज दिनांक 13.02.2026 को महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा शहर के प्रमुख शिव मंदिरों– आनंदेश्वर मंदिर, बनखण्डेश्वर मंदिर एवं जागेश्वर मंदिर का भौतिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं की संभावित भीड़, यातायात व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन, बैरिकेडिंग, डायवर्जन प्लान का विस्तृत अवलोकन किया गया।महोदय द्वारा सम्बंधित को निर्देशित किया गया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए।मंदिरों के आसपास सुगम एवं सुरक्षित यातायात संचालन सुनिश्चित किया जाए।

### दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा दिलाने के लिए नोडल शिक्षकों प्रशिक्षण



**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ ब्लॉक संसाधन केंद्र में समग्र शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से नोडल शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण के चौथे दिन नोडल शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों के पढ़ाई, संसाधन व्यवस्था व सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया। प्रशिक्षक जितेन्द्र कुमार व अभिषेक श्रीवास्तव ने पहले दिन प्रशिक्षण में दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु शिक्षण की प्रविधियां, कक्षा कक्ष प्रबंधन, पाठ सहगामी क्रियाएं एवं अधिगम के लिए सार्वभौमिक अभिकल्प तथा दिव्यांग जनों की शिक्षा में सूचना एवं संप्रेषण तकनीकी की जानकारी नोडल शिक्षकों को दी। साथ ही साथ नोडल शिक्षकों को विभिन्न प्रकार के दिव्यांगता की पहचान के बारे में किट के माध्यम से जानकारी दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने प्रशिक्षण में प्रतिभागी नोडल शिक्षकों से कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों को समावेशी शिक्षा देकर उन्हें आगे बढ़ाना है। बिना भेदभाव के सामान्य बच्चों के साथ-साथ विशेष बच्चों को भी कक्षा कक्ष में उचित संसाधनों के साथ पढ़ाई लिखाई का मौका देने की जरूरत है। इस दौरान विशेष शिक्षक जितेंद्र कुमार, राम भारत, ब्लॉक कोआर्डिनेटर आशिक़ रजा खान व नोडल शिक्षक प्रमोद कुमार, शनि कुमार, अरविंद कुमार, ओमप्रकाश, पल्लवी सिंह, शौकत अली, मनमोहन, निधि सिंह,रश्मि शर्मा, आनंद गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

## मुलायम सिंह का ऐलान : अधिवक्ताओं की हत्याओं का सिलसिला बंद हो , वरना आंदोलन होगा तेज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर देहात।** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट मुलायम सिंह यादव ने प्रदेश में अधिवक्ताओं पर लगातार हो रही हत्याओं के खिलाफ तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को सामाजिक सुरक्षा और जीवन रक्षा मिलना अनिवार्य है लेकिन इसके अभाव में वे अपराधियों के निशाने पर आ रहे हैं।रामपुर में भरी कचहरी में अधिवक्ता फारूक अहमद खां की दिनदहाड़े गोली मार हत्या का हवाला देते हुए मुलायम सिंह ने जिलाधिकारी को महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पांच सूत्री मांगें स्पष्ट रूप से उल्लिखित करते हुए कहा गया हत्यारों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) लगाकर सख्त कार्रवाई मृतक के परिजनों को 1 करोड़ रुपये सहायता परिजनों में एक योग्य सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदेश की सभी अधिवक्ता हत्याओं की उच्चस्तरीय जांच तथा अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम का शीघ्र लागूकरण किया जाए। मुलायम सिंह बोले अधिवक्ता जनता को न्याय दिलाते हुए खूंखार अपराधियों से टकराते हैं और न्यायालय पर भी बेखौफ हत्याएं हो रही हैं यह असहनीय है। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी न हुई तो आंदोलन तेज होगा। न्यायालय में पूर्ण बहिष्कार का विरोधस्वरूप जनपद के सभी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य विरत रखा। ज्ञापन सौंपने वालों में रमेश चंद्र सिंह गौर, दुर्गेश चंद्र, सर्वेद्र सिंह, धर्मेंद्र यादव, जितेंद्र बाबू, जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान, प्रीति त्रिपाठी, संजय, आनंद मोहन कटियार, बलराम सिंह, महेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, अंकित मिश्रा, वेदव्यास निराला, राजेंद्र गुप्ता, सुबोध नारायण त्रिपाठी, एसके सिंह, रामशरण, सुलेखा, सरोज दीक्षित, संपत लाल, जय सिंह, रवि वर्मा, राम गणेश सविता, सुधीश पाल, कल्याण सिंह, अशोक श्रीवास्तव, दिलीप सिंह यादव आदि प्रमुख थे।

### जिलाधिकारी ने बाउंड्रीवॉल निमार्ण कराए जाने के लिए दिए निर्देश



**सिद्धार्थनगर-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, विकास खण्ड खेसरहा के नवनिर्मित छात्रावास एवं एकेडमिक भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा पूरे छात्रावास भवन को देखा गया। जिलाधिकारी द्वारा भवन को हैण्ड ओवर कराने के लिए निर्देश दिया गया। इसके अलावा जिलाधिकारी ने बाउन्ड्रीवाल निर्माण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## उत्पीड़न को लेकर दूसरे दिन भी लालगंज में गरजे वकील, एसडीएम को दिया ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** साथी अधिवक्ता पर फायरिंग के केस में कार्रवाई न होने तथा रानीगंज तहसील में वकीलों के द्वारा एसडीएम के खिलाफ आंदोलन के समर्थन में दूसरे दिन शुक्रवार को भी वकीलों ने यहां विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष आशीष तिवारी व रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की अगुवाई में एसडीएम कोर्ट के सामने प्रदर्शन कर एसडीएम को डीएम के नाम संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। वहीं अधिवक्ताओं ने मांगो के समर्थन में शुक्रवार को भी न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। इसके चलते तहसील मे न्यायिक कामकाज में गतिरोध बना दिखा। शुक्रवार की सुबह नाराज अधिवक्ता तहसील के मध्य गेट पर एकत्रित हुए। मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। नारेबाजी करते अधिवक्ताओं का जत्था प्रथम तल पर मौजूद निर्वाचन पटल के सामने पहुंच गया। वकीलों का हंगामा सुन एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा बाहर आये। अधिवक्ताओं ने एसडीएम को डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तहसील के अधिवक्ता आलोक शुक्ला पर फायरिंग के मामले में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई न होने पर नाराजगी जतायी गयी है। वहीं ज्ञापन में डीएम से रानीगंज में एसडीएम को लेकर धरना दे रहे साथियों का समर्थन करते हुए वहां के एसडीएम के तबादले की मांग भी उठाई गयी है। विरोध प्रदर्शन में पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, संतोष पाण्डेय, विपिन शुक्ल, प्रवीण यादव, दिनेश सिंह, सिंटू मिश्र, सूर्यकांत निराला, विनोद मिश्र, आलोक शुक्ला, तपन पाण्डेय, शैलेन्द्र शुक्ला, श्याम पुष्पाकर, पारसनाथ सरोज, राजेश कुमार, घनश्याम मिश्र आदि अधिवक्ता रहे।

## आकांक्षी ब्लॉक खेसरहा में नीति आयोग सम्पूर्णता अभियान 2.0 का शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्पूर्णता अभियान 2.0 का शुभारम्भ विकास खण्ड खेसरहा के परिसर में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 की उपस्थिति में हुआ। नीति आयोग द्वारा विकास खण्ड खेसरहा को आकांक्षी ब्लाक के रूप में चयनित किया गया है। सम्पूर्णता अभियान 2.0 अभियान 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक संचालित होगा। आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के अन्तर्गत नीति आयोग द्वारा 06 इंडिकेटर स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि आदि में लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपस्थित जन समुदाय और अधिकरियों को सम्पूर्णता अभियान 2.0 के की प्राप्ति हेतु मार्गदर्शन दिया गया। जनपद में सम्पूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ वृहद आयोजन के साथ किया जाएगा, जिसमें अभियान के उद्देश्यों, लक्ष्यों एवं अपेक्षित परिणामों की जानकारी सभी संबंधित विभागों, अधिकारियों एवं जनसमुदाय को प्रदान की जाएगी। चयनित सभी संकेतकों से संबंधित आवश्यक कार्यवाहियों का विभागवार क्रियान्वयन किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों में निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध प्राप्ति सुनिश्चित की जा सके। उक्त संकेतकों के लिए लक्ष्य निर्धारण एवं उनकी पूर्ण संतृप्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों, फील्ड कर्मियों एवं हितधारकों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन संभव हो सके। पूर्व में डेल्टा रैकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर रू0 4.50 करोड़ की पुरस्कार धनराशि प्राप्त हुई। जिससे कायाकल्प का कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन लाभार्थियों का आयुष्मानकार्ड नही बना है अपना कार्ड बनवा ले। 5 लाख तक निःशुल्क इलाज की सुविधा दी जा रही है। शत-प्रतिशत टीकाकरण कराये। कोई भी छूटना नही चाहिए तथा इसकी फीडिंग भी कराये। सभी अधिकारी को निर्देश दिया फील्ड निरीक्षण अधिक से अधिक करें।



जिला विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए कार्यक्रम के उददेश्य पर प्रकाश डाला गया। खण्ड विकास अधिकारी खेसरहा द्वारा आकांक्षात्मक विकास खण्ड कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त उपलब्धियो के विषय में बताते हुए सम्पूर्णता अभियान 2.0 के उददेश्य तथा उसके लक्ष्यो की प्राप्ति की रूप रेखा प्रस्तुत की गयी। जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई तथा बच्चों का अन्नप्रासन कराया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, उपायुक्त श्रम रोजगार सन्दीप सिंह, डीएसटीओ बीएस यादव, उपायुक्त एनआरएलएम देवनन्दन दूबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, खण्ड विकास अधिकारी अमित सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कानपुर को भाजपा ने बनाया 'बदनामपुर', प्रदेश में माफियाओं के 'लेटेस्ट वर्जन'- अखिलेश यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी आज कानपुर दौरे पर रहे। वे यहाँ महानगर अध्यक्ष हाजी फज़ल महमूद के निज निवास पर उनके नवविवाहित पुत्र और पुत्रवधू को आशीर्वाद देने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से वार्ता करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार और कानून व्यवस्था पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने कानपुर की वर्तमान स्थिति पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने इस ऐतिहासिक शहर का नाम 'बदनामपुर' बना दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भू-माफियाओं के खिलाफ एक्शन लेने की बात करते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि कानपुर में खुद भाजपा नेताओं को ही भू-माफियाओं के खिलाफ प्रदर्शन करना पड़ रहा है। भू-माफियाओं के चक्कर में कई दुकानें और घर गिराए जा चुके हैं। जब शहर की ऐसी छवि होगी, तो यहाँ निवेश कौन करेगा?

सरकार पर हमला बोलते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री जी पुराने माफियाओं की रट लगाते हैं, लेकिन उनके राज में माफियाओं के नए 'लेटेस्ट वर्जन' सामने आए हैं।

प्रदेश में अब 'एनकाउंटर माफिया, कफ सिरप माफिया, नीट (NEET) माफिया और स्कैम माफिया' सक्रिय हैं। बिजली व्यवस्था ध्वस्त बजट और इंफ्रास्ट्रक्चर पर बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि कानपुर को इंफ्रास्ट्रक्चर चाहिए था, जिसमें बिजली सबसे महत्वपूर्ण है। बिना बिजली के कोई कारखाना नहीं लग सकता। उन्होंने कहा, पनकी और लिग्नाइट (Lignite) के कारखाने हमारी प्राथमिकता थे। हमारी सरकार में घाटमपुर में कारखाना लग रहा था, जिससे न केवल कानपुर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश और देश को सस्ती बिजली मिलती, जो आज नहीं मिल पा रही है। आज पूरे प्रदेश में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। कानून व्यवस्था और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पुलिस का अब एक ही नारा है- 'हथेली गरम, पुलिस नरम '। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि कानपुर के एनकाउंटर माफिया तो इतने चर्चित हैं कि उन्हें अब बॉलीवुड वालों से भी फोन आ रहे हैं। वहीं, एक चर्चित आईएएस प्रकरण पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 'भाजपा वाले बड़े चालाक हैं, जो लोग उस आईएएस को फंसा रहे थे, उन उद्योगपतियों को कोर्ट कब जेल भेजेगा।

### 45 दिन में चालान नही भरा तो डीएल, आरसी, पर गिरेगी गाज



**घाटमपुर।** अब ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करना वाहन चालकों को भारी पड़ सकता है, केंद्र सरकार ने सड़क सुरक्षा और अनुशासन को सख्त करने के उद्देश्य से केंद्रीय मोटर यान नियमावली 1989 में बड़ा संशोधन किया है,नए प्रावधानो के तहत् चालान का भुगतान तय समय-सीमा में अनिवार्य कर दिया गया है,तय अवधि में चालान न भरने पर ड्राइविंग लाइसेंस, डीएल,और वाहन पंजीकरण, आरसी, निरस्त किया जा सकता है, संशोधित केन्द्रीय मोटर यान नियम 2026 के अनुसार 01 जनवरी 2026 से एक वर्ष में पांच या उससे अधिक बार ट्रैफिक नियमों का उल्लघंन करने पर चालक का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जा सकेगा,यह कारवाई भारत सरकार द्वारा सड़क दुघर्टनाओ पर नियंत्रण और अनुशासन लागू करने के उद्देश्य से की गई है,नए नियमों के अनुसार चालान जारी होने की तारीख से 45 दिनों के भीतर वाहन स्वामी को या तो चालान स्वीकार कर भुगतान करना होगा,या फिर पोर्टल पर दस्तावेजों के साथ आपत्ति दर्ज करानी होगी।

## संघ के प्रथम जिला संघचालक, स्वयंसेवक औरैया गोविन्द विश्नोई जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ औरैया के प्रथम संघचालक श्रीगोविन्द विश्नोई जी का जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन आज मर्चेन्ट चेम्बर हाल में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं कविता सिंह के भावपूर्ण भजनों से हुआ। शताब्दी समारोह के मुख्य अतिथि विहिप के केन्द्रीय मार्गदर्शक, वरिष्ठ प्रचारक दिनेश ने उनके जीवन-चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि औरैया के प्रतिष्ठित व्यवसायी, प्रमुख समाजसेवी, पर्यावरण प्रेमी, शिक्षा क्षेत्र में कई विद्यालयों की स्थापना करने वाले गोविन्द विश्नोई संघ के आदर्श स्वयंसेवक थे। विपरीत परिस्थितियों में, आपातकाल के दौरान भूमिगत रहकर कार्य किया। श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आन्दोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उनकी कार्यशैली के बारे में बोलते हुए उनके परिवार के अत्यन्त निकट रहे हिन्दू जागरण मंच झारखण्ड - बिहार के क्षेत्रीय संगठन मंत्री, प्रचारक सुमन कुमार ने बताया कि श्री राम जन्मभूमि आन्दोलन के दौरान शहीद हुए कारसेवकों के अस्थि कलश ले जाते हुए वे मार्ग दुर्घटना में स्वर्गवासी हो गये, वे अन्तिम समय तक संघ के कार्य में लिप्त रहे । परिवार की तीसरी और चौथी पीढ़ी के शुभा विश्नोई गुप्ता, सुरभि विश्नोई भदौरिया, शिखर विश्नोई, शाम्भवी विश्नोई, रोहिणी गुप्ता व कृषा गोयल, ने अपनी भावांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में शहर के प्रमुख उद्योगपति राजकुमार लोहिया, सुरेन्द्र गुप्ता गोल्डी, विश्वनाथ गुप्ता, पी. सी. कुरेले, प्रान्त संघचालक भवानी भीख, प्रान्त प्रचारक राम जी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त आई.ए.एस. हरगोविन्द विश्नोई ने की। आये हुए अतिथियों का स्वागत विधायक सलिल विश्नोई द्वारा किया गया।

## 'हिंदी साहित्य में राष्ट्रीय सरोकार' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** आर्मापुर पी. जी. कॉलेज, कानपुर एवं हिन्दुस्तानी एकेडेमी, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 'हिन्दी साहित्य में राष्ट्रीय सरोकार : काव्य के विशेष सन्दर्भ में' विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आर्मापुर पी. जी. कॉलेज, कानपुर के सभागार में किया गया। आज संगोष्ठी के उद्घाटन प्रख्यात अभिनेता एवं वरिष्ठ साहित्यकार अखिलेन्द्र मिश्र, आलोक कुमार, वरिष्ठ महाप्रबन्धक आयुध निर्माणी, मुख्य अतिथि प्रो. हितेन्द्र मिश्र निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि प्रो. विवेक द्विवेदी, प्राचार्य ब्रह्मानन्द पी.जी. कालेज और प्राचार्य प्रो. मुकेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके उपरान्त सभी अतिथियों का स्वागत एवं सारस्वत सम्मान महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. मुकेश सिंह द्वारा किया गया। बीज वक्तव्य देते हुए अभिनेता एवं वरिष्ठ साहित्यकार अखिलेन्द्र मिश्र ने शिव के डमरू से निकले 14 महेश्वर सूत्र से जोड़कर अपने व्याख्यान को आरम्भ किया। अहम तत्व आस्तित्व पर सत-रज-तम गुणों पर अपने विचार रखे।

वरिष्ठ महाप्रबन्धक आयुध निर्माणी आलोक कुमार ने ब्राजील की यात्रा से सम्बद्ध करके भारतीय संस्कृति की विविधता के स्वरूप को स्पष्ट किया। प्रो. विवेक द्विवेदी ने स्वतंत्रता आन्दोलन में हिन्दी के अवदान की चर्चा की तथा जयशंकर प्रसाद एवं सुभद्रा कुमारी चौहान की कविताओं पर अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि प्रो. हितेन्द्र मिश्र, निदेशक हिन्दी केन्द्रीय निदेशालय ने भारतवर्ष के विस्तृत स्वरूप, जिसमें आर्य संस्कृति तथा वैदिक संस्कृति से राष्ट्रीय सरोकार आरम्भ माना जाता है, इस विषय पर अपने विचार रखे। उद्घाटन सत्र का संचालन प्रो. गरिमा जैन, हिन्दी विभाग तथा धन्यवाद ज्ञापन डा. राजेश कुमार सिंह, सहायक आचार्य हिन्दी विभाग द्वारा किया गया।

## इटवा में दो दिवसीय कुश्ती दंगल का हुआ भव्य शुभारंभ

### ●पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने युवाओं को दिया स्वास्थ्य का संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर –** इटवा नगर पंचायत में शुक्रवार को दो दिवसीय भव्य कुश्ती दंगल का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद एवं भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने हेलीकॉप्टर से पहुंचकर किया। उनके आगमन पर क्षेत्रीय जनता एवं खेल प्रेमियों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने युवाओं को कुश्ती से प्रेरणा लेने और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। उन्होंने यह भी कहा कि जहां कुश्ती दंगल आयोजित होते हैं, वहां आपसी सौहार्द और भाईचारा मजबूत होता है तथा विवाद और झगड़ों की संभावना कम रहती है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री डॉ. सतीश चंद्र त्रिवेदी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा पारंपरिक खेलों को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम के संयोजक हरिशंकर सिंह ने कहा कि दो दिनों तक चलने वाले इस दंगल में देश के विभिन्न राज्यों से आए ख्यातिप्राप्त पहलवान अपने दांव-पेच का प्रदर्शन करेंगे, जिससे दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

दंगल के दौरान कई मुकाबले अत्यंत रोमांचक रहे। हरियाणा के पहलवान राजेश ने गाजीपुर के बृजेश को पराजित किया। वहीं हरियाणा के मनोज पहलवान ने गाजीपुर के विशाल को शिकस्त दी। इसके अलावा दिल्ली के जितेंद्र ने गाजीपुर के सत्यपाल को हराकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का संचालन पूर्व ब्लॉक प्रमुख बलराम मिश्रा ने किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार कुंवर, लालजी त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष इटवा विकास जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष बिस्कोहर अजय गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री कृष्णा मिश्रा, प्रदीप कसौधन, राजेंद्र दुबे, पप्पू सिंह, शिवकुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, क्षेत्रीय जनता और कुश्ती प्रेमी मौजूद रहे।

## ब्लाक पट्टी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव कमल पाण्डेय के मार्गदर्शन में विकास खंड पट्टी के ब्लॉक सभागार में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शांभवी द्वितीय ने कहा कि कमजोर वर्गों के लिए निशुल्क विधिक सहायता का प्रावधान किया गया है, वही कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु भी पात्र व्यक्ति विधिक सेवा प्राधिकरण से सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि 22 फरवरी को जनपद मुख्यालय पर मेगा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन होने जा रहा है जिसमें लोगों को निशुल्क विधिक सहायता के साथ-साथ पात्र व्यक्तियों को जिनकी कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच बनी है का प्रमाण पत्र एवं स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए जायेंगे। उन्होंने महिलाओं को सुरक्षा ,सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से लोगों के अधिकारों तक पहुंच सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। इस अवसर पर तहसीलदार पट्टी पवन कुमार सिंह ने लोगों को राजस्व विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता इंद्र प्रसाद तिवारी द्वारा निशुल्क विधिक सहायता की पात्रता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। पीएलवी मुनीन्द्र प्रताप भारती द्वारा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य की पात्रता एवं लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। लोगों के प्रति आभार खंड विकास अधिकारी पट्टी राजीव पाण्डेय ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम प्रकाश पाण्डेय प्रभारी लीगल एड क्लीनिक तहसील पट्टी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी कोतवाली पट्टी आनंद भदौरिया, वरिष्ठ पैनल व्यवस्था बिंदेश्वरी प्रसाद बिंदु पाठक, बसंत लाल, सहायक विकास अधिकारी पंचायत विजय राज, सहायक विकास अधिकारी राकेश कुमार, मोहम्मद शमीम, पीएलवी शीला देवी, रवि पटेल, हुश्ननारा बानो, कुसुम गौतम, खुशबू, नाजरीन आदि लोग मौजूद रहे।

## खुले और असुरक्षित गडढ़ों के चलते मौतों पर राज्यसभा सांसद संसद में सरकार को घेरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने देश के विभिन्न शहरों में खुले और असुरक्षित गडढों के कारण युवाओं की लगातार दर्दनाक मौत का मुददा संसद सत्र में जोर शोर से उठाया है। उन्होनें इन मौतों के लिए लापरवाह जिम्मेदार अफसरों तथा एजेन्सियों के विरूद्ध फौरन कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि निर्माण कार्यो के नाम पर लापरवाही के चलते एजेन्सियों द्वारा खुले मे गडढे खोदे गये हैं। ऐसे स्थानों पर जिम्मेदार एजेंसियों द्वारा न तो वैरीकेटिंग की जाती है और न ही प्रकाश की व्यवस्था अथवा सावधानी के बोर्ड लगाए जा रहे हैं। बतौर उदाहरण सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि बीती पांच फरवरी को दिल्ली जलबोर्ड द्वारा खोदे गये असुरक्षित गडढे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। इसी प्रकार उन्होनें सरकार को बताया कि ग्रेटर नोएडा में भी गडढे में पानी होने से एक युवक कार सहित उसमें गिर गया। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस दुर्घटना में चिन्ताजनक पहलू यह सामने आया कि राहत एवं बचाव के कार्य समुचित नही हो सके। उन्होने अपने सवाल के जरिए सरकार पर तंज कसा कि विकास के बड़े बड़े दावों के बीच वह नागरिकों के बुनियादी सुरक्षा की अनदेखी कर रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने सरकार से इन दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के गंभीर इंतजाम करते हुए पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिये जाने को कहा। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने देश भर में हो रहे निर्माण कार्यो पर सरकार की ओर से सख्त एवं सुदृढ़ मानक भी सुनिश्चित कराये जाने पर जोर दिया है। सांसद प्रमोद तिवारी का यह बयान मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### तुर्कमान गेट पथराव मामलाः 12 आरोपियों की जमानत पर 16 फरवरी को आएगा कोर्ट का फैसला



**नई दिल्ली।** तीस हजारी एडिशनल सेशंस जज की कोर्ट ने अतिक्रमण विरोधी मुहिम के दौरान तुर्कमान गेट पर पथराव की घटना में गिरफ्तार 12 आरोपियों की जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। यह घटना 6 जनवरी की रात को हुई थी, जब चांदनी महल पुलिस स्टेशन में ख़ुद्रक़ दर्ज की गई थी। एडिशनल सेशंस जज भूपिंदर सिंह ने आरोपियों के वकीलों और दिल्ली पुलिस की दलीलें सुनने के बाद अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। कोर्ट 16 फरवरी को अपना फैसला सुना सकता है।

जिन आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर कोर्ट ने सुनवाई की, उनमें मोहम्मद इमरान, मोहम्मद अदनान, अदनान, मोहम्मद नावेद, मोहम्मद उबैदुल्ला, आमिर हमजा, मोहम्मद आदिल, समीर हुसैन, मोहम्मद अतहर, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद काशिफ और मोहम्मद अरीब शामिल थे। बचाव पक्ष ने दलील दी कि ज्यादातर आरोपी घटनास्थल के आसपास के रहने वाले हैं, इसलिए उनके मोबाइल फोन की लोकेशन फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास होना स्वाभाविक है। वकीलों ने दलील दी कि आरोपी अपने रिश्तेदारों की तलाश में वहां गए थे और पथराव में उनके शामिल होने का कोई CCTV सबूत नहीं है। एक आरोपी ने यह भी दलील दी कि उसने अपने मोबाइल फोन पर मिले भड़काऊ मैसेज नहीं बनाए थे, बल्कि उन्हें सिर्फ फॉरवर्ड किया था। बचाव पक्ष ने इंडियन पीनल कोड की धारा 307 (हत्या की कोशिश) लगाने को भी बहुत ज्यादा बताया, और कहा कि मेडिकल रिपोर्ट में किसी भी घायल को जानलेवा चोट लगने की बात सामने नहीं आई। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने जमानत का विरोध किया। प्रॉसिक्यूशन ने कहा कि यह कार्रवाई दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान हुई थी, और आरोपियों ने पुलिस अधिकारियों पर पथराव करके कानून-व्यवस्था पर हमला किया था। पुलिस ने सबूत के तौर पर WhatsApp मैसेज और वीडियो का हवाला दिया।

### बांग्लादेशी नाबालिग दुष्कर्म का मामला, आरोपी को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली जमानत



» दिल्ली हाई कोर्ट ने आरोपी को जमानत दी।

» सात साल से जेल में बंद था आरोपी।

» पॉक्सो एक्ट के बावजूद मिली राहत।

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने बांग्लादेशी नाबालिग से रेप के आरोप में सात साल से जेल में बंद आरोपी को बेल पर रिहा करने का आदेश दिया है। जस्टिस गिरीश कथपालिया की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि आरोपी को सिर्फ इसलिए हमेशा जेल में नहीं रखा जा सकता क्योंकि मामला प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस (POCSO) एक्ट के तहत दर्ज किया गया था।

कोर्ट ने कहा कि प्रॉसिक्यूशन रेप की तारीखों या समय के बारे में कोई डिटेल नहीं दे पाया। कोर्ट ने यह भी कहा कि फैक्ट्स बताते हैं कि शिकायत करने वाली महिला ने आरोपी के साथ सहमति से सेक्सुअल इंटरकोर्स किया था। यह कहते हुए, कोर्ट ने आरोपी को 10,000 के पर्सनल बॉन्ड और उतनी ही रकम की एक श्योरिटी पर बेल पर रिहा करने का आदेश दिया। पिटीशन के मुताबिक, नाबालिग बांग्लादेश की रहने वाली है और सिर्फ बंगाली बोलती है। उसने कहा कि आरोपी उसे नौकरी दिलाने के बहाने दिल्ली लाया और वहां उसने और दो अन्य लोगों ने उसके साथ कई बार रेप किया। उसने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने उसका नाम जाली बनाया और फिर उसे फरीदा बेगम नाम की एक महिला के पास नौकरी दिलाने के लिए जयपुर ले गया। फरीदा बेगम और उनके पति के बीच झगड़ा हुआ और वह वहां से भागकर पुलिस स्टेशन चली गई।

# भागते चीनी जहाज को जापान ने दबोचा, भारी एक्शन हो गया!

**जापान की फिशरी एजेंसी ने इस बयान को जारी करते हुए बताया कि 12 फरवरी को दोपहर के आसपास नागासाकी प्रीफेक्चर के गोतो द्वीप समूह के पास मेशिमा द्वीप से लगभग 89.4 नॉटिकल मील यानी कि करीब 165 कि.मी. दक्षिण पश्चिम में स्थित जापान की ईजेड में चीनी नाव क्यू ओंग डोंग यू 111998 को देखा गया।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

जापान और चीन के बीच तनाव बढ़ता चला जा रहा है। अब जापान भी चीन के खिलाफ एक्शन लेने के मूड में है। तभी तो साल 2022 के बाद अब जापान ने कुछ ऐसा किया है जिससे चीन को मिर्ची लगनी तय है। जापानी अधिकारियों ने दक्षिण पश्चिम जापान के नागासाकी के पास अपने विशेष आर्थिक क्षेत्र यानी कि एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन में एक चीनी मछली पकड़ने वाले नाव को जब्त कर लिया। उसके कप्तान को गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि नाव ने जापानी निरीक्षण टीम के आदेशों की अनदेखी कर भागने की कोशिश की। यह घटना ऐसे वक्त में हुई है जब एशिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान और चीन के बीच पहले से ही एक बड़ा कूटनीतिक विवाद चल रहा है।

जापान की फिशरी एजेंसी ने इस बयान को जारी करते हुए बताया कि 12 फरवरी को दोपहर के आसपास नागासाकी प्रीफेक्चर के गोतो द्वीप समूह के पास मेशिमा द्वीप से लगभग 89.4 नॉटिकल मील यानी कि करीब 165 कि.मी. दक्षिण पश्चिम में स्थित जापान की ईजेड में चीनी नाव क्यू ओंग डोंग यू 111998 को देखा गया। यह एक ट्रोलर प्रकार की मछली पकड़ने वाली नाव थी जिसमें जाले लगे हुए थे। फिश एजेंसी के पेट्रोल जहाज होकआ मारो ने नाव को रोकने और बोट पर निरीक्षण की

अनुमति देने का आदेश दिया। लेकिन कप्तान ने आदेश की अवहेलना की और नाव भगाने लगा। इसके बाद जापानी अधिकारियों ने नाव को जब्त कर लिया और उसके 47 वर्षीय चीनी कप्तान को भी गिरफ्तार किया गया।

नाव पर कुल 11 चालक दल के सदस्य थे जिनमें से कप्तान को हिरासत में लिया गया। बाकी सदस्यों की स्थिति स्पष्ट नहीं है। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव मीनारू केरा ने नियमित प्रेस ब्रीफिंग में इस घटना की पुष्टि की है और इस पर बयान भी दिया है। सुस सबसे दिलचस्प बात यह है कि जब से ताइवान के मामले में जापान और चीन की टकराहट बढ़ी है। जापान ने बापस से परमाणु कार्यक्रम की तरफ कदम उठाने पर जोर दिया है। उसके बाद से ही यह तनाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में साल 2022 के बाद पहली बार जापान ने चीनी मछली पकड़ने वाली नाव को जब्त कर लिया। हाल के वर्षों में जापान ने दक्षिण कोरिया और ताइवान की नाव को भी इसी तरह जब्त किया है।

### महरौली-बदरपुर रोड पर मेट्रो निर्माण में हादसा, बीच सड़क पर क्रेन से गिरा पिलर



**» एमबी रोड पर मेट्रो पिलर गिरने से बड़ा हादसा टला।**

**» घटना के बाद सड़क पर लगा लंबा यातायात जाम।**

**नई दिल्ली।** एमबी रोड (महरौली-बदरपुर रोड) पर मेट्रो निर्माण के दौरान बड़ा हादसा टल गया। मेट्रो का एक पिलर क्रेन की मदद से खड़ा किया जा रहा था, तभी वह अचानक गिर गया। गनीमत रही कि इसकी चपेट में कोई व्यक्ति या वाहन नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बता दें कि पिलर गिरने से सड़क पर काफी देर तक यातायात ठप रहा। चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन और अन्य मशीनों की मदद से पिलर को रास्ते से हटाया गया। इस दौरान सड़क पर लंबा जाम लग गया, जिससे लोगों को काफी परेशानी हुई। मेट्रो अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी है और निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की समीक्षा करने का फैसला किया है।

### संभागीय परिवहन कार्यालय में सड़क सुरक्षा कार्यशाला आयोजित, चालकों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 11 फरवरी 2026 को संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय बस्ती में सड़क सुरक्षा संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनपद बस्ती के चालक, परिचालक एवं वाहन स्वामियों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सुरेश कुमार मौर्य ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चालक सदैव हेलमेट का प्रयोग करें तथा चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। उन्होंने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने की सख्त हिदायत दी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) माला वाजपेई ने अपील की कि सभी वाहन चालक वैध ड्राइविंग लाइसेंस एवं आवश्यक प्रपत्रों के साथ ही वाहन चलाएं, ताकि दुर्घटनाओं और कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। कार्यशाला में जिला अस्पताल के डॉक्टर तुलस्यान ने वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाना अत्यंत खतरनाक है।

नशा करने के बाद मस्तिष्क की कार्यक्षमता प्रभावित होती है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। इस अवसर पर चालक, परिचालक, वाहन स्वामी एवं परिवहन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

## यूं जी सी अधिनियम 2026 केंद्र सरकार अभिलंब लागू करें

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रयागराज।** भारतीय कुर्मी महासभा के द्वारा यूजीसी 2026 अधिनियम लागू करने के संबंध में भारतीय कुर्मी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ हरिश्चंद्र पटेल के निर्देशन पर एवं भारतीय कुर्मी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर पटेल के नेतृत्व में सैकड़ो अधिवक्ता पदाधिकारी के साथ जिला अधिकारी के माध्यम से महामहिम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देते समय रामकिशोर पटेल ने कहा कि यूजीसी अधिनियम 2026 अभिलंब लागू करें। हमारी पहली मांग बहुजनों के ऊपरअत्याचार ना करें।

दूसरी मांग ओ बी सी का आरक्षण 27% एस सी, एस टी, को 22.5% पूरा आरक्षण दें तीसरी मांग एनएफसी लिखकर फेल करने की प्रक्रिया तत्काल समाप्त करें। एवं 40% अंक साक्षात्कार समय अवश्य प्रदान करें। एवं चौथी मांग चौथी मांग लैटरल एंट्री द्वारा हो रही इस की भर्ती प्रक्रिया को तत्काल बंद करें एवं संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के माध्यम से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन किया जाए। अन्यथा तमाम संगठन जैसे भारतीय कुर्मी महासभा महासभा के साथ, बहुजन महासभा, मौर्य महासभा, पाल महासभा, यादव महासभा, पासी महासभा, बिंद महासभा, प्रजापति महासभा, आदि संगठन मिलकर सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन करने के लिए, धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे द्य क्या पंडित देते समय हमारे समस्त पदाधिकारी गण अधिवक्ता परिषद के जिला महासचिव एडवोकेट संजय कुमार पटेल, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट धीरेंद्र सिंह पटेल, जिला संगठन सचिव एडवोकेट सुरेश कुमार पटेल, जिला संगठन सचिव इंजीनियर चंद्रभान सिंह पटेल, एडवोकेट शांति स्वरूप पटेल, एडवोकेट अमरेंद्र सिंह, एडवोकेट अजय कुमार, एडवोकेट छोटेलाल पाल, एडवोकेट भास्कर पासवान, एडवोकेट अशोक कुमार वर्मा, एडवोकेट वीरेंद्र प्रताप सिंह, एडवोकेट शिव बालक



पटेल, एडवोकेट जितेंद्र सिंह, एडवोकेट धीरेंद्र सिंह, एडवोकेट कुमार सतीश सिंह,एडवोकेट रत्नाकर सिंह,एडवोकेट प्रदीप कुमार मंत्री, एडवोकेट धीरेंद्र कुमार भारतीया, एडवोकेट प्यारेलाल वर्मा, एडवोकेट सुनील कुमार सरोज, एडवोकेट रवि सोनकर उर्फ गोलू, एडवोकेट अखिलेश कुमार एडवोकेट ,कमलेश कुमार पटेल, एडवोकेट पिंटू सिंह, एडवोकेट के एन सिंह, एडवोकेट चंद्रमा सिंह पटेल, एडवोकेट कुलदीप सिंह आदि सैकड़ों लोग सम्मिलित रहे।

## मुलायम सिंह का ऐलानः अधिवक्ताओं की हत्याओं का सिलसिला बंद हो, वरना आंदोलन होगा तेज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कानपुर देहात।** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट मुलायम सिंह यादव ने प्रदेश में अधिवक्ताओं पर लगातार हो रही हत्याओं के खिलाफ तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को सामाजिक सुरक्षा और जीवन रक्षा मिलना अनिवार्य है लेकिन इसके अभाव में वे अपराधियों के निशाने पर आ रहे हैं।रामपुर में भरी कचहरी में अधिवक्ता फारूक अहमद खां की दिनदहाड़े गोली मार हत्या का हवाला देते हुए मुलायम सिंह ने जिलाधिकारी को महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पांच सूत्री मांगें स्पष्ट रूप से उल्लिखित करते हुए कहा गया हत्यारों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (NSA) लगाकर सख्त कार्रवाई मृतक के परिजनों को 1 करोड़ रुपये सहायता परिजनों में एक योग्य सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदेश की सभी अधिवक्ता हत्याओं की



उच्चस्तरीय जांच तथा अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम का शीघ्र लागूकरण किया जाए। मुलायम सिंह बोले अधिवक्ता जनता को न्याय दिलाते हुए खूंखार अपराधियों से टकराते हैं और न्यायालय पर भी बेखौफ हत्याएं हो रही हैं यह असहनीय है। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी न हुई तो आंदोलन तेज होगा।

न्यायालय में पूर्ण बहिष्कार का विरोधस्वरूप जनपद के सभी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य विरत रखा। ज्ञापन सौंपने वालों में रमेश चंद्र सिंह गौर, दुर्गेश चंद्र, सर्वेंद्र सिंह, धर्मेंद्र यादव, जितेंद्र बाबू, जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान, प्रीति त्रिपाठी, संजय, आनंद मोहन कटियार, बलराम सिंह, महेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, अंकित मिश्रा, वेदप्रकाश निराला, राजेंद्र गुप्ता, सुबोध नारायण त्रिपाठी, एसके सिंह, रामशरण, सुलेखा, सरोज दीक्षित, संपत लाल, जय सिंह, रवि वर्मा, राम गणेश सविता, सुधीश पाल, कल्याण सिंह, अशोक श्रीवास्तव, दिलीप सिंह यादव आदि प्रमुख थे।

## चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, यूपी ने आजमगढ़ में लॉन्च किया अपना एडमीशन व स्कॉलरशिप पोर्टल सीयूसीईटी 2026

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**आजमगढ़,** 13 फरवरी। भारत आज न केवल दुनिया की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भी वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर है। इसी विज़न को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में देश की पहली एआई सिटी विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस परिवर्तनकारी पहल का एक अहम ठहराव उन्नाव में सामने आया है, जहां चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने लगभग 2500 करोड़ रुपये की लागत से एक अत्याधुनिक एआई-सपोर्टेड कैंपस स्थापित किया है। इसके साथ ही चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी एआई आधारित कैंपस स्थापित करने वाली भारत की पहली निजी यूनिवर्सिटी बन गई है। कानपुर-लखनऊ रोड पर उन्नाव के एसजीआर क्षेत्र में स्थित यह कैंपस न केवल एआई-सपोर्टेड शिक्षा प्रदान कर रहा है, बल्कि छात्रों को इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप इंडस्ट्री-रेडी वर्कफोर्स के रूप में भी तैयार कर रहा है। यह जानकारी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश के प्रो वाइस चांसलर डॉ. थिपेंद्र पी. सिंह ने आजमगढ़ में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी।

इस अवसर पर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश द्वारा अपने स्कॉलरशिप एवं एडमिशन पोर्टल 'सीयूसीईटी 2026' की आधिकारिक शुरुआत की गई। यूनिवर्सिटी ने इस पहल के तहत छात्र-छात्राओं को 50 करोड़ रुपये तक की स्कॉलरशिप प्रदान करने की घोषणा की, जिससे एआई, रिसर्च और इनोवेशन आधारित उच्च शिक्षा को अधिक व्यापक और सुलभ बनाया जा सके।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डॉ. थिपेंद्र पी. सिंह ने बताया कि सीयूसीईटी स्कॉलरशिप योजना ने अपने पहले ही शैक्षणिक सत्र में उल्लेखनीय प्रभाव दिखाया है। अब तक इस योजना के अंतर्गत 2,000 से अधिक विद्यार्थियों को करोड़ों रुपये की स्कॉलरशिप दी जा चुकी है। इससे विभिन्न सामाजिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि से आने वाले मेधावी छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर और आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश का दीर्घकालिक लक्ष्य राज्य को एआई आधारित शिक्षा, शोध और तकनीकी नवाचार का वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

यूनिवर्सिटी के इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप फोकस को रेखांकित करते हुए डॉ थिपेंद्र पी सिंह, ने कहा कि 'कैम्पस टैंक' और 'सीयू एआई स्पेस' जैसी पहलें स्टार्टअप्स और युवा इनोवेटर्स को सीड फंडिंग, इनक्यूबेशन और पेटेंट फाइलिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट मिनिस्टर नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' द्वारा लॉन्च किए गए कैम्पस टैंक के माध्यम से अब तक 1,000 से अधिक स्टार्टअप्स को 6 मिलियन अमेरिकी डॉलर की फंडिंग से जोड़ा जा चुका है। उन्होंने बताया कि गवर्नर आनंदीबेन पटेल द्वारा शुरू की गई नारी योजना टेक्नोलॉजी आधारित रिसर्च और इनोवेशन में महिलाओं के लिए नए अवसर सृजित कर रही है।

डॉ थिपेंद्र पी सिंह ने बताया कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश का एआई-एनहैंस्ड स्मार्ट कैंपस लगभग 2,500 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित किया गया है, जो क्वालिटी एजुकेशन के साथ एडवांस्ड रिसर्च को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। इस एकेडमिक इकोसिस्टम के तहत यूनिवर्सिटी ने 22 मल्टीडिसिप्लिनरी पीएचडी प्रोग्राम शुरू किए हैं, जो एग्रीकल्चर, डेटा एनालिटिक्स, क्वांटम रिसर्च और साइबर सिक्योरिटी जैसे इमर्जिंग क्षेत्रों में रिसर्च को नई गति देंगे। उन्होंने कहा कि एक्सपीरिएंशल और इंडस्ट्री-बेस्ड एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। एप्पल विज़न प्रो लैब, एआई-एमएल रिसर्च सेंटर और माइक्रोसॉफ्ट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं छात्रों और रिसर्च स्कॉलर्स को लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस प्रदान कर रही हैं। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के अनुरूप एडवांस्ड क्रेडिट सिस्टम और स्किल-बेस्ड प्रोग्राम भी लागू किए गए हैं, ताकि छात्र करियर की शुरुआत से ही ग्लोबल लेवल पर कॉम्पिटिटिव बन सकें।

इंटरनेशनल एमओयू और ग्लोबल इंडस्ट्री कोलेबोरेशनः डॉ सिंह ने बताया कि स्टूडेंट एक्सचेंज, जॉइंट रिसर्च और ग्लोबल इंटर्नशिप को बढ़ावा देने के लिए





यूनिवर्सिटी ने कई प्रमुख विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू साइन किए हैं। साथ ही गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और आईबीएम समेत 23 ग्लोबल कंपनियों के साथ कोलैबोरेशन के जरिए एकेडमिक प्रोग्राम्स को इंडस्ट्री की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप डिजाइन किया गया है, जिससे स्टूडेंट्स की एम्प्लॉयबिलिटी में स्पष्ट सुधार देखने को मिल रहा है। 2026-27 में 68 एआई-एनहैंस्ड एकेडमिक प्रोग्रामः उन्होंने जानकारी दी कि एकेडमिकसेशन 2026-27 के लिए यूनिवर्सिटी ने कुल 68 एआई-एनहैंस्ड और इंडस्ट्री-अलाइनड प्रोग्राम लॉन्च किए हैं, जिनमें 40 अंडरग्रेजुएट, 16 पोस्टग्रेजुएट और 12 लेटरल एंट्री प्रोग्राम शामिल हैं। इनका उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि छात्रों को फ्यूचर-रेडी स्किल्स, प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस और ग्लोबल करियर अपॉर्चुनिटीज के लिए तैयार करना है।

पहले ही वर्ष में नेशनल लेवल पर मजबूत पहचानः यूनिवर्सिटी की तेज़ प्रगति का जिक्र करते हुए डॉ सिंह ने कहा कि पहला वर्ष उपलब्धियों और राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती पहचान का रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उद्घाटन के बाद चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश ने देश की पहली प्राइवेट एआई-बेस्ड मल्टीडिसिप्लिनरी यूनिवर्सिटी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। माइक्रोसॉफ्ट एआई बूटकैंप, 60 से अधिक फ्री हाई-डिमांड एडवांस्ड क्रेडिट प्रोग्राम्स और 100 से ज्यादा कंपनियों वाला कॉरपोरेट एडवाइजरी बोर्ड यूनिवर्सिटी के इनोवेशन और प्लेसमेंट इकोसिस्टम को लगातार मजबूत कर रहा है। करोड़ों रुपये की स्कॉलरशिप, जिनमें सी. वी. रमन स्कॉलरशिप भी शामिल है, मेधावी छात्रों को प्रेरित कर रही हैं, जबकि नए पीएचडी प्रोग्राम राज्य में रिसर्च कल्चर को नई दिशा दे रहे हैं।

एआई कन्वर्जेंस समिट और नेशनल इनिशिएटिव्सः डॉ सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से हाल ही में आयोजित एआई कन्वर्जेंस समिट 2026 सेंट्रल गवर्नमेंट के अपकमिंग इंडिया एआई इम्पैक्ट ग्लोबल समिट 2026 (16-20 फरवरी, नई दिल्ली) का ऑफिशियल प्री-इवेंट रहा। इसमें पांच देशों के एआई व टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स, पॉलिसी मेकर्स, ग्लोबल इंडस्ट्री लीडर्स, रिसर्चर्स, स्टार्टअप्स और इन्वेस्टर्स ने हिस्सा लिया। 'क्वांटम फॉर भारत' मिशन और एआई हेल्थकेयर हैकाथॉनः समिट के दौरान यूनिवर्सिटी ने 'क्वांटम फॉर भारत' मिशन लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य भारत को एआई और क्वांटम टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर बनाना है। इसके साथ ही भारत का पहला एआई हेल्थकेयर हैकाथॉन भी आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से 1,500 टीमें और 5,000 से अधिक युवा प्रतिभागी 100 से ज्यादा हेल्थकेयर प्रॉब्लम स्टेटमेंट्स पर एआई-आधारित समाधान विकसित कर रहे हैं। सीयूसीईटी 2026 पोर्टल लॉन्च, एडमिशन प्रक्रिया शुरूः इस अवसर पर डॉ थिपेंद्र पी सिंह ने सीयूसीईटी 2026 पोर्टल लॉन्च करते हुए बताया कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में प्रवेश कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से किया जाता है। इच्छुक अभ्यर्थी https://cucet.cuchd.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 18002701411 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सीयूसीईटी का उद्देश्य फाइनेंशियल बैरियर्स कम करना, एकेडमिक आकांक्षाओं को सपोर्ट करना और प्रदेश के युवाओं के लिए एआई-बेस्ड शिक्षा व रोजगार के नए अवसर तैयार करना है।

### लाठी डंडा व सरिया से पीट कर युवक की हत्या, मामला दर्ज, सात आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

नैनी, प्रयागराज। नैनी कोतवाली क्षेत्र के मड़ौका गांव में गुरुवार की देर रात शादी समारोह के दौरान लघुशंका करने को लेकर हुए विवाद के दौरान कुछ लोगों ने एक युवक की लाठी- डंडा व सरिया से पीट-पीटकर हत्या कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना में मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सात आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार नैनी कोतवाली क्षेत्र के मड़ौका गांव स्थित एक गेस्ट हाउस में बृहस्पतिवार की रात बारात आई थी। बताते हैं, कि शादी समारोह के दौरान गेस्ट हाउस के समीप लघु शंका करने को लेकर राजेश कुमार निषाद उर्फ नेता (42) वर्षीय पुत्र स्वर्गीय राम सुमेर निषाद की कुछ लोगों से कहा- सुनी हो गई। बात अधिक बढ़ने पर उन लोगों ने लाठी- डंडा व सरिया से पीट पीट कर राजेश कुमार निषाद की निर्दयता पूर्वक हत्या कर दी। शोर गुल



सुनकर परिवारीजन एवं काफी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए। आनन- फाइन में इलाज के लिए उसे अस्पताल ले गए। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके मरने की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। घटना में मृतक के भाई शेखर निषाद की तहरीर पर पुलिस ने मड़ौका निवासी सुनील कुमार कनौजिया, फूलचंद, अंकित कनौजिया, चंदन कनौजिया, बबलू, जितेंद्र, रतन, नीरज, मिथुन, राहुल, राजेश, बंटी समेत कुल 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस घटना से दोनों पक्षों के बीच जबरदस्त तनाव की स्थिति बनी है।

### देह व्यापारः स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़, दिल्ली में 9 महिलाएं रेस्क्यू

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लाजपत नगर पुलिस स्टेशन की एक टीम ने साउथ-ईस्ट दिल्ली के लाजपत नगर इलाके में एक स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे प्रॉस्टिट्यूशन रैकेट का भंडाफोड़ किया है। टीम ने मौके से दो मैनेजरों को गिरफ्तार किया है और नौ महिलाओं को बचाया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिश डी. सेनापति उर्फ राहुल और विपिन वशिष्ठ उर्फ रवि के रूप में हुई है। डिप्टी कमिश्नर डॉ. हेमंत तिवारी के मुताबिक, गुरुवार को लाजपत नगर-1 की एक बिल्डिंग में ग्राउंड फ्लोर पर वेगास स्पा और फर्स्ट फ्लोर पर वेदिका वेलनेस स्पा में प्रॉस्टिट्यूशन चलने की सूचना मिली थी। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापा मारा और ग्राउंड फ्लोर पर मैनेजर के साथ पांच महिलाएं मिलीं। रिसेप्शन काउंटर पर एक दराज से कई आपत्तिजनक चीजें बरामद हुईं। बाद में फर्स्ट फ्लोर पर एक



अन्य मैनेजर के साथ चार महिलाएं मिलीं। पुलिस ने दोनों मैनेजरों को गिरफ्तार कर नौ महिलाओं को प्रॉस्टिट्यूशन से बचाया। पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने खुलासा किया कि वे स्पा सेंटर की आड़ में प्रॉस्टिट्यूशन रैकेट चला रहे थे और पैसे के बदले कस्टमर अरेंज करते थे। उन्होंने आगे बताया कि वे कस्टमर्स से पेमेंट लेते थे, कमीशन रखते थे और बाकी रकम महिलाओं में बांट देते थे। जांच में पता चला कि दोनों में से किसी का भी पहले कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं था। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।